


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 09 अक्टूबर 2024 ■ आश्विन शुक्ल पक्ष-7 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-192 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 10 अक्टूबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### माजदा की टक्कर से बाइक सवार घायल

**जांजगीर-चाम्पा,9 अक्टूबर।** जांजगीर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में बाइक सवार व्यक्ति को माजदा वाहन ने टक्कर मार दी है. हादसे से बाइक सवार व्यक्ति को चोट आई है और उसे अस्पताल ले जाया गया है. पुलिस ने माजदा वाहन चालक के खिलाफ BNS की धारा 125(1) और 281 के तहत जुर्म दर्ज किया है और जांच में जुटी हुई है. पुलिस के मुताबिक, शिवधन राठौर ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि वह मुकुंद गांव से जांजगीर आ रहा था. इसी दौरान जांजगीर पहुंचा हुआ था कि पीछे की तरफ से माजदा वाहन क्रमांक सीजी 11 बीएन 4237 का चालक वाहन को तेजगति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी है. हादसे से बाइक सवार शिवधन राठौर को चोट आई है और उसे अस्पताल ले जाया गया है. पुलिस ने टक्कर मारने वाले माजदा वाहन चालक के जुर्म दर्ज किया है और जांच में जुटी हुई है.

### मालिक ने नई कार के ब्रेक की जगह दबा दिया एक्सीलेटर 5 बाइक क्षतिग्रस्त

**जांजगीर-चाम्पा,9 अक्टूबर।** जांजगीर की सत्या एजेंसी में पूजा के बाद बाहर निकालते वक्त नई कार बेकाबू हो गई. कार चला रहे मालिक ने ब्रेक की जगह एक्सीलेटर दबा दिया. इससे सामने खड़ी 4-5 बाइक क्षतिग्रस्त हो गई, वहीं सामने खड़े लोग बाल-बाल बचे और आगे जाकर सड़क पर उतर गई. कार चला रहा मालिक भी बाल-बाल बचा है. घटना CCTV कैमरे में कैद हुई है. इस तरह बड़ी घटना टल गई है. जानकारी के मुताबिक, चाम्पा के व्यक्ति ने जांजगीर की सत्या एजेंसी से नई कार खरीदी थी. पूजा के बाद जब एजेंसी से कार निकाली जा रही थी, तभी कार बेकाबू हो गई और सामने खड़ी 4-5 बाइक को कार ने क्षतिग्रस्त कर दिया. फिर आगे जाकर सड़क पर कार उतर गई. एजेंसी के बाहर कुछ लोग खड़े थे, जो बाल-बाल बचे हैं.

### साहेब मेरा मुर्गा हो गया चोरी, बेटे की शादी के लिए मांग रखी थी मन्नत,

**अंबिकापुर,9 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में पिता ने अपने बेटे की शादी की मन्नत मांगकर जो मुर्गा ऱखा था वह चोरी हो गया है। उसने पड़ोसी पंचायत सचिव पर चोरी का आरोप लगाया है। जब रघुनाथपुर चौकी पुलिस ने उसकी रिपोर्ट नहीं लिखी, तो पिता एसपी दफ्तर पहुंच गया। आपको बता दे कि लमगांव निवासी फहीमुद्दीन मंगलवार को पंचायत सचिव ताज अहमद अंसारी पर मुर्गा चोरी का शक जताते हुए एसपी से शिकायत की है। उसने बताया कि, उनके कच्चे मकान का खपड़ा निकालकर 27-28 सितंबर की रात मुर्गा चोरी किया गया है। शिकायतकर्ता फहीमुद्दीन ने बताया कि, उन्होंने मुर्गा चोरी की लिखित शिकायत रघुनाथपुर पुलिस चौकी में दी थी। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, तो वे शिकायत लेकर एसपी कार्यालय पहुंचे हैं।फहीमउद्दीन और ताज मोहम्मद के बीच ज़मीन विवाद भी है। फहीमुद्दीन का आरोप है कि, उनकी पैतृक ज़मीन पर ताज मोहम्मद ने रिकॉर्ड में हेराफेरी कर अपने नाम चढ़ा लिया है। ज़मीन का यह मामला रेवेन्यू कोर्ट में चल रहा है।

### छत्तीसगढ़ में महिला समूह से लाखों की धोखाधड़ी

**कोरबा,9 अक्टूबर।** जिले में फ्लोरा मैक्स कंपनी का नया कारनामा सामने आया है, जहां पति-पत्नी ने पैसे निवेश करने के नाम पर महिला समूह को लाखों का चूना लगाया है. बैंक से लोन लेकर दंपती फरार हो गया है. महिलाओं ने कलेक्टर और एसपी से मामले की शिकायत कर पति-पत्नी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है. यह मामला नवापारा रोगदा गांव का है. जानकारी के मुताबिक, फ्लोरा मैक्स कंपनी में पैसे निवेश करने का झांसा देकर नवापारा रोगदा गांव के निवासी एक दंपत्ती ने गांव के ही सैकड़ों लोगों को लाखों का चूना लगाया है.

## ईडी का दावा, महादेव एप पर सट्टेबाजी के चलते बॉलीवुड में बनती रहीं फिल्में

### कई कलाकार जांच के दायरे में

**रायपुर,9 अक्टूबर।** प्रवर्तन निदेशालय ने महादेव ऑनलाइन बेटिंग एप (बुक) के मामले में एक अर्से बाद नया राजफाश किया है। ईडी ने एप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और बॉलीवुड कलाकारों के बीच के संबंधों की जानकारी मुंबई कोर्ट में दायर अभियोजन शिकायत में की है। इसमें ईडी ने कहा है कि सट्टेबाजी से हुई करोड़ों की कमाई का बड़ा हिस्सा फिल्म प्रोडेक्शन में लगाया गया। यह पैसा मुंबई स्थित कुरैशी प्रोडेक्शन कंपनी के जरिए निवेश किया गया है। जांच में यह भी उजागर हुआ है कि फर्म के डायरेक्टर वसीम कुरैशी के दुबई स्थित इवेंट मैनेजमेंट फर्म मुस्कान एंटरटेनमेंट भी संचालित करता है। इसी फर्म ने फरवरी 2023 में यूएई के रास अल खैमाह में हुई सौरभ चंद्राकर की शादी में बॉलीवुड कलाकारों की स्टार नाइट शो की व्यवस्था की थी। अदालत में दायर अभियोजन शिकायत (पीसी) के अनुसार वसीम कुरैशी और सौरभ चंद्राकर के भाई गीतेश चंद्राकर ने कई




फिल्मे बनाने की बात स्वीकार किया है। इसके आधार पर ईडी ने वसीम कुरैशी उनकी फिल्मों में काम करने वाले बॉलीवुड कलाकार से पूछताछ के संकेत दिए है।

ईडी की जांच में साफ हुआ है कि वसीम कुरैशी और उनके सीईओ करण रमानी के साथ मुस्कान के लाभार्थी हैं। कुरैशी,सौरभ चंद्राकर के भाई गीतेश चंद्राकर से जुड़े हैं और साथ में कई फिल्मों का निर्माण किया था। इनमें साल 2022 की फिल्म देहाती डिस्को का नाम शामिल है।मुंबई के ओशिवारा स्थित कुरैशी प्रोडक्शन अक्षय कुमार अभिनीत मराठी ऐतिहासिक फिल्म वेदत मराठे वीर दौड़ले सात  के निर्माण में भी शामिल रहा है,जिसका निर्देशन महेश मांजरेकर ने किया था। गीतेश चंद्राकर वर्तमान में फेयरप्ले और रेड्डी अन्ना बेटिंग पैनल में संचालन की कमान संभाल रहे हैं।ईडी ने अपने पीसी में बताया है कि मुस्कान इंटरटेंटमेंट ने सौरभ चंद्राकर की दुबई में हुई शादी में मशहूर हस्तियों की उपस्थिति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसके लिए कलाकारों को करोड़ों रुपये की भारी अग्रिम राशि का भुगतान किया गया था। साथ ही फर्म ने रसद, वीजा हासिल करने, निजी उड़ानों को किराए पर लेने और सितारों के लिए शानदार आवास की व्यवस्था भी कराई थी।इस शादी में बाल टाइगर श्राफ, नेहा कक्कड़ और सनी लियोन जैसी मशहूर हस्तियो समेत नुसरत भरूचा, उलकीत सम्राट, कृष्णा अभिषेक, अली असगर, विशाल ददलानी, आतिफ़ असलम, राहत फ़तेह अली ख़ान, एली अवराम, भाग्यश्री, कीर्ति खरबंदा, भारती सिंह और सुनील ग्रोवर जैसी हस्तियों ने भी महादेव एप का समर्थन कर शादी के कार्यक्रम में शामिल हुए थे।

## आतंकवादियों ने किया सेना के दो जवानों का अपहरण

**श्रीनगर,9 अक्टूबर।** जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों ने एक बार फिर कायराना हरकत की है। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में आतंकियों ने भारतीय सेना के दो जवानों को अपहरण कर लिया। हालांकि एक जवान चकमा देकर भागने में कामयाब रहा। वहीं एक जवान अभी भी आतंकियों के कब्जे में है। आतंकियों ने जिस जवान का अपहरण किया वह टेरिटोरियल आर्मी से थे। फिलहाल सुरक्षाबल इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। इससे पहले अगस्त 2020 में आतंकियों ने कश्मीर में टेरिटोरियल आर्मी के जवान शाकिर मंजूर वागे का अपहरण कर लिया था, जिसके पांच दिन बाद परिवार को घर के पास उनके कपड़े मिले थे। वह दक्षिण कश्मीर के शोपियां के हरमैन में अपने घर के पास से लापता हो गए थे। बता दें कि जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले में बीते कई दिनों से आतंकी गतिविधि देखी जा चुकी है, जिस पर सुरक्षाबलों ने एक्शन भी लिया है। अगस्त में अनंतनाग जिले के बिजबेहरा क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने आतंकियों के तीन सहयोगियों को गिरफ्तार किया था। ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों ने गिरफ्तार सहयोगियों के कब्जे से एक पिस्तौल, एक मैगजीन, 29 गोलियां और दो हैंड ग्रेनेड बरामद किए थे। इधर जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के गुगलधार में लाइन ऑफ कंट्रोल पर सुरक्षाबलों ने घुसपैठ करने की कोशिश नाकाम कर दी थी। इस दौरान यहां पर सेना और पुलिस ने दो आतंकियों को मार गिराया था। भारतीय सेना ने बताया था कि 4 अक्टूबर 2024 को सेना और पुलिस को एक संदिग्ध एक्टिविटी देखने को मिला, जिसके बाद जॉइंट आपरेशन शुरू किया गया। इस दौरान कुछ आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी थी। इस मुठभएड़ में दो आतंकी मारे गए थे। सुरक्षाबलों ने आतंकियों के पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया



## सुरक्षाबल की सक्रियता से दहशत नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**जगदलपुर,9 अक्टूबर।** नारायणपुर-दंतेवाड़ा सीमा पर हुए मुठभेड़ से नक्सली सकते में हैं. इसका परिणाम है कि वर्ष 2013 में झीरम घाटी हमले को अंजाम देने वाले दरभा डिवीजन के चार नक्सलियों ने



आत्मसमर्पण किया है, इनमें से एक माओवादी पांडु पर एक लाख रुपए का इनाम था. आत्मसमर्पण करने वाले सभी माओवादी दरभा डिवीजन के कांगेर नेशनल पार्क एरिया कमेटी के सदस्य हैं. आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में एक महिला माओवादी भी शामिल है. बस्तर पुलिस अधीक्षक सलभ सिन्हा ने इन्हें आत्मसमर्पण योजना के तहत लाभ और प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की है. दरभा डिवीजन 2005 से 2015 तक नक्सली गतिविधियों का मुख्य केंद्र था, लेकिन 2016 के बाद से इसमें गिरावट आई है. वरिष्ठ नक्सली नेताओं के मारे जाने और आत्मसमर्पण के कारण क्षेत्र के अधिकांश नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है, जिससे नक्सली गतिविधियों में कमी आई है.

## मानव तस्करी व धोखाधड़ी मामले में मुंबई से तीन बंदी

**भिलाई,9 अक्टूबर।** दुर्ग रेंज स्तरीय सायबर थाना एवं दुर्ग पुलिस को अंतर्राष्ट्रीय मानव तस्करी एवं धोखाधडी के तीन आरोपियों को मुंबई से गिरफ्तार करने में सफलता मिली है आरोपियों द्वारा भिलाई निवासी एक युवक को कम्प्यूटर आपरेटर के पद पर विदेश में नौकरी दिलाने का दो लाख रुपए लेकर लोआस भेजा था। वहां पर युवक को सायबर फ्राड अर्थात स्कैम करने की ट्रेनिंग दी जा रही थी। काम गलत लगने पर युवक ने करने से इंकार कर दिया। इसके बाद किसी तरह वह भिलाई लौट आया और पुलिस को आपबीती सुनाकर रिपोर्ट दर्ज कराया पुलिस कंट्रोल रूम में आज इस मामले पर दुर्ग सीएसपी चिराग जैन ने पत्रकार वार्ता लिया। उन्होंने बताया कि मानव तस्करी व धोखाधड़ी मामले में दुर्ग पुलिस की टीम ने मुंबई जाकर साजन शेख पिता शहजादा शेख ( 36 वर्ष ) पता लक्ष्मी नगर लिंक रोड गुरुदास टावर 10 मंजिल कमरा नं. 1015 गोरेगांव पश्चिम, मुंबई एवं रफी खान उर्फ रफीक खान ( 42 वर्ष ) पता कुर्ला कुरैशी नगर वर्मा सेल रेलवे लाईन उमरवाडा रूम नं. 19 मुम्बई सहित एक मुंबई निवासी महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों से तीन नग मोबाइल फोन एवं व्यक्तियों को विदेश भेजने संबंधी दस्तावेज जब्त किया गया है। आरोपियों द्वारा प्रार्थी को लाओस में स्थित गोल्डन ट्राइंगल में गोल्डन लिंक सर्विस ट्रेड कंपनी में कम्प्यूटर आपरेटर की नौकरी लगाने के नाम पर 2 लाख रूपये की ठगी की गई। भिलाई निवासी प्रार्थी ने सायबर रेंज थाना दुर्ग आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि लाओस में कम्प्युटर आपरेंटर के पद पर अधिक सैलरी में काम कराने का विज्ञापन दिखाकर 2 लाख प्राप्त कर धोखाधड़ी किया गया है। रिपोर्ट पर रेंज सायबर थाना



दुर्ग में धारा 318 (4), 3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में प्रार्थी से पुछताछ पर यह तथ्य भी सामने आया कि उसे लाओस में कम्प्यूटर आपरेटर के पद पर नौकरी लगवाने के नाम पर आरोपियों के द्वारा जहां भेजा गया था वहां पर जाने के बाद प्रार्थी को स्कैम करने कि ट्रेनिंग 2 दिन तक दिया गया। प्रार्थी द्वारा स्कैम करने से मना करने पर इनके एजेंट एडी अली और जैक के द्वारा एक कमरे में अपने साथ रखे थे। उसका भुगतान भी नहीं करना बताये जाने से प्रकरण में मानव तस्करी से संबंधित धारा 143 (2) बीएनएस जोड़ी गई है। अपराध की प्रकृति को गंभीरता से लेते हुए तत्काल वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराकर डीएसपी श्रीमती शिल्पा साहू के नेतृत्व में विवेचना में लिया गया दुर्ग रेंज आईजी राम गोपाल गर्ग के मार्गदर्शन में दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला के निर्देशन में नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग चिराग जैन व एसडीओपी बालोद देवांश सिंह राठौर, श्रीमती शिल्पा साहू डीएसपी के नेतृत्व में आरोपी साजन शेख, रफीक उर्फ रफी एवं महिला आरोपी की पतासाजी हेतु सायबर थाना दुर्ग रेंज के द्वारा आरोपियों के संबध में तकनीकी साध्य, बैंक डिटेल एकत्र कर आरोपी का लोकेशन गोरेगांव मुम्बई एवं आसपास के क्षेत्र का होना पाया गया सीएसपी ने बताया कि आरोपी के पतासाजी हेतु देवांश सिंह राठौर एसडीओपी बालोद के नेतृत्व में उप निरीक्षक नवीन राजपूत के साथ सायबर थाना दुर्ग रेंज से 5 सदस्यीय विशेष टीम बना कर मुम्बई रवाना किया गया टीम द्वारा गोरेगांव मुम्बई जाकर आरोपियों के मोबाईल नंबर के लोकेशन एवं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियो की पहचान करने टीम द्वारा कैम्प किया गया तथा आरोपी द्वारा गिरफ्तारी से बचने के लिए एवं अपनी पहचान छुपाने के लिए मुम्बई में अलग अलग लोकेशन बदल कर रह रहे थे।

## मोदी ने कांग्रेस पर हिंदुओं को बांटने का लगाया आरोप

**नई दिल्ली ,9 अक्टूबर।** पीएम नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से महाराष्ट्र में 7600 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि आज महाराष्ट्र को 10 मेडिकल कॉलेज की सौगात मिल रही है। नागपुर एयरपोर्ट के आधुनिकीकरण और विस्तार का काम, शिरडी एयरपोर्ट के लिए एक टर्मिनल बिल्डिंग का निर्माण, आज इंफ्रास्ट्रक्टर से जुड़े इन दो अहम प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास भी हुआ है। मैं इन सभी विकास कार्यों के लिए महाराष्ट्र के लोगों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। उन्होंने दावा किया कि महाराष्ट्र के इतिहास में इतनी तेज गति से, इतने बड़े स्केल पर अलग-अलग क्षेत्रों में कभी भी विकास नहीं हुआ। मोदी ने कहा कि कुछ दिन पहले ही हमने मराठी भाषा को अभिजात भाषा का दर्जा दिया। जब एक भाषा को उसका गौरव मिलता है, तब सिर्फ शब्द नहीं बल्कि पूरी पीढ़ी को नए बोल मिलते हैं। करोड़ों मराठी मानुष का दशकों पुराना सपना पूरा हुआ। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के लोगों ने जगह-जगह इसकी खुशी मनाई। आज महाराष्ट्र के गांव-गांव से मुझे खुशी के संदेश भी भेज रहे हैं। महाराष्ट्र के लोग अपने संदेशों में मराठी को अभिजात भाषा का दर्जा देने के लिए मुझे धन्यवाद दे रहे हैं। लेकिन मैं बताना चाहता हूं कि ये काम मैंने नहीं, आप सबके आशीर्वाद ने किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अभी कल ही हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के चुनाव परिणाम आए हैं। हरियाणा ने बता दिया है कि देश का मिजाज क्या है। दो बार कार्यकाल पूरा करने के बाद लगातार तीसरी बार चुनकर आना ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का पूरा इकोसिस्टम, अर्बन नक्सल का पूरा गिरोह जनता को गुमराह करने में जुटा था। लेकिन कांग्रेस की सारी साज़िशें ध्वस्त हो गई। इन्होंने दलितों के बीच झूठ फैलाने की कोशिश की। लेकिन दलित समाज ने इनके खतरनाक इरादों को भांप लिया। दलितों को एहसास हो गया कि कांग्रेस उनका आरक्षण छीनकर अपने वोटबैंक को बांटना चाहती है।



उन्होंने कहा कि कांग्रेस मुसलमानों के मन में भय का माहौल पैदा कर रही है। कांग्रेस लोगों का डर पालती है। कांग्रेस अपने वोट बैंक की खातिर देश का सांप्रदायिकरण कर रही है। मोदी ने कहा कि आज हरियाणा के दलित वर्ग ने बीजेपी को रिकॉर्ड समर्थन दिया है। हरियाणा के ओबीसी बीजेपी के विकास कार्यों को देखकर उसके साथ है। कांग्रेस ने किसानों को भड़काया। लेकिन किसानों को पता है कि उन्हें फसलों पर MSP किसने दी। हरियाणा के किसान बीजेपी की किसान कल्याण योजनाओं से खुश हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने युवाओं को टारगेट किया और अलग अलग तरीके से उन्हें भड़काने की कोशिश की। लेकिन हरियाणा के नौजवान, हमारी बहनें-बेटियां अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए भाजपा पर ही भरोसा कर रहे हैं। मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस, हमेशा बांटो और सत्ता पाओ के फॉर्मूले पर चली है। कांग्रेस ने बार-बार ये सिद्ध किया है कि वो एक गैर-जिम्मेदार दल है। वो अभी भी देश को बांटने के लिए नए-नए नरैटिव गढ़ रही है। कांग्रेस समाज को बांटने का फार्मूला लाती रहती है। कांग्रेस का फार्मूला साफ है कि मुसलमानों को डराते रहो, उनको भय दिखाओ, उनको वोटबैंक में कन्वर्ट करो और वोटबैंक को मजबूत करों। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस की नीति है, हिंदुओं की एक जाति को दूसरी जाति से लड़ाओ। कांग्रेस जानती है कि जितना हिंदू बंटेगा, उतना ही उसका फायदा होगा।

## बीजेपी ने राहुल गांधी को भिजवाई 1 किलो जलेबी

**चंडीगढ़,9 अक्टूबर।** हरियाणा विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान चर्चा का केंद्र बनी भारत की राष्ट्रीय मिठाई 'जलेबी' चुनाव परिणाम आने के बाद भी केंद्र बिंदू में बनी हुई है। हरियाणा में जलेबी पर राजनीति करने वाले राहुल गांधी पर बीजेपी अब खूब मजे ले रही है। हरियाणा में रिकॉर्ड लगातार तीसरी बार सत्ता में आने पर भाजपा ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को लिए एक किलो जलेबी भेजवाई है। ये जलेबी बीकानेरवाला से उनके दिल्ली स्थित आवास पर ऑनलाइन डिलीवर कराई गई हैं। भाजपा ने इसकी रसीद भी सोशल मीडिया एक्स पर शेयर की है। बीजेपी हरियाणा की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर बताया गया है कि पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं की ओर से राहुल गांधी के लिए उनके घर पर बीकानेरवाला की एक किलो जलेबी भिजवा दी गई हैं। राहुल गांधी पर तंज कसते हुए हरियाणा भाजपा ने कहा कि उन्होंने राहुल गांधी के घर जलेबी का एक डिब्बा भेजने का ऑनलाइन ऑर्डर किया है। एक फूड एग्रीगेटर ऐप के स्नैपशॉट से यह पता चला कि दिल्ली के कनॉट प्लेस की एक प्रसिद्ध दुकान से 24, अकबर रोड पर एक किलो जलेबी का ऑर्डर दिया गया था। हरियाणा भाजपा ने एक्स पर एक पोस्ट करते हुए कहा, ÷हरियाणा के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से राहुल गांधी के घर जलेबी भेजी गई है। बता दें कि राहुल गांधी ने गोहाना में एक रैली में कहा था कि मैंने गाड़ी में जलेबी चखी और अपनी बहन प्रियंका को मैसेज भेजा कि आज मैंने जिंदगी की सबसे अच्छी जलेबी खाई है। मैं तुम्हारे लिए भी जलेबी का एक डिब्बा ला रहा हूं।

### 'मल्लिकार्जुन खरगे पता दें,जलेबी पहुंचवा दूंगा : गिरिराज

नई दिल्ली,9 अक्टूबर। केंद्रीय मंत्री और बिहार के बेगूसराय से सांसद गिरिराज सिंह ने कांग्रेस पर तंज कसा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए उन्होंने सीधे तौर पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को घेरा और कहा कि फैक्ट्री वाली जलेबी वह राहुल गांधी के लिए लाए हैं। कांग्रेस चीफ मल्लिकार्जुन खरगे कांग्रेस सांसद (राहुल गांधी के संदर्भ में) का पता बता दें। एक्स पोस्ट में गिरिराज सिंह ने यह पूछा, जलेबी कहां भिजवाऊं?

## शराब व गांजा बिक्री से परेशान महिलाएं पहुंची थाना

**नवापारा,9 अक्टूबर।** महिलाओं ने शराब ,व गांजा बिक्री से परेशान होकर डभरा थाना, व तहसील ऑफिस पहुंच कर, आवेदन दिया है। मामला सक्ती जिले के, डभरा ब्लॉक का है। जहां नवापारा ड ग्राम में खुलेआम शराब एवम गांजा की बिक्री का आरोप लगाते हुए ,कार्रवाई नहीं करने पर अक्रोशित महिलाओं ने, थाना प्रभारी, एवम तहसीलदार से मिलकर, समस्या बताई है। ग्राम के महिला संघठन के अनुसार, ग्राम में कुछ किराना दुकान मे, खुलेआम महुआ शराब बिक्री कर रहें हैं। वहीं शराब को सायकल व मोटर सायकल में घूम - घूम कर , ग्राम के लोगों तक महुआ शराब पहुंचा रहें है। खुलेआम सुगमता से महुआ शराब तथा गांजा मिलने के कारण इसका असर ग्राम के छोटे उम्र के बच्चों पर दिख रहा है। जिस तरह से जिले के पुलिस अधिक्षक द्वारा नशे के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है उसका असर डभरा थाना क्षेत्र मे नही दिख रहा है। क्योकि सभी थानो मे, शराब पकडे की खबर प्रसारित होती है। परन्तु डभरा थाने की खबर देखने को नही मिलती है।

## बंदी की मौत को हाई कोर्ट ने माना सरकारी कर्मचारियों की लापरवाही

### शासन को दिया मुआवजा देने का आदेश

**बिलासपुर,9 अक्टूबर।** जेल में बंदी की मौत के लिए राज्य के कर्मचारियों को जिम्मेदार मानते हुए हाई कोर्ट ने शासन को एक लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश दिया है. कोर्ट ने कहा कि आदेश का पालन नहीं होने पर उक्त राशि पर 9त्न ब्याज देना होगा. मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस बीडी गुरू की डिवीजन बेंच में हुई. जानकारी के मुताबिक, सीपत पुलिस ने 18 जनवरी को ग्राम मोहरा निवासी 35 वर्षीय श्रवण सूर्यवंशी उर्फ सरवन तामरे को कच्ची शराब रखने के आरोप में गिरफ्तार किया था. मेडिकल कराने के बाद उसे 18 जनवरी को बिलासपुर केन्द्रीय जेल भेज दिया गया. 21 जनवरी को स्वास्थ्य खराब होने पर जेल से उसे सिम्स में भर्ती कराया गया, जहां 22 जनवरी की सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. पुलिस ने मर्ग कायम कर उसी दिन शाम को पोस्टमार्टम कराया, जिसमें सिर में चोट व सदमे से उसकी मौत होने की बात कही गई. मृतक श्रवण की बेवा लहार बाई व नाबालिग बच्चों ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर मुआवजा की मांग की. मामले की न्यायिक जांच कराई गई, इसमें न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने जांच प्रतिवेदन में सिर के चोट लगने के कारण मौत होने की रिपोर्ट दी. मामले में सभी पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता मृतक की विधवा पत्नी और बेटियाँ हैं. राज्य के कर्मचारियों की लापरवाही से मौत हुई है. गलत तरीके से हुए नुकसान के लिए बंदी के परिजन मुआवजे के हकदार हैं. कोर्ट ने बार-बार इस तरह के आचरण की निंदा करते हुए कहा कि पुलिस/जेल अधिकारी इसका हिस्सा है. राज्य एक निवारक प्रभाव डाले, ताकि उसके अधिकारी ऐसा न करें. ऐसे कृत्यों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित नहीं किया जाए. इसके साथ ही श्रवण सूर्यवंशी की असामयिक मृत्यु पर कोर्ट ने शासन को याचिकाकर्ताओं को एक लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश दिया.

### छुई खदान धंसने से दो 2 ग्रामीणों की मौत

**सरगुजा,9 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में एक छुई मिट्टी की खदान धंसने से 2 ग्रामीणों की मौत हो गई। दोनों मिट्टी निकालने के लिए खदान में उतरे थे, तभी अचानक धंस गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शव को बाहर निकाला। मिली जानकारी के अनुसार ये पूरा मामला कुन्नी चौकी के जमदरा बिजोरा नाला के पास है। यहां छुई मिट्टी का एक खदान है। दोनों ग्रामीण त्योहारी सीजन के मद्देनजर छुई निकालने के लिए खदान में उतरे थे। सुबह 6 बजे के आसपास अचानक मलबा धंस गया। हादसे में दोनों की मौके पर मौत हो गई। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी।

## जेपरा गांव में एक परिवार का हुक्का पानी बंद

**कांकेर,9 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में चारामा ब्लाक के एक गांव में एक परिवार का हुक्का- पानी बन्द कर दिया गया है। गांव में एक परिवार के 12 लोग रहते हैं, उनके घर जाने और बात करने पर जुर्माने का फरमान जारी किया गया है। पीड़ित परिवार ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है।

बता दे कि जेपरा गांव के सिन्हा परिवार की गांव में एक पैतृक संपत्ति है। उस जमीन पर परिवार ने घर का निर्माण करवाया है। वहीं गांव के प्रमुखों को कहना है कि, यह जमीन गांव के गुड़ी निर्माण के लिए है। इस बात पर गांव के प्रमुखों ने सिन्हा परिवार पर गांव की जमीन को हड़पने का आरोप लगाकर उनका हुक्का- पानी बंद करवा दिया है। गांव में मुनादी करवाकर सिन्हा परिवार का हुक्का-पानी बंद करने का फरमान जारी किया गया है।

पिछले 12 दिन से सिन्हा परिवार से गांव में किसी के द्वारा बातचीत नहीं की जा रही है। वहीं उनकी आय का साधन उनके दुकान है, जहां भी किसी को भी जाने से मना किया गया है। सिन्हा परिवार से बात करते हुए पाए जाने पर 15 हजार रुपया जुर्माना तय किया गया है, वहीं यदि कोई उनसे बात करता है तो उसकी सूचना देने वाले को 5 हजार रुपए इनाम घोषित किया गया है।

### ट्रैक्टर पलटने से एक की मौत

**अभनपुर,9 अक्टूबर।** भरेंगाभाटा चौक के पास आज एक दर्दनाक हादसा हुआ, जब एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रैक्टर में सवार चार लोग मजदूरी के लिए जा रहे थे। इस हादसे में भरेंगा निवासी लक्ष्मी धीवर की मौके पर ही मौत हो गई, जब वह ट्रैक्टर के नीचे दब गईं। पुलिस के अनुसार, यह घटना अभनपुर थाना क्षेत्र की है, और बाकी तीन लोग इस हादसे में बाल-बाल बचे। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है, और मृतिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।



## भालू ने पी लिया ज्योति कक्ष में जल रहे 60 दीपों का तेल

**कांकेर,9 अक्टूबर।** अरौद में दुर्गा मंदिर के ज्योति कक्ष के खपरैल को तोड़कर ज्योति कक्ष में घुसे दो भालुओं ने नवरात्रि में प्रज्ज्वलित 60 दीपों का तेल पी लिया। इसके बाद उन्होंने कक्ष को तहस-नहस कर दिया। भालुओं के इस उत्पात से सभी ज्योति कलश बुझ गए। अरौद में दुर्गा मंदिर के बाजू में ज्योति कक्ष में नवरात्रि में इस बार 60 ज्योति प्रज्ज्वलित किए गए थे। ग्राम के पुजारी ईश्वर पटेल ने बताया कि 7 अक्टूबर की मध्य रात्रि ज्योति कक्ष के ऊपर खपरैल वाले मकान पर दो भालुओं ने खपरैल, बांस, लकडी पर चढ़कर उसे तोड़कर जोत कक्ष में प्रवेश किया। ज्योति कलश को बुझाकर उसके तेल को पी गए। भालुओं की आवाज सुनकर पड़ोसी घासी पटेल ने पुजारी ईश्वर पटेल को जगाया। उन्होंने बताया कि उनके पहुंचने तक भालू उत्पात मचा रहे थे। पड़ोसी और पुजारी ने जैसे-तैसे भालुओं को भगाया, परंतु कुछ देर बाद फिर से भालू ज्योति कक्ष में पहुंचकर बचे दीपों को तोड़कर तहस-नहस कर दिया। भालुओं के उत्पात की खबर गांव में आग की तरह फैल गई। घटना को देखने के लिए सुबह से गांव के लोगों की भीड़ जुट गई थी। पुजारी ईश्वर पटेल ने बताया कि भालुओं के उत्पात की जानकारी वन विभाग को दी गई है। वन रक्षक मौके पर पहुंचकर नुकसान की जानकारी लेकर उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाया।

# स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा ले युवा वर्ग शहरों को बेहतर बनाने आगे आए : हृदय मोहन



**भिलाई, 9 अक्टूबर।** द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) की भिलाई शाखा द्वारा विश्व आवास दिवस के अवसर पर रविवार 6 अक्टूबर को समूह परिचर्चा का आयोजन किया गया। चर्चा का विषय था, नगरीय क्षेत्रों की समस्याएं और चुनौतियां। विषय विशेषज्ञ के रूप में श्रीमती श्रद्धा त्रिवेदी, उपसचिव वित्त विभाग, विनीत नायर, संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन, सत्यप्रकाश तिवारी, नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर, सतीश ठाकुर, उप पुलिस अधीक्षक यातायात दुर्ग भिलाई, के प्रवीण, महाप्रबंधक, पर्यावरण प्रबंधन, भिलाई इस्पात संयंत्र, चैतन्य वेंकटेश्वर, महाप्रबंधक सेट सेल, डा विवेक अग्निहोत्री, सहायक प्राध्यापक, एन आई टी, रायपुर, डा हर्षिता राजा, चिकित्सा अधिकारी सिम्हांस उपस्थित थे। सत्र की अध्यक्षता हृदय मोहन, पूर्व अधिशासी निदेशक सेल ने की। विषय विशेषज्ञ के रूप में श्रीमती श्रद्धा त्रिवेदी ने बताया की नगरीय निकायों का विकास शासन की प्राथमिकता में है। उन्होंने युवा वर्ग को केंद्र एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं में स्टार्टअप के तहत शहरी विकास के क्षेत्र में कार्य करने हेतु अनुरोध किया। विनीत नायर ने क्षेत्रीय योजना एवं मास्टर प्लान एवं भविष्य के शहरों में उनकी उपयोगिता की चर्चा की। सत्यप्रकाश तिवारी ने शहरों में नशे और सामाजिक मूल्यों के हास की वजह से बढ़ रहे अपराधों पर चिंता व्यक्त की। सतीश ठाकुर ने रायपुर और भिलाई शहर के यातायात नियंत्रण पर अपने अनुभव और विचार साझा किया। के प्रवीण ने नगरीय भूमिगत जल में आने वाली कमी के बारे में चिंता जाहिर की। चैतन्य वेंकटेश्वर ने अपने विचारों में वेस्ट वाटर के पुनरुपयोग और भविष्य की जल जरूरतों को पूरा करने में वेस्ट वाटर की भूमिका पर जोर दिया। डॉ विवेक अग्निहोत्री ने संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित सस्टेनेबल विकास मानक के शहरी क्षेत्र में प्रभाव और उसे लागू करने पर चर्चा की। डॉ हर्षिता राजा ने बढ़ते शहरीकरण से उत्पन्न बीमारियों जैसे तनाव, शुगर, फैटी लीवर, मानसिक बीमारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी । परिचर्चा सत्र की अध्यक्षता कर रहे हृदय मोहन ने स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेकर युवा वर्ग को शहरों को भविष्य में बेहतर बनाने हेतु कार्य करने का आवाहन किया। स्वागत भाषण संस्था के अध्यक्ष पुनीत चौबे ने दिया और धन्यवाद ज्ञापन बसंत साहू, मानसेवी सचिव ने दिया।

एक नजर

## खुद को तांत्रिक बताकर शारीरिक शोषण और ठगी करने वाला गिरफ्तार



**कवर्धा, 9 अक्टूबर।** पुलिस ने, खुद को तांत्रिक बताकर एक महिला से ठगी और शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को त्वरित कार्रवाई करते हुए मध्य प्रदेश के नैनपुर, जिला मंडला से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने महिला को उसके पति की जेल से रिहाई का झांसा देकर करीब 6 महीने तक मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया और करीब 3 लाख रुपए की ठगी भी की। घटना का खुलासा तब हुआ जब दिनांक 07 अक्टूबर 2024 को एक पीड़िता ने थाना कोतवाली आकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता ने बताया कि 6 माह पूर्व उसकी जान-पहचान आरोपी से हुई थी। आरोपी ने खुद को तांत्रिक बताते हुए महिला को उसके पति, जो कि पिछले ढाई साल से बिलासपुर जेल में बंद है, की रिहाई का झूठा भरोसा दिलाया। आरोपी ने तंत्र-मंत्र के नाम पर पहले पीड़िता से 3 लाख रुपए ठगे, फिर बाद में शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डालने लगा। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने उसे कहा कि अगर वह शारीरिक संबंध बनाएगी तो उसके पति की रिहाई जल्द होगी। इसके बाद आरोपी ने 13 जुलाई 2024 की रात को पीड़िता के घर आकर जबरन संबंध बनाए। यह सिलसिला कई बार चला, लेकिन जब कोई रिहाई नहीं हुई, तब पीड़िता को ठगी और शोषण का एहसास हुआ। शिकायत दर्ज होते ही, कवर्धा पुलिस ने एफआईआर क्रमांक 626/2024 के तहत आरोपी पर धारा 65(2)(जे), 64(2)(एम), 318(4) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल जिला एएसपी पंकज पटेल और उप पुलिस अधीक्षक (अजाक/क्राईम) प्रतीक चतुर्वेदी ने तत्काल आरोपी को पकड़ने के निर्देश दिए। एक विशेष टीम गठित कर आरोपी की तलाश में पुलिस ने तेजी से कार्रवाई की और 12 घंटे के भीतर आरोपी को नैनपुर, जिला मंडला से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

## युवक की हत्या,कई हिरासत में

**भिलाई,9 अक्टूबर।** भिलाई दुर्ग सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में बीती रात युवक की ईंट पत्थर से बुरी तरह मार कर हत्या कर दी गई। आधा दर्जन से ज्यादा लोगों ने मिलकर इस घटना को अंजाम दिया आधा रात को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने खून से लथपथ युवक को अस्पताल पहुंचाया लेकिन उससे पहले ही उसने दम तोड़ दिया घटना के बाद पुलिस ने इस मामले में तीन नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है वहीं कुछ अन्य संदेहियों को भी हिरासत में लिया है फिलहाल पूछताछ जारी है एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि रात लगभग 12:30 बजे पुलिस को सूचना मिली कि चंडी मंदिर के पास कुछ लोग मारपीट कर रहे हैं एक युवक गंभीर रूप से घायल है सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया जहां उसकी मौत हो गई मृतक की पहचान राजीव नगर निवासी 34 वर्षीय दादू देसमाने के रूप में हुई है युवक सेंटरिंग का काम करता था इस मामले में पुलिस ने आधीरात को विवेचना शुरू कर कुछ संदेहियों को हिरासत में लिया है संदेहियों में तीन नामजद हैं और अन्य संदेहियां से पूछताछ जारी है। मृतक दादू देसमाने की पत्नी ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों से एक के भाई की कुछ माह पहले मौत हो गई थी। इस मामले में आरोपी मृतक को ही कारण मान रहा था। इसके कारण ही इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया। एएसपी झा ने बताया कि मृतक पर पूर्व में हत्या सहित कई मामले में थाना कोतवाली में दर्ज है। मृतक आदतन आपराधी किस्म का था फिलहाल इस मामले में संदेहियों से पूछताछ की जा रही है जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा





## जिला पंचायत चुनाव की चर्चा होटलों में जोरों से हो रही

**कवर्धा, 9 अक्टूबर।** मां महामाया मंदिर और भोजली तालाब के आसपास होटलों में चाय पीते पीते चर्चा जिला पंचायत सात और जिला पंचायत दस को लेकर ज्यादा हो रही है । पूर्व जिला पंचायत जग्गू साहू , प्रताप चंद्रवंशी , राम प्रसाद चंद्रवंशी , नीलकंठ साहू ने कहा की पार्टी जो जिम्मेदारी देगी उसे निभायेगे । महंगाई , सुरक्षा , पीएम आवास की सौगात मुख्य मुद्दा चर्चा में है ।

## सेवानिवृत्त प्राचार्य आर.पी.अग्रवाल का बैठक में किया गया सम्मान

**भिलाई, 9 अक्टूबर।** सेवानिवृत्त प्राचार्य एवं समन्वयक डॉ आर.पी.अग्रवाल का सम्मान समारोह व समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में श्रीमती अंजलि अग्रवाल व डॉ भूपेंद्र कुलदीप कुलसचिव हेमचंद यादव वि वि दुर्ग मुख्य रूप से उपस्थित थे। निशा साहू कार्यक्रम अधिकारी द्वारा राम स्तुति व स्वरचित उनके जीवन पर आधारित कविता का पाठ किया गया। जैनेन्द्र कुमार दीवान समन्वय व जिला संगठक दुर्ग, डॉ लीना? साहू जिला संगठक बालोद, डॉ के.एस.परिहार जिला संगठक बेमेतरा, कवर्धा द्वारा स्वागत किया गया। कुलसचिव ने अग्रवाल के जीवन व सेवा क्षेत्र में किये गये कार्यों का उल्लेख करते हुए उनकी प्रबंधन व्यवस्था की सराहना की व परिवार के सुखद जीवन के लिए मंगलमय कामना की। विभिन्न जिलों से आये हुए कार्यक्रम अधिकारी डॉ यशेश्वरी ध्रुव उमेश पाठक, डॉ एस आर कन्नौजे, डिगेन्द्र साहू, डॉ शिल्पा कुलकर्णी, डॉ संजय सप्तऋषि, डॉ के एस परिहार ने अग्रवाल के साथ किये गये कार्यों का अपने उद्बोधन में ज़िक्र किया।, डॉ आर पी अग्रवाल ने अपने 40 वर्षो की सेवा सफलता की बहुत सारी यादें कार्यक्रम अधिकारियों से साझा किया। कार्यक्रम का संचालन संजय शुक्ला व निशा साहू द्वारा किया गया। इस अवसर पर अतिथियों एवं कार्यक्रम अधिकारियों के लिए विभिन्न खेल का आयोजन किया गया जिसका संयोजन संयुक्त पाड़ी ने किया वृन्दावन हाल में डॉ सुरेश ठाकुर, डॉ चांदनी मरकाम, डॉ पुष्पा मिंज, प्रियांशी गजभिए, भुनेश्वर साहू, सुनील साहू, कोमल सिंह कुल्हारे, उमेश वैद्य आदि सभी कार्यक्रम अधिकारियों एवं जिला संगठको का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संपूर्ण समायोजन डॉ लीना साहू की टीम डॉ सुरेश ठाकुर डॉ चांदनी मरकाम संजय शुक्ला ने किया।

## प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान होगा 13 को

**भिलाई, 9 अक्टूबर।** इकरा टीचर्स एसोसिएशन भिलाई की ओर से 10वीं और 12वीं के इम्तिहान में कामयाबी हासिल करने वाले बच्चों की हौसला अफजाई के लिए कार्यक्रम का आयोजन 13 अक्टूबर बरोज इतवार सुबह 10 बजे से मुस्लिम कम्युनिटी हॉल, जामा मस्जिद सड़क नं. 1, सेक्टर-6 में रखा गया है



## नवरात्रि पर अंकुश ने मां दुर्गा की बनाई दुनिया की सबसे छोटी मूर्ति

**भिलाई, 9 अक्टूबर।** नगर के प्रसिद्ध मूर्तिकार डा. अंकुश देवांगन ने नवरात्रि पर मां दुर्गा की दुनिया में सबसे छोटी मूर्ति बनाई है। 24 हाथों वाली शेर पर सवार महिषासुर मर्दिनी की यह नयनाभिराम प्रतिमा मात्र एक सेंटीमीटर छोटी है जिसे उंगली के नाखून पर रखकर फोटो लिया गया है। संगमरमर पत्थर को तराश कर बनाए गए इस सूक्ष्मतम कलाकृति में कलाकार ने दो राक्षस, एक भैंस, एक शेर तथा माता के हाथो में विभिन्न अस्त्र-शस्त्रों को बड़े ही करीने से तराशा है। सूक्ष्म मूर्ति बनाने के लिए मूर्तिकार अंकुश को पहले ही लिम्का बुक ऑफ द रिकॉर्ड का अवार्ड प्राप्त है।





## घर में है हेलमेट, कल से जरूर पहनेंगे, लोगों ने पूछने पर कहा

**कवर्धा, 9 अक्टूबर।** सुबह सुबह तरुण छत्तीसगढ़ ने कवर्धा शहर का जायजा लिया की आखिर कम लोग हेलमेट क्यों पहन रहे है और पेट्रोल पम्प और सिग्नल चौक के पास कई युवा बिना हेलमेट के गाड़ी चलाते हुए दिखे और तरुण छत्तीसगढ़ ने सवाल किया की घर में हेलमेट है तो सभी ने कहा की हेलमेट घर में है जरूर कल हेलमेट पहनेंगे । जनप्रतिनिधि और विभाग को भी अच्छे से ध्यान देने की आवश्यकता है जिससे हेलमेट पहनकर अपने और अपने परिवार की सुरक्षा पर ध्यान दे । गुरुकुल स्कूल के भगत सिंह हेलमेट पहने हुए दिखे ऐसे स्टाफ को सम्मान मिलना चाहिए ।

## पंचायत परिवार स्थापित त्रिगुणाम्बा माँ की प्रतिमा की पूजा,आरती में शामिल हुए श्रद्धालु



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 9 अक्टूबर।** नवरात्र की षष्ठी स्वरूपा मां कात्यायनी की तिथि में पंचायत परिवार द्वारा विराजित त्रिगुणाम्बा माँ महाकाली महालक्ष्मी महासरस्वती स्वरूपिणी मां दुर्गा की आज प्रातः पूजन का सौभाग्य मिला आचार्य श्रीसुमित भारद्वाज जी ने भगवती के स्वरूप का वर्णन करते हुए बताया-की माँ के अगणित स्वरूपों में यह त्रिगुणात्मिका भगवती का स्वरूप सर्वोच्च माना गया है, जहां सरस्वती सृजन का लक्ष्मी जीवन का व मां काली विनाश की प्रतिमूर्ति हैं और इनके दर्शन से पूजन से भक्त सभी संकटों से मुक्त हो जाता है । अविनाश गुप्ता और नम्रता गुप्ता ने बताया की मां दुर्गा के प्रति आस्था है और बिना बोले सब कुछ मां दुर्गा समझ जाती है । श्रद्धालु प्रताप चंद्रवंशी ने बताया की मनोकामना पूर्ण होती है और 28 सालो से माता की मूर्ति विराजित कर रहे है । पूजा पाठ में सुधीर केसरवानी का विशेष सहयोग रहता है ।

## प्रोपेन प्लांट में आपदा प्रबंधन के लिए मॉक ड्रिल आयोजित



**भिलाई, 9 अक्टूबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के बेहद खतरनाक श्रेणी में आने वाले प्रोपेन प्लांट में आपदा प्रबंधन को मजबूती प्रदान करने हेतु मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। 7 अक्टूबर को सुबह 10.30 बजे अचानक इलेक्ट्रिक शॉक लगने के कारण विभाग के तीन कर्मचारी नंदीकेष्वर, मनोहर तथा धर्मेन्द्र बुरी तरह आहत हो गए। विभाग द्वारा तुरंत उस कर्मियों का रेस्क्यू किया गया, मेन मेडिकल पोस्ट में एम्बुलेंस के लिए एवं फायर ब्रिगेड विभाग में अग्निशमन वाहन हेतु सूचित किया गया। साथ ही साथ दुर्घटना की सूचना प्लांट कंट्रोल, सुरक्षा अभियांत्रिकी, सिविल डिफेंस, पर्यावरण विभाग, कार्य प्रबंधक, सीआईएसएफ कंट्रोल, मुख्य महाप्रबंधक, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी, कार्यपालक निदेशक तथा निदेशक प्रभारी कार्यालय में दी गई। दुर्घटना स्थल पर अग्निशमन वाहन 5 मिनट एवं एम्बुलेंस 4 मिनट में ही पहुँच गई। आहत व्यक्तियों को उपचार हेतु मेन मेडिकल पोस्ट भेज दिया गया तथा स्थिति पर काबू पा लिया गया। मुख्य महाप्रबंधक ए के जोशी के निर्देशानुसार प्रोपेन प्लांट के महाप्रबंधक आरपी अहिरवार ने 10 मिनट में स्थिति को सामान्य कर विभाग का कार्य पुनः सामान्य रूप से प्रारंभ कर दिया।



कवर्धा। खरौदाकला गांव में मां दुर्गा की मूर्ति विराजित



भिलाई, 9 अक्टूबर। कैंप-1 गुरुद्वारा के समीप पंडाल में विराजित माँ दुर्गा की प्रतिमा लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है ।

## सीवरेज सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए नगर निगम खरीदेगा जेटिंग मशीन



**भिलाई, 9 अक्टूबर।** महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अनुपस्थिति में वरिष्ठ एमआईसी सदस्य लक्ष्मीपति राजू के अध्यक्षता में आहुत की गई। परिषद के समक्ष 06 प्रस्ताव विचारार्थ रखे गये। जिसमें प्रमुख रूप से निगम क्षेत्र में मटेरियल रिकवरी सेंटर निर्माण का कार्य किया जायेगा। जो ब्लाक वेस्ट जनरेटर यानि बल्क में जो कचरा एकत्रित होगा, उसको मशीन के माध्यम से सेग्रिगेट किया जाएगा। सेग्रीगेशन के पश्चात आवश्यकतानुसार कचरे का रीसाइक्लिंग खाद बनाने का कार्य एवं अन्य कार्य आसानी से किये जा सकेगें। निगम क्षेत्र में सीवरेज सफाई के लिए ट्रक माउंटेड सक्शन कम जेटिंग मशीन लागत राशि 104.70 लाख शासन द्वारा निर्धारित क्रय पद्धति के अनुसार क्रय किये जायेगे। जिससे सीवरेज की सफाई में और गति आ जायेगा। एस.एल.आर.एम. सेंटर में कचरे के पृथक्करण तथा गीले कचरे से खाद तैयार किये जाने के संबंध में निगम क्षेत्र में स्थित 09 एस.एल.आर.एम. सेंटर में पंजीकृत महिला स्व-सहायता समूह के स्वच्छता दीदियों के माध्यम से कराये जाने हेतु प्रस्ताव पारित किया गया। वार्ड 04 नेहरू नगर मिनी माता उद्यान के पास सामुदायिक भवन का स्थल परिवर्तन कर व्यावसायिक परिसर नेहरू नगर के पास सामुदायिक भवन निर्माण के संबंध में आए प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। जोन-03 सीवर लाईन चैंबर निर्माण कार्य एवं सीवर, संपवेल, सीवेज पंपिंग मुख्य लाईन तथा ट्रांसफार्मर, पम्प इत्यादि निर्माण कार्य हेतु आए प्रस्ताव को निगोशिएशन आमंत्रित करने की अनुशंसा की गई। महापौर परिषद की बैठक में संदीप निरंकारी, सीजू एन्थोनी, साकेत चंद्राकर, एकांश बंछोर, आदित्य सिंह, केशव चैबे, चन्द्रशेखर गवई, मालती ठाकुर, लालचंद वर्मा, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, निगम सचिव नरेन्द्र कुमार बंजारे, जोन आयुक्त सतीश यादव, अभियंता अखिलेश चंद्राकर, अरविंद शर्मा, रवि सिन्हा, विनीता वर्मा, अर्पित बंजारे, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, सहायक अधीक्षक राजेश पालवे आदि उपस्थित रहे।



कवर्धा। नैला और बिलासपुर में मां दुर्गा की प्रतिमा विराजित



कवर्धा। पीएचई आफिस में दिखी बेहतर स्वच्छता

# ग्राम चाबुकनाला में बेहतर संचालन से हर घर में नल से मिल रहा शुद्ध पेयजल

### लीला, गीता एवं क्रांति ने घर में नल लग जाने पर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 9 अक्टूबर।** जल जीवन मिशन योजना के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा छुरिया विकासखंड के ग्राम पंचायत घोरतलाव के आश्रित ग्राम चाबुकनाला में डिस्ट्रीब्यूशन 1000 मीटर पाईप लाइन का विस्तार कर हर घर में नल लगाया गया है। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता मिशन श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में हर घर नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल पहुंचाने का कार्य बेहतर रूप में क्रियान्वन करते हुए ग्राम चाबुकनाला के ग्रामीणों के 48 परिवारों में सोलर के माध्यम 24 घंटे शुद्ध पेयजल पहुंचाया जा रहा है। सरपंच श्रीमती लीलाबाई कोठारी ने बताया कि पहले उनके ग्राम में पानी की काफी समस्या थी। कई बार अन्य ग्रामों से टैंकर के माध्यम से पानी मंगाया जाता था। अब जल जीवन मिशन के तहत उनके ग्राम में पाईप लाइन बिछाकर हर घर में नल कनेक्शन दिया गया है। घर-घर में नल कनेक्शन से शुद्ध पेयजल प्रदाय किया जा रहा है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा एक सतत अभियान चलाकर शासन की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। ग्राम में आज नल से जल के बेहतर उपयोग और बहने वाले पानी के सदुपयोग, सोखता गड्ढा निर्माण सहित जल संरक्षण के लिए समय समय पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। जिससे गांव में जल संरक्षण और जल के बेहतर उपयोग करने के प्रति जागरूकता आयी है। गांव के वार्ड नंबर 9 एवं 10 की निवासी श्रीमती क्रांति बाई कंवर एवं श्रीमती गीता बाई ने बताया कि पहले हैंडपंप के माध्यम से अपने घरों के लिए पानी लाती थीं। हैंडपंप के सामने लम्बी लाइन लगानी पड़ती थी। काफी मशक्कत के बाद पानी मिलता था, लेकिन अब जल जीवन मिशन योजना से घर में नल लगने के बाद पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पेयजल मिल रहा है। जिसका उपयोग पेयजल सहित निस्तारी के लिए करते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का जल जीवन मिशन योजना से घर में नल लगवाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## एक नजर

### महिला महाविद्यालय का एबीस डायरेक्टर अंजुम के साथ एमओयू

**राजनांदगांव 9 अक्टूबर।** आज आई.बी. ग्रुप के आर.के. नगर स्थित एबीस कंपनी के सिटीकार्यालय में शास. कमला देवी महिला कॉलेज के पिंसीपल आलोक मिश्राा , बी.के. सोनबर सायकोलॉजी विभाग के एच.ओ.डी. कु. नीलम राम केमेस्ट्री विभाग के एच.ओ.डी. के साथ एबीसकंपनी के डायरेक्टर अंजुम अल्वी के मध्य 2 वर्ष के लिये एमओयू हुआ। इस अवसर पर डॉ. रूबीनाअल्वी, पूर्व प्रोफेसर रसायन शास्त्र, शास. कमल देवी महाविद्यालय भी उपस्थित थी। इस एमओयू महाविद्यालय की छात्रायें एबीस कंपनी की विभिन्न परियोजनाओं, संयुक्त रूप से विभिन्न सेमीनार एवं कॉन्फ्रेस का आयोजन,आधुनिक लैब, सयंत्र, पोल्ट्री, डेयरी आदि का समय-समय पर अवलोकन एवं अध्ययन कर सकेगी, साथ ही भविष्य में निकलने वाले रोजगार अवसर का भी लाभ उठा पायेगी।

### लखोली शक्ति केन्द्र के बूथ अध्यक्ष ने सदस्यता बुक व फार्म जमा किया



**राजनांदगांव 9 अक्टूबर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे संगठन पर्व सदस्यता अभियान के परिपालन में लखोली शक्ति केन्द्र के बुथ क्रमांक 62 के अध्यक्ष संतोष साहू बाबा ने पार्टी द्वारा निर्धारित लक्ष्य को पुर्ण करके जिला संगठन के पदाधिकारियों को फार्म व बुक को सौंपा । इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, अभियान के जिला संयोजक सावन वर्मा, कोमल सिंह राजपूत , मंडल अध्यक्ष तरुण लहरवानी, रवि सिन्हा,शिव वर्मा, शक्ति केन्द्र संयोजक अशोकादित्य श्रीवास्तव,गोलु गुप्ता,मनोज बैद, रघुवीर सिंह वाधवा एवं देवशरण सेन सहित जिला भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण मौजूद थे । अभियान के शक्ति केन्द्र प्रभारी संतोष निर्मलकर ने बताया कि लखोली के सभी सातों बुथ में व्यापक स्तर सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है और यह अभियान पुर्णता की ओर है ।

### अंवरी की महामाया मंदिर में 179 मनोकामना ज्योत प्रज्वलित

**भखारा 9 अक्टूबर।** ग्राम - अंवरी में नवरात्री पर्व धूमधान से मनाया जा रहा है भक्तगण माता के भक्ति में लीन है। भक्तो द्वारा यहां स्थित माँ महामाया के मंदिर में आस्था के 179 मनोकामना ज्योत प्रज्जवलित किये है। माता की सेवा नेहरू विश्वकर्मा,फलेन्द



नागरची,भुवन,रुप राम,शत्रुहन, तामेश्वर यादव एवं भक्तों द्वारा किया जा रहा है।

### सदस्यता महाअभियान की समीक्षा भाजपा मंडल की बैठक में की गई



**कसडोल 9 अक्टूबर।** भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व के तहत सदस्यता महाअभियान की समीक्षा हेतु श्रीमती श्याम बाई साहू (प्रदेश मंत्री भाजपा छ.ग.) के द्वारा भाजपा मंडल टुण्ड्रा का समीक्षा बैठक हनुमान मंदिर परिसर गिधौरी में सम्पन्न हुआ। बैठक में सदस्यता महाअभियान के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा कर 15 अक्टूबर तक अपने मंडल के लक्ष्य को पूरा करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। 15 अक्टूबर तक ऑनलाईन तत्पश्चात सदस्यता पर्ची (ऑफलाईन) सदस्यता प्रारम्भ की जाएगी। आज की बैठक में श्रीमती श्याम बाई साहू प्रदेश मंत्री भाजपा, रामप्रसाद साहू जिला मंत्री, संतराम पटेल महामंत्री, दुर्गेश साहू महामंत्री, नोखराम पटेल उपाध्यक्ष, साधराम प्रजापति अध्यक्ष किसान मोर्चा, घासी मनहर अध्यक्ष अ.जा.मोर्चा, राजकुमार गोंड अध्यक्ष अ.ज.जाति मोर्चा, शिव साहू, लालबहादुर साहू, प्रह्लाद साहू, गोपी साहू, गोपीचंद यादव, नारायण साहू, शिवकुमार साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### युवा उद्यमियों को स्टार्ट अप के बारे में बताया

**रायपुर, 9 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों पर आधारित नवीन स्टार्टअप स्थापित करने हेतु इच्छुक उद्यमियों एवं नवाचारी युवाओं को सफल स्टार्टअप के गुर सिखाने के लिए छत्तीसगढ़ बायोटेक प्रमोशन सोसायटी एवं सुभाष चन्द्र बोस इन्क्यूबेशन सेन्टर, रायपुर द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का आज यहां समापन हुआ। इस कार्यशाला में देश के विख्यात स्टार्टअप विशेषज्ञों ने नवाचारी स्टार्टअप स्थापित करने की रणनीति, संभावनाओं, शासकीय नीतियों, स्टार्टअप स्थापित करने हेतु उपलब्ध सुविधाओं एवं अनुदान तथा स्टार्टअप स्थापित करने में आने वाली कठिनाईयों एवं चुनौतियों के बारे में प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया।

## निधन

### घनश्याम साहू



**राजनंदगांव ।** लखोली वार्ड क्रमांक 36 गौठान चौक निवासी घनश्याम साहू ( 75 वर्ष ) का आज 08अक्टूबर दिन मंगलवार समय सुबह 2ः00 बजे निधन हो गया है। उनका अंतिम यात्रा आज उनके निज निवास स्थान लखोली गौठान चौक से 12ः00 बजे निकाली गई। उनका अंतिम संस्कार लखोली नाका स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे धर्मपत्नी, एक पुत्र व तीन पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़कर स्वर्ग सिधार गए। ज्ञात हो कि वे युवराज साहू पंचायत सचिव के पिताजी थे।

## सहकारी बैंक की शाखा के लिए किसानों ने घेरा कुमरदा तहसील कार्यालय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छूरिया 9 अक्टूबर।** खुज्जी विधानसभा के कुमरदा तहसील मुख्यालय में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा की स्थापना प्रमुख मांग सहित अन्य चार मांगों को लेकर दर्जनों किसानों ने प्रदर्शन किया। दर्जनों गांवों के प्रभावित किसानों ने तहसील कार्यालय का घेराव कर राज्यपाल के नाम मांगपत्र तहसीलदार को सौंपा है। किसान नेताओं ने एक स्वर में कहा कि, हमारी मांगों को लेकर ये शुरुआती चरण का आंदोलन है। अगर, इस पर अमल नहीं होता है तो यह अभियान और भी जोर-शोर से चलेगा। किसान संघ की कुमरदा तहसील इकाई के बैनर तले कुमरदा में मंगलवार को किसान अधिकार यात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ों किसान शामिल हुए। महिलाएं भी इस प्रदर्शन का हिस्सा बनीं। विगत माह एक बैठक में किसानों ने तहसील मुख्यालय में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा की स्थापना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना की शेष किस्त, अघोषित बिजली कटौती बंद करने, ग्राम चिरचारीकला को पूर्ण सोसायटी का दर्जा और हसदेव में पेड़ों की कटाई रोकने की मांगों पर अभियान छेड़ने की रणनीति बनाई थी। इसके तहत ही मंगलवार को तहसील मुख्यालय में किसान एकता के नारे के साथ मांगों को लेकर आंदोलन छेड़ दिया गया।

किसान नेता चंदू साहू ने कहा कि, क्षेत्र के दर्जनों गांव समस्या ग्रस्त हैं। सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा यहां न होने से किसानों को डोंगरगांव तक दौड़ लगानी पड़ती है। वहां हमेशा ही लंबी कतार होती हैजिसके चलते एक दिन में किसानों का कार्य नहीं हो पाता। उन्हें बार - बार फेरा लगाना पड़ता है। इस परेशानी को पहले भी सामने रखा गया लेकिन अब तक इस पर कोई नतीजा नहीं आया है। इसके अलावा बिजली की अघोषित कटौती, पूर्ववर्ती सरकार की राजीव गांधी किसान न्याय योजना की आखिरी किस्त का भुगतान भी अब तक लंबित है। किसानों को इससे लाखों का फायदा मिलना है। ग्राम चिरचारीकला को पूर्ण सोसायटी का दर्जा भी जरुरी मांग है। वहीं हसदेव में जंगल की कटाई तो राष्ट्रीय मुद्दा है। प्रदर्शन में शामिल हुए किसानों ने कहा कि, कुमरदा में शाखा संचालित की जानी चाहिए जिससे आसपास के तकरीबन 40 गांवों के लोगों को राहत मिलेगी। हमने मिलकर इस मांग को लेकर प्रदर्शन किया है और उम्मीद करते हैं कि इस पर जल्द ही निर्णय लिया जाएगा। कुल पांच मुद्दों पर हमने आंदोलन कर ज्ञापन सौंपा है।

### चाकू दिखाकर मोबाइल लूटने वाले किए गए गिरफ्तार

**राजनांदगांव 9 अक्टूबर।** प्रार्थी थाना हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 05.08.2024 को अपनी गाडी 6 चक्का में सामान लेकर भिलाई से गुजरात जा रहे थे रास्ते में पेण्ड्री ढाबा के पास खाना खाने रूके थे, हेल्फर गाडी में लेटा था और प्रार्थी पीछे गाडी में खाना खा रहा था उसी दौरान गाडी में दो व्यक्ति ताकझाक कर रहे थे चोर-चोर चिल्लाने पर आवाज सुनकर अपनी गाडी के पास आया तो दोनो व्यक्ति ढाबा की ओर चला गया प्रार्थी भी पीछे गया और ट्रक मे क्या कर रहे हो पूछने पर दोनो व्यक्ति ढाबा से सब्जी प्याज काटने के चाकूनुमा धारदार हथियार को दोनो व्यक्ति उठाकर सिर व सीने के पास वार कर प्रार्थी का रियल मी कंपनी का मोबाईल को बलपूर्वक झपटकर छीनकर भाग गये एवं घटना में प्रयुक्त चाकूनुमा धारदार हथियार को ढाबा में ही फेककर भाग गये ढाबा वाले से पूछने पर चोट पहुचाने वाले दोनो व्यक्ति का नाम जया नेताम एवं अन्य 01 निवासी अटल आवास पेण्ड्री का रहने वाले बताये जो घटना को अंजाम देकर फरार हो गये कि रिपोर्ट पर थाना लालबाग में अपराध क्रमांक 330/2024 धारा 118(1), 304(2), 3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। कायमी की सुचना जिले के वरिष्ठ अधिकारीगण को अवगत कराया गया श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के दिशानिर्देश पर थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक नवरतन कश्यप के नेतृत्व में टीम गठित किया जाकर दौरान विवेचना घटना स्थल पेंड्री ढाबा से दो नग चाकू जप्ती किया गया।

## नौ महीने से नहीं मिला जिले के स्वास्थ्य कर्मचारियों को वेतन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला 9 अक्टूबर।** जिले के स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत समस्त जीवन दीप कर्मचारीयों को 8 से 9 माह से वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है जिसके संबंध मे आज मोहला -मानपुर -अंबागढ़ चौकी के जिला कलेक्टर व मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पुनः स्मरण पत्र दिया गया जिसमे सभी कर्मचारियों ने जल्द से जल्द वेतन भुगतान करवाने की मांग किया गया है कर्मचारियों का कहना है की अगर जल्द से जल्द वेतन भुगतान नही किया गया तो सभी कर्मचारियों के द्वारा आंदोलन किया जायेगा व चक्का जाम किया जायेगा। कर्मचारी बताते है की पिछले कई महीनों से वेतन नही दिया जा रहा है जिससे उनके स्थिति बहुत ही दयनीय हो गयी है इस सबंध मे पहले भी छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी प्रकोष्ठ संघ प्रदेश सचिव विरेंद्र कुमार साहू के द्वारा पत्र क्रमांक/2024/68/ दिनांक 26/8/2024 को इस संबंध मे कलेक्टरवव मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला मोहला -मानपुर -अंबागढ़ चौकी को पत्र प्रेषित कर भुगतान करने हेतु अनुरोध किया गया था जिसके फलस्वरूप कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला मोहला -मानपुर -अंबागढ़ चौकी छत्तीसगढ़ क्रमांक/मु चि अ/ 2024-25/2237 मोहला, दिनांक 04/09/2024 । के अनुसार समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी को भुगतान करने हेतु आदेशित किया गया था उसके बाद भी आज दिनाक तक भुगतान नही किया गया है। जिससे सभी जीवन दीप कर्मचारी आक्रोशित हो गए है आक्रोश बढ़ता जा रहा है, 3-4 हजार रुपए वेतन दिया जाता है, उसे भी समय पर नहीं दिया जाता है ।



## ग्राम घुमका में आवास मेला एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 9 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम घुमका के सतनाम भवन में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत आवास मेला एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आवास मेला में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के हितग्राहियों को चाबी, स्वीकृति पत्र, पूर्णता प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। साथ ही मॉडल आवास का प्रदर्शन एवं आवास ले-आउट के माध्यम से तकनीकी जानकारी दी गई। इस अवसर पर हितग्राहियों को गृह प्रवेश एवं भूमिपूजन भी करवाया गया। आवास मेला एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम में दानी राम साहू, जोहन वर्मा, आशाराम वर्मा को चाबी वितरण, गृह प्रवेश एवं आवास पूर्णता प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। मेघिन साहू, बसंती निषाद, राजकुमार वर्मा के नवीन स्वीकृति आवास हेतु भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम में शामिल ग्राम पंचायतों को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### सरपंच की टुम्मन लाल, जीवन लाल एवम् धर्मेंद्र साहू के खिलाफ की गई शिकायत को निरस्त कराने सैकड़ो ग्रामीण थाना पहुंचे

## भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वाले लोगों को डराने के लिए सरपंच ने कराई एफआईआर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**छुरिया 9 अक्टूबर।** ग्राम पटेल कोटवार और सैकड़ो ग्रामीणों ने 8 अक्टूबर के सुबह 10 बजे थाना में पहुंचकर श्रीमान थाना प्रभारी महोदय के नाम ज्ञापन दिया जिसमें लिखा है की 5 अक्टूबर को ग्राम पंचायत बोइरडीह में ग्राम सभा का आयोजन किया गया था ।जिसमें ग्राम सभा के सभी सदस्यों द्वारा आय व्यय का जानकारी मांगा गया किंतु सरपंच के द्वारा किसी प्रकार का संतोष प्रद जानकारी नहीं दिया गया है बल्कि थाने में जाकर तीन व्यक्ति के ऊपर रिपोर्ट दर्ज कराया गया ।ग्राम सभा का बैठक शांति पूर्ण एवं सुचारु रूप से संपन्न हुआ है सरपंच द्वारा थाने में दिए गए रिपोर्ट निराधार एवं बेबुनीयाद है ,महोदय जी से निवेदन है कि ग्राम बोइरडीही के जनहित को ध्यान में रखते हुए टुम्मन लाल, जीवनलाल एवं धर्मेंद्र साहू के ऊपर लगाए गए आरोप शिकायत निरस्त करने की कृपा करें ग्राम सभा के दौरान किसी भी प्रकार का दबाव पूर्ण प्रश्न नहीं किया गया है और न ही सरपंच के हाथ किसी के द्वारा खींचा गया है।

थाना प्रभारी संतोष कुमार भुवार्य ने सभी ग्रामीणों को थाना के अंदर बुलाकर समझाया कि अभी हम सिर्फ तीन लोग को ही नोटिस जारी किए हैं और उसे जांच पड़ताल कर यदि हम उसके खिलाफ कोई कार्रवाई किए रहते हैं तब आप इतनी संख्या में आए होते हैं तो बात अलग थी अभी तो हम सिर्फ उन्हें बयान लेने के लिए बुलाये हैं,उसका बयान लिए नहीं है आप लोग उतावला न होए हम जरूरत पड़ने पर दोनों पक्ष को एक साथ बैठा कर समझा देंगे और गांव में शांति भंग ना हो इस बात का भी आप सभी को ध्यान रखना है और सब मिलकर एक साथ रहिए दो भाग में मत बैठिए। तत् पश्चात जो तीन लोगों का नाम जद एफ आर आई किया गया था उनका बयान लिया गया तब तक ग्रामीणजन सैकड़ो की संख्या में थाना में मौजूद थे।

बताया जाता है कि सरपंच सीधी साधी महिला है उसका पति मास्टरमाइंड है ग्राम पंचायत के काम में उनका हस्तक्षेप रहता है बताया तो यह भी जाता है कि सरपंच के हस्ताक्षर को खुद कर देते हैं इसी के चलते इस ग्राम पंचायत में लाखों का हेरा फेरी हुआ है निष्पक्ष जांच होने पर लाखों की भ्रष्टाचार का खुलासा होगा इसके पहले भी इस ग्राम पंचायत भ्रष्टाचार के मामले में सुर्खियां बटोर चुका है।

## किसान कांग्रेस ने तुमडीबोड़ में किया भूपेश बघेल का आत्मीय स्वागत



**राजनांदगांव 9 अक्टूबर।** मां बमलेश्वरी के दर्शन पूजन के लिए डोंगरगढ़ जाते समय पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आज दोपहर 2ः00 ग्राम तुमडीबोड़ में किसान कांग्रेस ने आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर श्री बघेल ने पार्टी जनों से क्षेत्र का हाल-चाल पूछ इस दौरान पार्टी जनों और ग्रामीणों ने बिजली कटौती बहुत ज्यादा होने की समस्या बताई साथ ही बिजली की दर बढ़े होने से लोगों को हो रही तकलीफ की जानकारी दी। साथ ही साथ उन्होंने वहां उपस्थित लोगों को खेती किसानी को लेकर भी चर्चा की गई और लोगों का हाल-चाल भी जाना। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी मां बमलेश्वरी के दर्शन हेतु डोंगरगढ़ जाते समय किसान कांग्रेस ने स्वागत किया। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मदन लाल साहू के साथ के साथ खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव ,जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री चुम्मन साहू, केशव दास साहू, हेमंत साहू, उमेंद साहू, वासुदेव साहू (हस्दू), रूपराम साहू, जीवधन वर्मा, लक्की वर्मा, मुकेश साहू, राजू निषाद, हरिचंद साहु, निक्की निषाद, भुवाल निशाद, गिरधर साहू, पिंकी ठाकु,र जिज्ञासा ठाकुर, खिलेश्वरी वर्मा सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### नवरात्रि पर्व के विभिन्न आयोजनों में शामिल हुए जगजीत सिंह भाटिया



**छुरिया 9 अक्टूबर।** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रेंगाकठेरा, मांगाटोला,काहड़कसा, सोनसाय टोला ,खपराभाठ में नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्रामीणों द्वारा भजन,जसझांकी,सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित अनेक कार्यक्रमों में शामिल हुए । विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री जगजीत सिंह भाटिया ने कहा कि प्राचीन काल से ही गांव की सुख समृद्धि कल्याण के लिए नवदिन तक मां दुर्गा स्थापना कर आराधना करते है । हिंदुओं का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। इस अवसर मुख्यरूप से किशोर यादव जिला महामंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा,संजय कुमार सिन्हा महामंत्री मंडल भाजपा छुरिया , हुमन चंद्रवंशी,छन्नू लाल साहू,द्वारका प्रसाद, रिखू राम साहू,कामता प्रसाद,देवेंद्र सरवा,श्रीमती सतरूपा चंद्रमा सरपंच,डोंगरगांव,नारद टेंबुरकर,ईश्वर साहू,कन्हैया साहू,सूर्यप्रकाश सिंह राजपूत मौजूद रहे ।

### जम्मू में आप का खाता खुला,कार्यकर्ताओं में हर्ष

**तिल्दा-नेवरा 9 अक्टूबर।** टीवी पर जम्मू कश्मीर के डोडा में आम आदमी पार्टी का विधायक बनने की खबर सुनते ही पार्टी के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई और आपस में मोबाइल के माध्यम से एक दूसरे को बधाई देने लगे. आप के प्रमुख कार्यकर्त्ता कमल महान ने कहा कि जम्मू में मेहराज मलिक के विधायक निर्वाचित होते ही अरविंद केजरीवाल की क्रांति देश के 5वें राज्य में पहुंच गई।मेहराज गरीब परिवार से आता है उसके विजयी घोषित होने पर समर्थक नारे लगा रहे थे ÷गरीब का बच्चा,राज करेगा÷। बलौदाबाजार जिला अध्यक्ष जगन्नाथ महिलांग ने कहा स्कूल-अस्पताल की राजनीति कश्मीर तक पहुंच गयी,इसका मतलब केजरीवाल का रास्ता सही है।वरिष्ठ साथी भरतसिंह चौहान ने कहा परिवर्तन की यह लहर आने वाले समय में छत्तीसगढ़ भी पहुंचेगी।महान ने बताया कि डोडा वासियों का शुक्रिया अदा करने पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल 10अक्टूबर को जम्मू जा रहे हैं। इसके अलावा दिलीप फेकर, श्यामाचरण साहू, जसपाल जांगड़े, राजेंद्र पटवा, राधे बंजारा, भीखू साहू,गजानंद निषाद,अशोक वर्मा, भागीरथी जायसवाल, रामनारायण निषाद, सागर रात्रे,डा. चरण डहरिया आदि कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए एक दूसरे को बधाई दी।



### रामकृष्ण केयर अस्पताल की बीएमटी इकाई में पांचवां सफल बोन मैरो ट्रांसप्लांट

**रायपुर 9 अक्टूबर।** रामकृष्ण केयर अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डॉ. संदीप दवे को रामकृष्ण केयर अस्पताल की बीएमटी इकाई में पांचवां सफल बोन मैरो ट्रांसप्लांट की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। यह बोन मैरो ट्रांसप्लांट सुविधा को उच्चतम सफलता दर और किफायती लागत पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया है। बीएमटी इकाई के प्रभारी और वरिष्ठ ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. रवि जायसवाल ने बताया कि भिलाई के 59 वर्षीय सज्जन एनीमिया (कम एचबी), गुर्दे की विफलता (बढ़ी हुई क्रिएटिनिन), पीठ दर्द (रीढ़ की हड्डी में दबाव) से पीड़ित थे और जांच के बाद पता चला कि उन्हें मल्टीपल मायलोमा (रक्त कैंसर का एक प्रकार) है, जिसके लिए उन्हें 16 सप्ताह तक साप्ताहिक लक्षित दवाओं और इम्यूनोथेरेपी (डाराटुमुमैब) के संयोजन से उपचार दिया गया। बीमारी के नियंत्रण में आने के बाद बोन मैरो ट्रांसप्लांट करने का निर्णय लिया गया, क्योंकि इससे अधिकतम जीवन दर मिलती है। इस चुनौती को स्वीकार करते हुए डॉ. रवि जायसवाल (ऑन्कोलॉजिस्ट), डॉ. रूना (ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग) डॉ. विशाल कुमार (क्रिटिकल केयर और ट्रांसप्लांट आईसीयू) और अस्पताल के विभिन्न विभागों ने मिलकर काम किया। इस प्रक्रिया के लिए डॉ. जायसवाल ने बताया कि साइटोटॉक्सिक दवा के संक्रमण से पहले स्वयं के शरीर की स्टेम कोशिकाओं को संरक्षित किया जाता है और संरक्षित स्टेम कोशिकाओं को रोगियों के शरीर में फिर से संक्रमित किया जाता है। रोगी के अस्थि मज्जा में स्टेम कोशिकाओं को प्रत्यारोपित करने में लगभग 12 दिन लगते हैं। पिछले दो सप्ताह की अवधि रोगी के लिए महत्वपूर्ण थी क्योंकि वह प्रतिरक्षाविहीन अवस्था में था और संक्रमण से ग्रस्त था। चूंकि राज्य में ल्यूकेमिया, लिम्फोमा, मायलोमा के मामले लगातार बढ़ रहे हैं, इसलिए डॉ. जायसवाल और रामकृष्ण केयर अस्पताल में उनकी टीम छत्तीसगढ़ और आसपास के राज्यों के नागरिकों को विश्व स्तरीय कैंसर देखभाल प्रदान करने के लिए लगातार कड़ी मेहनत कर रही है।



संपादकीय

## लगातार तीसरी जीत यूं नहीं मिल जाती है

राजनीति में कई बार विरोधी दल व राजनीतिक विश्लेषक जो सोचते हैं वही नहीं होता है, उसके एकदम विपरीत हो जाता है तो उनको समझ में नहीं आता है कि ऐसे कैसे हो गया। ऐसा तो होना ही नहीं चाहिए। हम तो हार ही नहीं सकते थे तीसरी बार और वह राजनीतिक दल तो तीसरी बार जीत ही नहीं सकता है उससे तो जनता बहुत नाराज थी।बहुत से लोगों के लिए यही वजह है कि हरियाणा मे भाजपा की तीसरी जीत किसी चमत्कार से कम नहीं लगती है।राजनीति में चमत्कार वही कर सकता है जिसे मालूम रहता है कि हम क्यों हार सकते हैं, और हम कैसे जीत सकते हैं।राजनीति में वह दल चमत्कार नहीं कर सकता है जो इस बात की प्रतीक्षा करता रहता है कि जनता जब उस दल से नाराज होगी तो हमें ही चुनेगी। कांग्रेस हरियाणा में मानकर चल रही थी कि वहां तो जनता भाजपा सरकार से नाराज है,इसलिए यहां तो जनता अब कांग्रेस को चुनेगी। मतदान समाप्त होने पर आए एग्जिट पोल में भी तो वही बताया जा रहा था जो कांग्रेस मानकर चल रही थी।लेकिन एग्जिट पोल तो अनुमान होता है और कई बार अनुमान गलत भी हो जाता है तो इस बार सारे चैनलों का अनुमान गलत हो गया और हरियाणा में मतगणना के दौरान आए रुझानों से साफ होता चला गया कि यहां तो भाजपा की बहुमत वाली सरकार बन रही है।यहां तो भाजपा को पिछली बार से ज्यादा सीटें मिल रही हैं। ज्यादातर ऐसा होता नहीं है क्योंकि जो पार्टी सत्ता में रहती है,उसकी लोकप्रियता दस साल बाद कम हो जाती है, मान लिया जाता है कि इसकी सीटें कम होंगी और इसकी सरकार भी नही बनने वाली है।देश में पीएम मोदी के बाद कई राज्यों में ऐसा नहीं हुआ है। इसलिए कहा जाता है कि पीएम मोदी के समय कोई भी भाजपा सरकार हो राज्य में उसके पक्ष में प्रो इन्कमबेशी होती है। इसी वजह से राज्यों में भाजपा की सरकार दूसरी और तीसरी बार चुनी जाती हैं। प्रो इन्कमबेशी तब ही होती है जब सकार दस साल अच्छा काम करती है, जनहित में बड़े फैसले करती है। यही वजह है कि भाजपा को हारते हुए देखने वाले सोच ही नहीं सके कि हरियाणा में भाजपा ने जो कुछ अच्छे फैसले किए है, उसके कारण वह चुनाव जीत भी सकती है।भाजपा ने कई राज्यों सीएम बदलकर और जनहित में अच्छे फैसले कर चुनाव दूसरी व तीसरी बार जीत चुकी है. यानी उसे चुनाव जीतना दूसरे दलों से ज्यादा अच्छी तरह आता है। इस कारण भी वह चुनाव ज्यादा जीतती है। वह उन्हीं राज्यों में चुनाव नही जीत पाती है जहां उसके पास क्षेत्रीय दलों के नेताओं को टक्कर देने वाले नेता नहीं है।जम्मू कश्मीर में भी यही हुआ है कि वहां भाजपा जम्मू में ही अच्छा कर सकती कि उसने वहां अच्छा किया है लेकिन घाटी में उसके पास ऐसे नेता नहीं थे इसलिए वह वहां चुनाव भी नहीं लडा और सीटें जीती भी नहीं। फिर भी भाजपा को यह संतोष हो सकता है उसने जम्मू कश्मीर में पहले से अच्छा प्रदर्शन किया है। चुनाव में हार जीत का देश में आने वाले समय में होने वाले चुनाव पर भी असर पड़ता है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने पहले से ज्यादा यानी 99 सीटें जीत ली थीं तो उसके तेवर ही बदल गए थे,वह चाहने लगी थी कि अब विपक्ष के दलों के नेताओं को अब कांग्रेस जो कहती है, वह मान लेना चाहिए। यानी विपक्ष की राजनीति में लोकसभा चुनाव में 99 सीटें जीतने पर कांग्रेस की बारगेनिंग पावर बढ़ गई थी। वह दूसरे दलों से ज्यादा सीटें मांगने लगी थी। वह ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ने की बात करने लगी थी। अब जब वह हरियाणा में चुनाव हार गई है तो स्वाभाविक है कि अब वह महाराष्ट्र,झारखंड में होने वाले चुनाव में मजबूती से दावा नहीं कर पाएगी। राहुल गांधी जिन्हे चुनाव जिताने वाला नेता माना जा रहा था, फिर से यह माना जाने लगेगा कि राहुल गांधी में पार्टी को चुनाव जिताने की क्षमता नहीं है। वह ऐसे नेता नहीं है हर चुनाव में पार्टी को जीत दिला दें। हरियाणा में भाजपा की जीत से पीएम मोदी का कद जहां और ऊंचा हो जाएगा,वहीं राहुल गांधी के चुनाव जिताने की क्षमता पर पर सवालिया निशान लग जाएगा।हरियाणा की जनता ने जो फैसला दिया है,उससे साफ हो गया है कि वह राहुल गांधी व केजरीवाल से ज्यादा भरोसा मोदी पर करती है। जनता राहुल गांधी व केजरीवाल से बेहतर नेता मोदी को मानती है।जनता तीसरी बार उसी को जिताती है जिसे वह सबसे बेहतर नेता,सबसे बेहतर पार्टी मानती है।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस विशेष


डॉ. प्रितम भि. गेडाम

# बढ़ती सुख-सुविधाओं की लालसा ने मनुष्य का सुकून छीना



आज के आधुनिक जीवनशैली में तेजी से उभरने वाला विकार मानसिक तनाव है, जो हम हमेशा लोगों के व्यवहार से अनुभव करते है, विभिन्न परिस्थितियों में खुद में भी बहुत बार तनाव महसूस होता है। लोगों द्वारा किया गया दुर्व्यवहार, दुःख, परेशानी में इंसान को हमेशा मन में डर सताता है, चिंता होती है, नकारात्मक विचार और बुरे ख्याल मन में बैठ जाते है। घटित बुरी घटनाओं की यादें हमें हरदम झंझोड़ देती है। दिन भर में दस अच्छी और एक बुरी खबर में अच्छी खबर को नजरअंदाज कर हमें केवल वह एक बुरी घटना ही परेशान करती है। जबकि उस एक बुरी खबर का हमारे जीवन में कोई विशेष अस्तित्व भी नहीं होता। लेकिन मनुष्य बेमतलब की बात को तूल देकर खुद के मन और तन को विकार देता है। अपने मन पर खुद का नियंत्रण न होना ही समस्या की मूल जड़ है। तनाव बढ़ाने से या खुद के टेंशन लेने के समस्याओं का कभी हल नहीं निकलता है। तनाव खत्म होगा हमारे सकारात्मक विचार और सफल प्रयास से। सभी प्राणियों में मनुष्य को सबसे बुद्धिमान माना जाता है, मनुष्य ने विज्ञान के क्षेत्र में बहुत तरक्की कर ली है, आज के आधुनिक वातावरण में जहां देखने को तो खूब सुख-सुविधाएं दिखाई पड़ती है, परंतु इस आधुनिकता में मनुष्य ने अपना सुख-चैन, स्वाभाविकता, भोलापन, मासूमियत खो दिया, सुकून महसूस नहीं होता। भौतिक सुख को ही हमनें सब कुछ मान लिया है, और यहाँ तक कि हम इंसानियत को भी भूलकर पैसों के पीछे पागल हो गए। मानव से मानवता और इंसान से इंसानियत शब्द बना है, इसी शब्द की सार्थकता अनुरूप हर मनुष्य का आचरण होना चाहिए, परंतु मनुष्य बहुत नीचे गिर गया है। बहुत बार लोगों का स्वार्थ देखकर ऐसा लगता है कि इनसे बेहतर तो पशु-पक्षी है, जो खुद के फायदे के लिए दुसरो को तबाह नहीं करते है। आज की युवापीढ़ी तो रात को जागती है और दिन में आराम फरमाती है, घर में कम और बाहर ज्यादा खाते है, लोगों की नसीहत भी गाली लगती है, नीतिनियम, रोक टोक को पाबंदी मानते हैं। सोशल मीडिया और ऑनलाइन गेम ने तो हमें लत लगा दी है। जिम्मेदारियों के बोझ का अहसास जिन्हे होता है वहीं मेहनत को अपना कर्म बना लेते है तब उम्र भी मायने नहीं रखती है।

अपराध, भ्रष्टाचार, पद और सत्ता का दुरुपयोग, प्रदूषण, मिलावटखोरी, हर ओर राजनितिक हस्तक्षेप, अश्लीलता, झूठ, झूठा दिखावा, भेदभाव, धोखा, नशाखोरी, लोभ, संस्कारहीन व्यवहार, ईर्ष्या भाव ऐसे दूषित वातावरण में मानसिक शांति मिलना ढोंग है। लोगों की लापरवाही भी मनुष्य के लिए सिरदर्द का कारण बनता है, हर क्षेत्र में सरकारी कर्मचारियों की कमी की समस्या की सजा आम जनता को भुगतनी पड़ती है। उदाहरण के लिए ट्रैफिक पुलिस की कमी के कारण शहरों में खुलेआम ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन बड़ी परेशानी है। हर जगह, हर क्षेत्र, कार्यालय, हर रिश्ते-नाते में कुछ लोग ऐसे मिल जायेंगे जो दुनिया में केवल दूसरों को परेशान करने के लिए मौजूद है। क्योंकि ये सब तो दुनियाँ में अशांति और अराजकता के वाहक है, बहुत से लोग इससे जुड़ी समस्याओं से प्रभावित है, लेकिन सिर्फ यही हमारा पूरा संसार नहीं है, लोगों ने क्या किया इससे बेहतर है कि हमने क्या किया? यह समझें। दुनिया में केवल समृद्ध प्रकृति, अच्छे कर्म और समाधान ही मानसिक सुख का आधार बन सकते है। मानसिक तनाव हमारे द्वारा ही तैयार किया गया खुद के लिए विकार है, इसलिए समस्या का हल खोजें, परेशान न हों। मानसिक तनाव के निमार्ता अधिकतर हम खुद होते है। हमारा व्यवहार भी इसके लिए उत्तरदायी है जैसे :- दुसरो पर ज्यादा भरोसा, बुरी आदतें, जल्दी हिम्मत हारना, खुद को कमजोर बेबस मानना, आलस्य, आधुनिक दिनचर्या का अवलंबन, नीतिनियम की कमी, गलत जिद, मार्गदर्शन की कमी, लोग क्या कहेंगे सोचकर डरते रहना, नया कुछ सीखने से डरना ऐसी बहुत सी बातें हमें मानसिक रूप से बीमार बनाती है। अगर हम सत्य की राह पर चल रहे हैं तो कभी भी लोकलाज की न सोचें। जीवन को आसान बनाकर जिंदादिली से जियें।




नकारात्मक विचार शैली के लोगों से दूरी बनाना हमें जीवन में बहुत आवश्यक है। हमें जीवन में उन लोगों की कद्र करनी चाहिए जो हमारे सुख-दुःख में हमेशा साथ देते है, बेहतर मार्गदर्शन करते है, मतलब के अनुसार व्यवहार बदलते नहीं है। हर व्यक्ति की अपनी अभिव्यक्ति, स्वतंत्रता होती है, कभी भी हमें अपनी मयार्दा भूलकर लोगों की स्वतंत्रता पर आंच आये ऐसा व्यवहार नहीं करना चाहिए। जीवन में अगर सुख-शांति से जीना है तो, बुरे काम से दूर रहें, परोपकार की भावना, प्रकृति प्रेम, पशु सेवा, असहायों की मदद, मानवधर्म की राह पर चलने से हम समाधानी बनकर रहेंगे। बिना किसी अपेक्षा और स्वार्थ के सत्कर्म हमें जीवन में संतोष दिलाते है। खुद को हमेशा अच्छे काम में व्यस्त रखें, अपने क्षेत्र में काम करते हुए हमेशा कुछ नया सीखने का प्रयत्न करें। थोड़ा समय निकालकर समाज में श्रमदान करें। हेल्दी हॉबी बनाए रखें, नियमित व्यायाम, मैदानी खेल खेलें, अपनी बढ़ती उम्र को भी केवल संख्या मानकर चलें। सुख-दुःख, हार-जीत जीवन में निरंतर चलता रहता है, वक्त कभी एक-सा नहीं रहता, समयानुसार बदलाव आते ही है। मुश्किल समय में हौसला बनाये रखें और आपने जो अपने जीवन में अच्छे काम, अच्छे व्यवहार किये है तो अच्छे लोग भी आपसे जुड़े रहेंगे। आप जीवन में जैसा बोएंगे वैसा ही फल पाएंगे।

क्या आपको याद है कि आप पिछली बार कब मन से खिलखिलाकर हंसे थे? जबकि हमें हर पल मुस्कुराते हुए जीना चाहिए। जीवन में समस्या आएंगी, लेकिन आप उस समस्या को किस तरीके से देखते है, ये आप पर निर्भर करता है। समस्याओं को चुनौती मानकर सामना करने वाले हमेशा सफल होते है, क्योंकि वे समस्याओं से घबराते नहीं बल्कि उसे अवसर मानकर आगे बढ़ते है। कोई भी समस्या या दुख होने पर वह समस्या खुद पर हावी न होने दें, तनाव बिलकुल भी न लें, क्योंकि तनाव अनेक जानलेवा गंभीर बीमारियों की जड़ होती है जो हमें अधिक मुश्किल हालात में डाल देती है, साथ ही यह अपराधवृद्धि में विशेष सहायक है। खुद पर भरोसा रखें, हमेशा समयानुसार अद्यतन रहें, मुश्किल आने पर निराश होने के बजाय हल क्या हो सकता है इस पर ध्यान दें। अपने खाली समय का सदुपयोग करें, सकारात्मक विचारों के लोगों से मिलें, गुस्से, आवेश या भावनाओं में बहकर तुरंत निर्णय न लें। नशे और बुरी संगत से दूर रहें। अभिभावक कृपया बच्चों को अतिलाड़ में न बिगाड़े, उन्हें उत्तम संस्कार दें। बिना किसी स्वार्थ के बेसहारों की मदद अनमोल सुकून देता है। जिसके मन में लोगों के लिए कोई जलन या भेदभाव नहीं है और अपने काम से संतुष्ट है वही समाधानी मनुष्य मानसिक तनाव से दूर रह सकता है।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। यदि आपका धन कहीं अटका हुआ था, तो उसके मिलने की संभावना है। आपके शत्रु आपको परेशान करने की कोशिश में लगे रहेंगे। आप किसी नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं। राजनीति में हाथ आजमा रहे लोगों को किसी बड़े पद के मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप आज किसी से अहंकार भरी बातें ना करें, नहीं तो इससे लड़ाई झगड़ा हो सकता है।

वृषभ- आज आपका मन खुशियों से सराबोर रहेगा। परिवार के सदस्य आपकी बातों को पूरा महत्व देंगे। यदि आप उनको कोई सुझाव देंगे, तो वह उस पर अमल अवश्य करेंगे। यदि आप किसी संपत्ति के खरीदारी की योजना बनाने जा रहे थे, तो वह आपके लिए अच्छी रहेगी। आपको किसी पुराने मित्र की याद सता सकती है। आप किसी परिजन से मिलने उनके घर जा सकते हैं। आप किसी से धन उधार सोच समझकर लें, क्योंकि उसे समय पर वापस देने में आपको समस्या आएगी।

मिथुन- मिथुन राशि के जातकों के लिए आज का दिन किसी काम के शुरूआत करने के लिए अच्छा रहेगा। आपको परिवार के सदस्यों का पूरा साथ मिलेगा। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी को कहीं लॉन्ग ड्राइव पर लेकर जा सकते हैं। आपका मन कार्यक्षेत्र में अपने कामों को छोड़कर बाकी के कामों पर लगेगा, जो आपकी थोड़ी टेंशन को बढ़ा सकता है। आप मनमौजी स्वभाव के कारण कामों को कल पर टालने की कोशिश करेंगे। परिवार के किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधाएं दूर होंगी।

कर्क- कर्क राशि के जातकों के लिए आज का दिन महत्वपूर्ण रहने वाला है। आपको कोई निर्णय लेने से पहले समझकर चलना होगा। किसी से प्रॉपर्टी संबंधित बात को लेकर खटपट हो सकती है। आपकी दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। बिजनेस में आपका कोई लिया गया फैसला आपको खुशी देगा। माता-पिता से आप कुछ जरूरी कामों को लेकर बातचीत कर सकते हैं। नौकरी में कार्यरत लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

सिंह- आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आध्यात्म के कार्य से जुड़कर आप नाम कमाएंगे। घर की साज सज्जा पर आपको पूरा ध्यान रहेगा। आपको किसी मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने का मौका मिल सकता है। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। आपका कोई पुराना लेनदेन आपको परेशान कर सकता है। आप कार्यक्षेत्र में किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर ना करें।

कन्या- कन्या राशि के जातकों के लिए आज का दिन तालमेल बनाकर चलने के लिए रहेगा। आपको अपने खर्चों को लेकर थोड़ा सोच समझकर चलना होगा। आपको कुछ विशेष व्यक्तियों से मिलने का मौका मिलेगा। परिवार के सदस्यों के साथ आप कहीं घूमने फिरने जा सकते हैं। आपको यदि कोई बेवजह की टेंशन परेशान कर रही थी, तो उससे भी आपको छुटकारा मिलेगा। माता-पिता से आप कुछ पारिवारिक कामों को लेकर बातचीत कर सकते हैं।

तुला- तुला राशि के जातकों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है, आपको यदि किसी काम को लेकर कोई समस्या चल रही थी, तो उसमें वह मित्र की मदद से दूर होगी। आपको लंबे समय से रुके हुए धन की भी प्राप्ति हो सकती हैं। आपकी कोई प्रॉपर्टी संबंधित डील के फाइनल होने की संभावना है। आपके चारों ओर खुशियों से भरा माहौल रहेगा और जीवनसाथी के साथ आपके रिश्ते बेहतर रहेंगे।

वृश्चिक- आज आपको अपनी सेहत पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। वैवाहिक जीवन में खुशियां रहेंगी। जीवनसाथी आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे। आपकी किसी से कहासुनी होने से आप परेशान रहेंगे। विदेशों से व्यापार कर रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आप अपने कामों को कल पर छोड़ने से बचें। भाई-बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा। आपको किसी काम को लेकर योजना बनाकर चलना होगा।

धनु- आज का दिन आपके लिए परोपकार के कार्य से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आपको अपने दिनचर्या पर पूरा ध्यान देना होगा। धन को लेकर आप कोई कदम जल्दबाजी में ना उठाएं। जीवनसाथी की सेहत को लेकर आपको टेंशन रहेगी। आपको कोई नई जिम्मेदारी मिलने से आपको खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। विद्यार्थियों ने यदि किसी सरकारी नौकरी से संबंधित परीक्षा को दिया, तो उसके बेहतर परिणाम मिलेंगे।

मकर- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी प्रकार का कोई जोखिम लेने से बचना होगा। पारिवारिक समस्याओं को लेकर आप अपने पिताजी से बातचीत कर सकते हैं। आपको यदि कोई स्वास्थ्य संबंधित समस्या चल रही थी, तो वह भी काफी हद तक दूर होगी। आपको किसी बेवजह के काम को लेकर चिंता रहने वाली है। आपके सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। आपको किसी सहयोगी से कामों को लेकर मदद लेनी पड़ सकती है। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए मंगलमय रहने वाला है। आप किसी नए काम की शुरूआत कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। धर्म-कर्म के कार्यों में आपको बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी। आपको किसी परिजन की ओर से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मलेगा। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी। आपका कोई परिजन आपके घर मेल मिलाप करने आ सकता है।

मीन- आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिल बैठकर कुछ पारिवारिक समस्याओं को दूर करेंगे और आपको किसी काम से अच्छा धन लाभ मिलने की संभावना है। आपको किसी फैसले को जल्दबाजी में नहीं करना है। यदि आप किसी काम को लेकर कोई लोन आदि अप्लाई कर रहे थे, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगा।

## हरियाणा विधानसभा चुनाव में जन की हुई जीत

सुशील कुमार ' नवीन '

हरियाणा में भाजपा ने तीसरी बार सत्ता में आकर नया इतिहास रच दिया है। सुबह 9 बजे पहले राउंड तक कांग्रेस के रिकॉर्डतोड़ रुझानों ने एकबारगी तो भाजपा के कार्यकताओं से लेकर दिल्ली तक के नेताओं के होश उड़ा दिए थे, लेकिन जिस तरह से अचानक आई एक आंधी ने हवा का ऐसा रुख बदला कि कांग्रेस के साथ वो हो गया जिसकी कोई उम्मीद भी नहीं कर सकता। जो भाजपा चुनाव प्रचार और एग्जिट पोल के दौरान सत्ता से काफी दूर दिख रही थी। कार्यकर्ता से लेकर बड़े नेता तक विश्वास भरे नहीं थे। यहां तक प्रचार के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल से लेकर पार्टी के पूर्व मंत्रियों और नेताओं को लोगों की तल्खियों से दो चार होना पड़ा था। रही सही कसर इन एग्जिट पोल वाले महानुभावों ने कर दी थी, थोड़ी बहुत उम्मीद जो कार्यकताओं को भाजपा के सम्मानजनक स्थिति में आने की थी, उसे इन्होंने जोर के झटके से तोड़कर रख दिया था।

फिर भी ' पीके ' की तरह छाती पर हाथ रख कर आल इज वेल, आल इज वेल ,कहकर यही सांत्वना दे रहे थे कि शायद काउंटिंग में कुछ इज्जत बच जाए। मतदान के बाद के ये 60 घंटे इनके लिए युग की तरह बीत रहे थे। पर वो कहावत है ना कि जिसी नकटी देवी, उस ए उत पुजारी '। सभी तंत्र भाजपा की हार साबित करने पर तुले थे, पर वो रिजल्ट तक हार न मानने पर अड़े थे। इसी कॉन्फिडेंस ने उन्हें आज सुबह सुबह टीवी के सामने बैठने के लिए राजी किया था। पर ये क्या टीवी खोलते ही कांग्रेस 70 पार दिखी तो चेहरे मुरझा गए। टीवी बंद हो गए। एक घंटे बाद ही सारे समीकरण बदलने लगे तो ' आंध्यां की माक्खी राम उडावै' कहावत ने मुरझाए कमल को ऐसी ऑक्सीजन दी कि मुर्दों में भी जान आ गई। भाजपा को इतनी बड़ी कामयाबी मिलना किसी बड़े चमत्कार से कम नहीं है। इस चमत्कार को पार्टी या कार्यकताओं के दम पर होने की कहना न्यायसंगत नहीं होगा। नेताओं - कार्यकताओं को चुनाव प्रचार में सुनने को मिले विरोध स्वर किसी से छिपे नहीं है। ऐसे में ये चमत्कार हुआ कैसे। इसकी शाबाशी दे किसे। तो ये शाबाशी मिलने के हकदार प्रदेश के साइलेंट वोटर हैं। ये चमत्कार इन्हीं के द्वारा किया गया है। ये वो मतदाता हैं जो लगातार एक महीने तक चुनाव प्रचार रूपी लहर में हिचकोले खाते रहे। लहर के थपेड़ों से जरा भी घबराये नहीं। लहरों ने उन्हें खूब डराया भी कि हमारे साथ बहो, अन्यथा डूब जाओगे। उन्होंने कुछ नहीं किया, डूबते को तिनके के सहारे ज्यों किनारे का एक छोर मजबूती से पकड़े रहे। और जैसे ही मौका मिला, फौरन बाहर छलांग लगा लहरों से निकल गए और जीत का ऐसा झंडा गाड़ा कि लहरें देखती रह गईं। हरियाणा में एक और कहावत बड़ी मशहूर है कि ' अगेती फसल और अगेती मार करणियां की होवै ना कदे बी हार'। मतलब फसल की पहले की गई बिजाई और पहले झटके में दूसरे पर कड़क मार हमेशा लाभदायक होती है। हार का खतरा इससे कम होता है। भाजपा का हरियाणा में तीसरी बार सत्ता में आना भी उनकी अगेती फसल का लाभ है। समय से पहले चुनाव, उम्मीदवारों का को मैदान में उतारकर भाजपा ने अपनी स्थिति को मजबूत करने का काम किया। उम्मीदवारों का विरोध हुआ तो पहले से रूठों को मनाने के लिए तैयार टीम अधिकांश को अपने पाले में लाकर बगावत के सुरों को ढीला करने में कामयाब रही। सत्ताविरोधी लहर बनाने में कांग्रेस ने कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। किसान-जवान-पहलवान के जरिए नैरेटिव खूब गढ़ा गया। प्रचार के दौरान कांग्रेस काफी प्रभावी रही। हर जगह निकाली गई बड़े बड़े काफिले निकाले गए। ट्रैक्टर रैलियों से किसानों के भारी समर्थन का खूब दावा किया गया। जेसीबी द्वारा कांग्रेस उम्मीदवारों पर जगह जगह फूलों की बरसात कर प्रचार में एकतरफा माहौल बनाने में कामयाब भी दिखे। प्रचार में हर जगह आगे रहकर भाजपा उम्मीदवारों के लिए सिरदर्दी बने। जिससे बात करो वही कांग्रेस की लहर कहता दिखा। इसी लहर में साइलेंट जोन में रहे वोटर अब उलट फेर कर गए। जीत हार के दावों से दूर रहे इन साइलेंट वोटर्स ने न कांग्रेस की लहर को स्वीकारा और न ही किसी नारीत्व को। बड़ी ही खामोशी के साथ अपने अधिकार का प्रयोग किया और फिर से काम लग गए। न चेहरे पर मुस्कान दिखाई और न ही दर्द दिखाया। सामान्य रहे, सामान्य दिखे पर चमत्कार असामान्य कर गए। भाजपा के बड़े नेता भले ही इस जीत पर अपनी पीठ थपथपा लें, एक दूसरे को जीत का श्रेय दे दें। कोई माने या न माने जीत का श्रेय साइलेंट वोटर्स को है।



ठगी

मनोज कुमार अग्रवाल

# अधेड़ आयु में जवान बनाने के नाम पर करोड़ों की ठगी!

ऑक्सीजन थेरेपी से अधेड़ पुरुष महिलाओं को जवान बनाने का दावा कर एक दम्पति ने करोड़ों रुपये की ठगी कर ली है. आरोप है कि कानपुर व आसपास के अन्य शहरों के कई बुजुर्ग लोगों को इजराइल की मशीन से थेरेपी देकर जवान बनाने राजीव दुबे और उसकी पत्नी रश्मि दुबे ने करोड़ों की ठगी की है. दंपती के खिलाफ कई लोगों ने किदवई नगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। आरोप है कि इस बंटी बबली ने करीब 35 करोड़ का फटका लगाया है। आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश में सैकड़ों लोगों को 'जवान' बनाने का झांसा देकर करोड़ों रुपए ठगने का मामला हैरान कर देने वाला है ! पैंसठ की उम्र वालों को 25 का बनाने का वादा कर एक दंपति कितनी आसानी से इतना बड़ा कांड कर गया ! जो लोग ठगे गए, क्या उन्हें पता नहीं था कि जिस 'टाइम मशीन' के नाम पर उनकी जेबें ढीली करवाई जा रही हैं, उसके बारे में थोड़ी तो जानकारी जुटा लें ? ताजुब की बात यह है कि उस दंपति के झांसे में आने वाले कई लोग उच्च शिक्षित थे। एक महिला डॉक्टर ने भी उन ठगों पर भरोसा कर लिया। हमारे देश की जनता कितनी मासूम है ! हर साल ठग नए-नए शिगूफे छोड़ते हैं और उन्हें निराश नहीं होना पड़ता। सोचिए, अगर कुछ हजार रुपए खर्च कर बुढ़ापे को जवानी में बदलना संभव होता तो ऐसा दावा करने वाले लोग खुद हमेशा के लिए जवान क्यों नहीं हो जाते ? वे अपने माता-पिता, रिश्तेदारों, दोस्तों आदि को 'जवान' क्यों नहीं बना देते ? जो लोग उनके झांसे में आए, उनके मन में सबसे पहले ये ही सवाल उठने चाहिए थे। क्या ठगी के आरोपियों ने उनके सामने अपने घर-परिवार के ऐसे बुजुगों को मिसाल के तौर पर पेश किया था ? अगर सच में ऐसा होता तो यह विज्ञान से जुड़ी महान खोज होती, जिसका फायदा जो बाइडन और शी जिनपिंग जैसे राजनेता उठाकर पूरी तरह जवान हो चुके होते। इस कथित 'टाइम मशीन' को इजराइली बताया जा रहा है। चूंकि इजराइल ने विज्ञान और अनुसंधान में बहुत प्रगति की है, इसलिए अगर कोई चीज उसके साथ जोड़ दी जाती है तो लोग उस पर जल्द भरोसा कर लेते हैं। उत्तर प्रदेश में जो लोग ठगे गए, उन्हें इस झांसे में आने से पहले इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की तस्वीर देख लेनी चाहिए थी। लगभग 74 साल के नेतन्याहू के चेहरे पर उम्र का असर साफ देखा जा सकता है। अगर कथित इजराइली मशीन इतनी ही चमत्कारी होती तो नेतन्याहू बहुत पहले जवान हो जाते ! आज इजराइल के साथ ईरान, लेबनान, फिलिस्तीन जैसे देशों की जो लड़ाई चल रही है, उसमें नया मोड़ आ जाता। ये देश इजराइल से किसी भी कीमत पर वह तकनीक हासिल करने की कोशिश करते। सवाल है- बढ़ती उम्र से मुंह मोड़ने की इतनी ख्वाहिश क्यों ? जो लोग उम्र के उस पड़ाव तक पहुंच जाएं, उन्हें तो खुद को सौभाग्यशाली समझना चाहिए। दुनिया में कितने ही लोग ऐसे हैं, जो अपनी जिंदगी में साठ वसंत नहीं देख पाए। हां, ईश्वर ने जो भौतिक शरीर दिया है, उसकी ठीक तरह से संभाल जरूर करनी चाहिए। इसके लिए योग-प्राणायाम करें, ऋतु के अनुकूल दिनचर्या अपनाएं, सात्विक भोजन करें, मन-वचन-कर्म से किसी को कष्ट न पहुंचाएं,




जीवन में जो कुछ पाया, उससे संतुष्ट रहें, ईश्वर को धन्यवाद दें, क्योंकि आपके पास ऐसा बहुत कुछ है, जो दुनिया में करोड़ों लोगों के पास नहीं है। अगर जवानी का मतलब 'सकारात्मकता, नई ऊर्जा, नई सोच' है तो 65 की उम्र वाले भी जवान हो सकते हैं। साहित्य, संस्कृति, शिक्षा, राजनीति, व्यवसाय समेत विभिन्न क्षेत्रों में ऐसे कई लोग हैं, जो 60 साल की उम्र के बाद खूब चमके। पूर्व राष्ट्रपति एवं प्रख्यात वैज्ञानिक (स्व.) डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम भारत के युवाओं के बीच लगभग 71 साल की उम्र में लोकप्रिय हुए थे। उनके व्याख्यान सुनने के लिए किशोरों और युवाओं की भीड़ उमड़ने लगी थी, जो समय के साथ बढ़ती ही गई। डॉ. कलाम के पास ज्ञान, प्रेरणा और अनुभव का ऐसा खजाना था, जिससे देश के नौजवान सीखना चाहते थे। जो लोग अपनी जिंदगी के साठ, सत्तर, अस्सी... साल देख चुके हैं, उनके पास यकीनन बहुत अनुभव होता है। उन्हें भी चाहिए कि वे इसे नई पीढ़ी के साथ साझा करें, उसका भविष्य बेहतर बनाएं। सोचिए, अगर किसी तरह फिर से 'जवान' हो भी गए तो वह जवानी कितने वर्षों तक रहेगी ? हम आपको 'जवान' होने का नहीं, 'अमर' होने का सूत्र बता रहे हैं। वह है- जितना संभव हो, भलाई की बुद्धि, शक्ति, सामर्थ्य, विवेक और संसाधनों से इस धरती को और सुंदर, और बेहतर जगह बनाने में योगदान दें। भौतिक शरीर कुछ वर्षों / दशकों बाद रहे या न रहे, आपके द्वारा की गई भलाई हमेशा रहेगी, वह और ज्यादा भले कामों की बुनियाद बनेगी।

अब इस मामले में नया मोड़ आ गया है। आरोपी राजीव दुबे सोमवार को डीसीपी साउथ कार्यालय पहुंचा. जहां उसने अपने आपको निर्दोष बताया. डीसीपी का कहना है कि इस मामले में जांच जारी और आरोपी से पूछताछ की गई है.बता दें कि कानपुर नगर के स्वरूप नगर में रहने वाले राजीव दुबे और उनकी पत्नी किदवई नगर स्थित ऑक्सीजन थेरेपी के माध्यम से बूढ़े से जवान करने की बात करते थे. राजीव दुबे ने अपने क्लाइंट को भी झांसा दिया था कि वह इजराइल से एक मशीन मंगवा रहा है, जिससे 60 वर्ष का दिखने वाला 25 साल का दिखने लगेगा. जिस पर आरोपी राजीव दुबे और उनकी पत्नी पर किदवई नगर थाने में एफआईआर दर्ज हुई थी. इसके बाद एक-एक किदवई नगर थाने में कुल 15 शिकायतें ठगी की राजीव दुबे और उसकी पत्नी के खिलाफ पहुंची. मामले में तूल पकड़ते देख पुलिस ने किदवई नगर स्थित है थेरेपी वाले ऑफिस को सीज कर दिया है। उधर डीसीपी साउथ अंकिता शर्मा के आरोपी राजीव ऑफिस आया था. इस मामले में आरोपी से पूछताछ जारी है. उन्होंने बताया कि आरोपी ने लोगों से इन्वेसमेंट करवाया गया था. ऑक्सीजन बार, विभिन्न तरह के फेसियल, एच ब्यूटी थेरेपी को ये रिवर्स एजिंग के नाम पर प्रचलित कर रहे थे. इसके अलावा मल्टीलेवल मार्केटिंग का भी स्कीम था. इसलिए आरोपी से काफी लंबी पूछताछ चलेगी.आरोपी राजीव दुबे ने मीडिया से बातचीत करते हुए आरोपों को गलत बताया है. राजीव ने बताया कि रेनू सिंह चंदेल और उनका ग्रुप उसे ब्लैकमेल कर रहे हैं. जांच में सभी सच्चाई सामने आ जाएगी. मेरे पास ऑडियो साक्ष्य है. इन लोगों ने पहले 5 लाख, 10 लाख और 18 लाख रुपये वसूली कर चुके हैं. पुलिस और न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है. राजीव ने बताया कि बूढे को जवान बनाने की कहानी पूरी तरह झूठी है. 35 करोड़ की ठगी की बात कही जा रही है, जबकि उसकी कंपनी से कुल 40 लाख का ही लेनदेन हुआ है.बहरहाल यह जांच के बाद ही तय हो पाएगा कि मामले की हकीकत क्या है और ठगी की रकम कितनी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

एक नजर

## भोपालपटनम के दो भाजपा नेताओं को नक्सलियों ने दी धमकी

**बीजापुर, 9 अक्टूबर।** पुलिस फोर्स के लगातार दबाव के बावजूद नकसलियों की हरकतें कम नहीं हो रही है पिछले दो दिनों के अंदर मुखबिरी का आरोप लगाकर तीन ग्रामीणों की हत्या की गई है ताजा मामला भोपाल पटनम के दो भाजपा नेता को सदस्यता अभियान से दूरी बनाने भाजपा छोडने के साथ पोटाकेबिन आश्रमों से वसूली का भी आरोप लगाया है । अपने जारी पर्चे मे मद्वेड एरिया कमेटी के सचिव बुचचना ने भोपाल पटनम के भाजपा मंडल अध्यक्ष यालम वेंकटेश्वर और युवा मोर्चा नेता बिलाल खान पर गांव गांव जाकर सदस्यता अभियान चलाकर संगठन को मजबूत करने का आरोप लगाया है साथ ही नकसली सचिव ने यह भी आरोप लगाया है कि ये दोनों आसपास के पोटाकेबिन आश्रमों से डरा धमका कर अधिक्षको से पैसा वसूली करते है नकसली सचिव ने इन दोनों नेताओं को भाजपा छोडने की चेतावनी दी है वहीं नकसली नेता ने लोगों से भी भाजपा सदस्यता अभियान से दूरी बनाने को कहा है नकसली नेता के जारी पर्चा से भोपाल पटनम क्षेत्र के भाजपा नेताओं मे दहशत देखा जा रहा हैआवापल्ली मे क्रिकेट प्रतियोगिता आई पीएल की तर्ज पर खेला गया फाईनल मे इलमिडी ने उसूर को हरायाआज आवापल्ली स्टार्स क्रिकेट क्लब के द्वारा ।च्स् प्रीमियर लीग सीजन 1 प्रतियोगिता आयोजित 10 दिनों से कराया जा रहा था जिसक फाइनल मैच सक्षम 11 ईलमिडी वा स्क्वाड 11उसूर के बीच खेला गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा कांग्रेस के महासचिव उपाध्यक्ष जिला पंचायत बीजापुर माननीय श्री कमलेश कारम जी थे सक्षम 11ईलमिडी टीम ने 10 ओवर में 84 रन बनाया एऔर स्क्वाड 11उसूर की टीम ने 77 रन बनाकर हर का सामना करना पड़ा जिला पंचायत उपाध्यक्ष कारम जी वा जनप्रतिनिधियों के द्वारा विजेता टीम सक्षम 11 ईलमिडी को ट्रॉफी वा 24 हजार इनाम राशि वा उपविजेता टीम उसूर को ट्रॉफी एवं 10 हजार इनाम राशि दिया गया प्रीमियर लीग सीजन . 1 प्रतियोगिता में कुल 10 टीमों ने भाग लिया था ;1द्धण् रॉयल टाइगर्स आवापल्ली ;2द्धण् जस्सी 11ए;3द्ध कोबरा वियकस ;4द्ध ड्रैगन फाइटर्स;5द्ध क्लासिकल 11;6द्ध ब्लैक पैंथर ;7द्ध सक्षम 11 इलमिडी ;8द्ध सनराइजर्स चेरामंगी ;9द्ध क्वॉड 11 उसूर ;10द्ध एसण्केण्पी यूनिटेड संकनपल्लीयहां मैच प्च्स् के तर्ज पर खेला गया थाजिला पंचायत उपाध्यक्ष कारम जी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी टीम ओनरों वा खिलाड़ियों वा आयोजक समिति को बधाई एवं विजेता टीम वा उपविजेता टीम को भी बधाई शुभकामनाएं दीइस दौरान जिला पंचायत सदस्य श्रीमती जानकी कोरसा जीए जनपद सदस्य श्री शंकर माड़वी जीए विधानसभा अध्यक्ष आई टी सेल शंकर खटबिना श्री तीरथ जुमार जीए श्री राजू नोह्मी जी एश्रीनिवास कोड़मी जी एसरपंच उसूर भीम कट्टम एवं स्टार्स क्रिकेट क्लब वा आयोजन समिति के सदस्य श्री रूपेश रावएश्री राम कृष्ण जीए रोहित जीबीएदिनेश नाग एराकेश माडकम एवं वा ग्रामवासी उपस्थित रहे ।

## चोरी की घटना में शामिल 3 लोगों को पुलिस ने चोरी के सामान सहित पकड़ा



**बीजापुर, 9 अक्टूबर।** थाना कुटरू क्षेत्रान्तर्गत फारेस्ट कालोनी कुटरू में प्रार्थिया के शासकीय निवास से सोने की चैन, सोने की लॉकेट, स्मार्ट वाच, एयर पोड आदि कीमती 73525/- रुपए अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी करने की लिखित आवेदन पर थाना कुटरू में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । प्रकरण में विवेचना के दौरान चोरी के आरोपी विधि से संघर्षरत बालक के मेमोरण्डम कथन के आधार पर कब्जे से चोरी किया हुआ इलेक्ट्रॉनिक गैजेट एयरपोड, स्मार्ट वॉच बरामद किया गया एवं सोने की चैन व लॉकेट गणेश तेलम पिता सुरेश तेलम उम्र 18 वर्ष जाति मुरिया निवासी कुम्हारपारा कुटरू को देना बताया। जिस पर गणेश तेलम को तलब करने पर बताया गया कि चैन एवं लॉकेट सोनार रामजी के पास बेचा गया है।सोनार रामजी सोनी पिता लाल बाबू प्रसाद सोनी उम्र 27 वर्ष जाति सोनार निवासी एटापल्ली थाना एटापल्ली जिला गढ़चिरोली महाराष्ट्र हाल नया फारेस्ट कालोनी कुटरू को तलब कर उसके कब्जे से सोने की चैन एवं लॉकेट बरामद किया गया। जिसे चोरी के आरोपीगण द्वारा बेचा गया था।

प्रकरण के आरोपी गणेश तेलम पिता श्री सुरेश तेलम उम्र 18 वर्ष जाति मुरिया निवासी कुम्हारपारा थाना कुटरू एवं रामजी सोनी पिता श्री लाल बाबू सोनी उम्र 27 वर्ष जाति सोनार निवासी एटापल्ली थाना एटापल्ली जिला गढ़चिरोली महाराष्ट्र हॉल कुटरू जिला बीजापुर के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय बीजापुर के समक्ष पेश किया गया है एवं प्रकरण में संलिप्त विधि से संघर्षरत बालक को माननीय किशोर न्याय बोर्ड दंतेवाड़ा के समक्ष पेश किया गया ।

# रेत खदान या भ्रष्टाचार की खान

## बालू का अवैध उत्खनन व परिवहन किया जा रहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**जगदलपुर, 9 अक्टूबर।** धर्मनगरी जगदलपुर में रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन का बड़ा खेल चल रहा है। कहने वाले तो ये भी कह रहे हैं कि खनिज अधिकारियों के आशीर्वाद के बिना रेत में भ्रष्टाचार करना संभव नहीं है। यहां यह बताना लाजिमी होगा कि शासन ने रेत के खनन पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। बावजूद इसके खनिज अधिकारियों की सह पर उनकी नाक के नीचे रेत का खनन व परिवहन रोज हो रहा है । परऊ गुड़ा, धोबी गुड़ा तथा मालगांव मार्ग पर 24 घंटे अवैध खनन व परिवहन चल रहा है।

टिप्पर, ट्रेक्टर्स व हाइवा से परिवहन किए गए रेत को अधिक कीमत पर बेचा जा रहा है। मरता क्या न करता मकान बना रहे हैं तो ज्यादा कीमत पर भी रेत खरीदना पड़ता है। अधिकारी या तो जान बूझकर आंखें बंद किए है या फिर बोलने से परहेज कर रहे हैं। रेत मामले में भ्रष्टाचार की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है सरकार को राजस्व का बड़ा नुकसान हो रहा है। इसे मामले की जांच जरूरी है।

## दो दिनों के भीतर नदी में मिले दो शव,नहीं हुई पहचान





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाडा 9 अक्टूबर।** डंकनी नदी से दो शव मिलने की सनसनीखेज घटना प्रकाश में आया है। एक महिला की तथा एक पुरूष का शव पुलिस ने बरामद किया है। शवों की पहचान की कोशिश में पुलिस जुटी है लेकिन अब तक पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस फिलहाल अज्ञात शव मानकर डेडबॉडी को अस्पताल के मरच्यूरी में रखवा दिया है। दो दिनों के भीतर परिजन या कोई पहचान का व्यक्ति शवों को लेने नहीं आता है तो शवों का अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा।

सिटी कोतवाली से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुरूष का एक शव सोमवार दोपहर रेल्वे ब्रिज के नीचे नदी में पत्थरों के बीच फंसा मिला है किसी कि नजर इस शव पर पड़ी तो इसकी सूचना पुलिस को दी गई थी। मौके पर पहुंच पुलिस ने शव को नदी से निकालकर उसे मरच्यूरी में भिजवा दिया है। पहले शव की पहचान हुई नहीं थी कि इसी बीच मंगलवार की शाम फिर से सुरभि कालोनी के पीछे नदी से एक महिला का शव नदी में होने की सूचना पुलिस को मिली। महिला का डेडबॉबी भी रिकव्हर किया गया । दोनों शवों को मरचयूरी में रखवा दिया गया है। पुलिस दोनों शवों की पहचान की कोशिशों में लगी है। वहीं बुधवार सुबह तक दोनों शवों की पहचान नहीं होने की जानकारी सिटी कोतवाली प्रभारी विजय पटेल द्वारा दी गई है। बता दें कि इन दिनों नवरात्र चल रहा है। दंतेवाड़ा में माता के दर्शन के लिए हजारों श्रद्धालु दूर दराज क्षेत्र से प्रतिदिन मांईजी के मंदिर पहुंच रहे हैं। पंचमी में लाखों की संख्या में दर्शनार्थी पहुंचे थे। ज्यादातर श्रद्धालु नदी तालाबों में ही स्नान कर मंदिर का रूख कर रहे थे। कहीं ऐसा तो नही कि नहाते वक्त इनकी डूबकर मौत हो गई हो। मृतक बाहर जिले का कोई श्रद्धालु हो इसलिए इनकी पहचान नहीं हो पा रही हो? ऐसी आशंका भी व्यक्त की जा रही है। बहरहाल पुलिस सभी एंगलों से शवों की शिनाख्ती में जुटी हुई है। अगर दो दिनों के भीतर शवों की पहचान नहीं हो पाती है तो सरकारी प्रक्रिया के तहत शवों का अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा।

## समस्याओं को लेकर सैकड़ों ग्रामीण पहुंचे कलेक्टोरेट



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 9 अक्टूबर।** सोमवार को कई गांवों के सैकड़ों ग्रामीणों अपनी समस्याओं को लेकर ट्रैक्टर-ट्रॉली और ऑटो से कलेक्टोरेट पहुंचे और कलेक्टर से मिलने की जिद पर अड़े रहे। जिला कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। ग्रामीण से मिलने अपने कक्ष से बाहर निकलकर उनके बीच पहुंचे। ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं के बारे में कलेक्टर को अवगत कराया।ग्राम सिंगाराम, गोम्पाड़, वेलपोच्चा मेहता दुरमा पुसूगुडा के ग्रामीण आज कलेक्ट्रेट पहुंचे। विगत दिनों हुए सचिवों के स्थानांतरण में संशोधन कर यथावत रखने, क्षेत्र में संचार सेवा, मेहता आश्रम को गाँव में ही संचालित करने जैसे प्रमुख मांगे रखीं। बिजली, पानी, सडक़ की सुविधा आज तक इन गांव में नहीं पहुंची। मांगों को लेकर कलेक्टर से मिलने को लेकर जिला कार्यालय के बाहर घंटे भर धरना-प्रदर्शन किया और कलेक्टर से मिलने की जिद पर ग्रामीण अड़े रहे।ग्रामीण से मिलने अपने चैंबर से बाहर निकलकर उनके बीच कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव पहुंचे। कलेक्टर को अपने बीच पाकर ग्रामीणों ने ताली बजाकर उनका स्वागत किया। ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं के बारे में कलेक्टर को अवगत कराया।कई महत्वपूर्ण मांगों को पूर्ण विचार कर और मूल सुविधा बिजली सडक़ पानी जैसी समस्याओं को अति शीघ्र पूरा करने का आश्वासन जिला प्रशासन की तरफ से दिया गया।

## मेटागुड़ा में आधार पंजीयन शिविर लगाएं:कलेक्टर



**सुकमा, 9 अक्टूबर ।** जिले के कोंटा विकासखंड के ग्राम मेटागुड़ा में आधार पंजीयन शिविर लगाकर सभी ग्रामीणों का आधार पंजीयन सुनिश्चित करें। वहीं अतिवृष्टि व बाढ़ से संबंधित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कर प्रभावितों को सहायता प्रदान किया जाए। उक्त निर्देश कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने मंगलवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में दिए। बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को अहम दिशा-निर्देश दिए, जिनमें आधार कार्ड पंजीयन, विद्युत आपूर्ति, खाद्यान्न भंडारण एवं वितरण और स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण शामिल हैं। कलेक्टर श्री ध्रुव ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि वे रात्रि में भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) का औचक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लें। जिला अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। उन्होंने जिले में निर्बाध विद्युत आपूर्ति को सुनिश्चित करने के लिए विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा, आश्रम-छात्रावासों में बेडशीट, चादर, मच्छरदानी जैसी आवश्यक सामग्रियों का शत-प्रतिशत वितरण जल्द से जल्द करने के निर्देश भी दिए गए।आधार कार्ड बनाने पर विशेष जोर कलेक्टर श्री ध्रुव ने जिले में शत-प्रतिशत आधार कार्ड बनाने हेतु मिशन मोड में काम करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने जन्म के समय ही बच्चों के आधार पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के लिए आधार कार्ड निर्माण शिविरों में तहसीलदारों की उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका भर्ती और नशामुक्ति अभियान की समीक्षा

बैठक में आंगनबाड़ी केन्द्रों में रिक्त पदों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने जल्द से जल्द आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका की भर्ती प्रक्रिया समय में पूरी करने के निर्देश दिए। साथ ही नशामुक्ति भारत अभियान के तहत की गई तैयारियों की जानकारी भी ली।

### नियद नेल्लानार योजना की समीक्षा

कलेक्टर ने नियद नेल्लानार योजना की विस्तार से समीक्षा की, जिसमें स्वास्थ्य, समाज कल्याण और अन्य विभागों के कार्यों का आकलन किया गया। इसके साथ ही बस्तर संभाग में होने वाले बस्तर ओलंपिक खेलों के लिए सभी लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने और समय-सीमा में पंजीकरण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने माओवादी प्रभावित क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री गजेंद्र ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर श्री सूरज कश्यप सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## जनपद स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन 14 अक्टूबर से

**कांकेर 9 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिले के आम नागरिकों की आवश्यकताओं, शिकायतों एवं समस्याओं का समाधान के लिए जनपद स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जारी निर्देशानुसार 14 अक्टूबर को विकासखण्ड कांकेर के कोकानपुर और नरहरपुर विकासखण्ड के सरोना कलस्टर के ग्राम पंचायत अभनपुर में जनपद स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित होगा। इसी प्रकार 16 अक्टूबर को अंतागढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत आमाबेड़ा में, चारामा विकासखण्ड के हाराडुला कलस्टर के ग्राम हल्बा में 17 अक्टूबर, दुर्गूकोंदल विकासखण्ड के कलस्टर कोड़ेकुर्से के ग्राम पंचायत हामतवाही में 18 अक्टूबर, चारामा विकासखण्ड के कलस्टर कोटतरा ग्राम मयाना में 23 अक्टूबर, भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत हरनपुरी स्कूल मैदान में 25 अक्टूबर और कोयलीबेड़ा विकासखण्ड कलस्टर छोटेकापसी के ग्राम पंचायत बड़ेकापसी में 28 अक्टूबर को जनपद स्तरीय शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया तेज



**सुकमा, 9 अक्टूबर।** जिले के नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाओं का व्यापक लाभ दिलाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार, सुकमा जिले के विभिन्न राशन वितरण केंद्रों पर आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं, जिससे लोगों को शासन की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके।इस क्रम में विकासखंड स्तर पर भी यह प्रक्रिया तेजी से चल रही है। मंगलवार को विकासखंड सुकमा में 34, विकासखंड छिंदगढ़ में 177 और विकासखंड कोंटा में 46 कार्ड कुल 257 आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया गया है।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कपिल कश्यप ने बताया कि आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए हितग्राही को अपने आधार कार्ड के साथ ही राशन कार्ड में नाम होना आवश्यक है। इन दस्तावेजों के आधार पर जिले में प्रतिदिन आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे इस योजना का लाभ उठाने के लिए अपने नजदीकी राशन दुकान केन्द्रों पर जाकर आवश्यक दस्तावेज जमा कर आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाएं।

## जेईई नीट कोचिंग सेंटर सुकमा की एक और सफलता, कोमल नाग का एमबीबीएस में चयन



**सुकमा, 9 अक्टूबर।** सुकमा जिला मुख्यालय में संचालित जेईई नीट कोचिंग सेंटर से एक और अभ्यर्थी ने सफलता हासिल की है। ग्राम तोंगपाल की निवासी, कोमल नाग, पिता तीरनाथ नाग और माता सोमारी नाग की बेटी का चयन गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, कोरबा में एमबीबीएस के लिए हुआ है। जिला प्रशासन द्वारा संचालित इस कोचिंग सेंटर से पहले भी कई छात्रों ने सफलता पाई है। हाल ही में, आकाश कुमार पोड़ियामी, गुलशन मोड़ियाम और सिल्की नेताम का भी एमबीबीएस के लिए चयन हुआ था।कोमल नाग की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे जिले में खुशी की लहर है। जेईई कोचिंग सेंटर सुकमा का यह लगातार चयन, कोचिंग सेंटर की गुणवत्ता और प्रशासनिक सहयोग का परिणाम है।

## प्रतिबंधित संगठन के पर्चा-पाम्पलेट के साथ जनताना सरकार अध्यक्ष सहित 4 माओवादी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 9 अक्टूबर।** जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् दिनांक 07/10/2024 को थाना भैरमगढ़ से छ्त्रन्न और जिला बल की टीम बंडलापाल, ईचामीपारा, भटवाड़ा, चिहका की ओर नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी । अभियान के दौरान पुलिस पार्टी द्वारा चिहका के जंगल रास्ता से 04 संदिग्धों को पकड़ा गया। 1. संतू हेमला (जनताना सरकार अध्यक्ष) पिता आयतू हेमला उम्र 32 वर्ष जाति मुरिया निवासी फुलादी थाना मिरतुर जिला बीजापुर 2.मीतु हेमला (भूमकाल जन मिलिशिया सदस्य) पिता बुधराम हेमला उम्र 29 वर्ष जाति मुरिया निवासी फुलादी थाना मिरतुर जिला बीजापुर3. सन्नू तेलम (भूमकाल जन मिलिशिया सदस्य) पिता आयतू तेलम उम्र 30 वर्ष निवासी फुलादी थाना मिरतुर जिला बीजापुर4.कमलू हेमला ऊर्फ कुम्मा (संघम सदस्य) पिता लक्खू हेमला उम्र 40 वर्ष जाति मुरिया निवासी फुलादी थाना मिरतुर जिला बीजापुर पकड़े गये माओवादियों के पास रखे थैला की विधिवत चेकिंग के दौरान प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन के शासन विरोधी पाम्पलेट- पर्चा, बैनर एवं धारदार छूरी बरामद किया गया। जो उपरोक्त सभी के द्वारा प्रतिबंधित संगठन का पाम्पलेट बैनर लगाने एवं पुलिस जवानों की रेकी करने व अकेले पाये जाने पर हत्या करने की योजना से क्षेत्र में आना बताये।पकड़े गये माओवादियों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता एवं छ0ग0 विशेष जन सुरक्षा अधिनियम 2005 की सुसंगत धाराओं में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त माननीय न्यायालय बीजापुर के समक्ष पेश किया गया है।

## चिरायु योजना बना बच्चों के लिए वरदान



**भोपालपटनम,9 अक्टूबर।** विकासखंड के अंतर्गत चिरायु दल के द्वारा जन्मजात बीमारियों से ग्रसित बच्चों का उच्चस्तरीय उपचार चिरायु योजना के अंतर्गत कराया जाता है।।।चिरायु योजना के विकासखंड स्तरीय प्रभारी डॉ पी चंद्रशेखर के द्वारा जानकारी दिया गया है की कलेक्टर महोदय, डॉ पुजारी (ष्द्धद्धश्) एवम राजीव रंजन मिश्रा (स्न्श्चद्व) के निर्देशानुसार डॉ के.चलापति (क्चस्न्ह्र) के मार्गदर्शन में उक्त मरीजों का उच्चस्तरीय उपचार रायपुर में चिरायु दल भोपालपटनम के द्वारा कराया गया है।।। दिनाक 28 सितंबर 2024 को अश्विन यालम पिता हरीश यालम पता अंगमपल्ली कटे फटे होंट एवम दिनाक 1 अक्टूबर 2024 को प्रत्युशी नक्का पिता संजय नक्का पता मद्देड जन्मजात मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन रायपुर में कराया गया है।

# ब्लॉक के अधूरे निर्माण कार्यों पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

**कांकेर 9 अक्टूबर ।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने आज समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक लेकर विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विकासखण्ड स्तर पर विभिन्न निर्माण कार्यों के अधूरे एवं अपूर्ण रहने पर सभी जनपद पंचायतों के सीईओ पर नाराजगी जाहिर करते हुए निर्देशित किया कि इस माह के अंत तक पुराने और सभी आधे-अधूरे निर्माण कार्यों को हरहाल में पूर्ण करें। उन्होंने देवगुड़ी निर्माण, घोटुल भवन निर्माण, आंगनबाड़ी केन्द्र भवन, खाद गोदाम, सामुदायिक भवन जैसे छोटे कामों में भी प्रगति नहीं लाने पर असंतोष प्रकट किया। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज प्रातः 10.30 बजे से आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने कहा कि पुराने लंबित काम पूर्ण होने के बाद ही नए कार्य स्वीकृत किए जाएंगे। इसी तरह नियद नेल्लानार योजना की समीक्षा करते हुए शत-प्रतिशत सैचुरेशन मोड में काम करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। इसी तरह सामाजिक अंकेक्षण के तहत राशि की वसूली हेतु सभी एसडीएम को आवश्यक कार्यवाही करते हुए संबंधितों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के मामले में भी पिछले सप्ताह की अपेक्षा प्रगति कम होने पर सभी जनपद सीईओ को व्यक्तिगत तौर पर रूचि लेते हुए कार्य कराने के निर्देश दिए।

आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के मामले में कांकेर जिला प्रथम, लक्ष्य हासिल करने और मेहनत करें-

कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने आयुष्मान भारत योजना और शहीद वीर नारायण सिंह स्वास्थ्य योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि वर्तमान में जिले की उपलब्धि 93 प्रतिशत है, जो राज्य में प्रथम स्थान पर है। उन्होंने भानुप्रतापपुर, अंतागढ़ और दुर्गूकोंदल ब्लॉक के अंदरूनी हिस्सों के हितग्राहियों का पंजीयन कराने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को दिए। इस दौरान आयुष्मान के जिला नोडल अधिकारी ने बताया कि जिले के चारामा विकासखण्ड में 98.28 प्रतिशत, नरहरपुर का 96.61, कांकेर का 94.29, कोयलीबेड़ा का 93.33 है, जबकि भानुप्रतापपुर ब्लॉक में 91.14, दुर्गूकांदल में 86.89 और अंतागढ़ विकासखण्ड में 84.96 प्रतिशत उपलब्धि रही है। इस पर कलेक्टर ने छूटे हुए लोगों का पंजीयन कराने हेतु इस माह के अंत तक और अधिक मेहनत करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर ने पोषण पुनर्वास केन्द्र में बेड ऑक्यूपेंसी की न्यूनतम दर पर असंतुष्टि जाहिर करते हुए महिला बाल विकास विभाग से समन्वय स्थापित कर सभी एनआरसी में कुपोषित बच्चों का आवश्यकतानुसार उपचार करने और उनके पालकों को समझाइश देने की बात कही। जिला पंचायत के सीईओ श्री सुमित अग्रवाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति के बारे में बताया कि जिले के लिए 34134 नए आवास की स्वीकृति राज्य शासन से मिली है, जिसके विरुद्ध पात्र हितग्राहियों के बैंक खातों में प्रथम किश्त की राशि हस्तांतरित की जा चुकी है।

# सरकार गरीबों के आवास के सपनों को पूरा करने में जुटी हुई है,आज मिलेगी उनको सपनों के घर की चाबी:बघेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 9 अक्टूबर।** आज गरियाबंद के गांधी मैदान मंगल भवन में जिला स्तरीय आवास मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री एवं खाद्य मत्री दयालदास बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। साथ ही सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी एवं राजिम विधायक श्री रोहित साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।इस अवसर पर कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव, पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लालिमा ठाकुर, नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके, वरिष्ठ नागरिक श्री राजेश साहू भाजपा महामंत्री अनिल चंद्राकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं नागरिकगण मौजूद रहे।





कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री बघेल ने जनप्रतिनिधियों के साथ पीएम आवास योजना के अंतर्गत पूर्ण आवास के 10 हितग्राहियों को चाबी एवं नये स्वीकृत आवास के 10 हितग्राहियों को स्वीकृति आदेश प्रदान किया। साथ ही हितग्राहियों को शॉल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर मंत्री श्री बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा गरीबों के आवास के सपने को पूरा किया जा रहा है। श्री मोदी द्वारा आवास देने के गारंटी को मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय पूर्ण करने के लिए संकल्पित है। इसी तारतम्य में राज्य में अधिक संख्या में नए आवासों की स्वीकृति की गई है। इससे जररूरतमंद गरीब परिवार आवास योजना से लाभान्वित हो रहे है। उन्होंने कहा कि आवास निर्माण में भ्रष्टाचार या गड़बड़ी की शिकायत प्राप्त होने पर अधिकारी कर्मचारियों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी और इसमें किसी भी किस्म की लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी संबंधितों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा शासकीय योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाये गये। प्रभारी मंत्री ने अतिथियों के साथ बच्चों को अन्नप्राशन, हितग्राहियों को श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, स्वाइल हेल्थ कार्ड, उज्जवला गैस कनेक्शन एवं पोषण किट आदि का वितरण किया। कार्यक्रम में पोंड निवासी श्रीमती सरस्वती कमार के नवीन घर का मॉडल बनाया गया था। अतिथियों ने मॉडल घर का फीता काटकर लोकार्पण किया। साथ ही हितग्राही को मिठाई खिलाकर नए घर की बधाई दी। कार्यक्रम में सासंद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने सभी को नवरात्री पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नई सरकार के गठन होने पश्चात सभी पात्र परिवारों को आवास दिया जा रहा है। साढ़े आठ लाख आवास छत्तीसगढ़ में दिया जा चुका है। सरकार लोगों की सुविधा का ख्याल रख रही है। कार्यक्रम में विधायक श्री रोहित साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का सपना साकार हो रहा है। उन्होंने गरीबों को आवास देने का सपना देखा था। श्री मोदी की यह गारंटी मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में पूर्ण हो रही है। गरीबों की चिंता करते हुए सरकार द्वारा प्रतीक्षा सूची में शामिल लोगों को भी पक्के आवास का लाभ दिया जा रहा है।कार्यक्रम में कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल ने बताया कि जिले में अभी तक 42 हजार 735 आवास पूर्ण हो चुके है। शेष आवासों का कार्य तेजी से जारी है। वर्ष 2023-24 में कुल 2 हजार 528 आवासों की स्वीकृति दी गई है। जिनमें 382 आवास पूर्ण किये जा चुके है, शेष प्रगतिरत है। उन्होंने बताया कि स्थायी प्रतीक्षा सूची में छूटे हुए कुल 24 हजार 133 पात्र परिवारों को इस वर्ष शामिल करने का निर्णय लिया गया है। जिनमें से 20 हजार 471 आवासों की स्वीकृति दी जा चुकी है। आवास प्लस में शामिल परिवारों में से 3 हजार 19 आवासों का पंजीयन किया जा चुका है।

## एक नजर

### कलेक्टर ने ग्रामीण विकास की योजनाओं की समीक्षा की

**बीजापुर 9 अक्टूबर ।** जिला पंचायत के सभागार में कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने ग्रामीण विकास की योजनाओं की गहन समीक्षा की। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री हेमन्त रमेश नंदनवार ने मनरेगा, पीएम आवास, एनआरएलएम और स्वच्छ भारत मिशन की प्रगति से उन्हे अवगत कराया।बैठक में कलेक्टर ने मनरेगा योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 तक के कार्य जो अपूर्ण हैं उक्त कार्यो को पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। कृषि सम्बद्धता से संबंधित कार्य को स्वीकृत किये जाने हेतु निर्देशित कियाप्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, ब्लॉक समन्वयक को समस्त अपूर्ण आवासों को माह दिसम्बर तक पूर्ण किये जाने कहा। नियद नेल्लानार अंतर्गत ग्रामों में विकास कार्य की स्वीकृति की समीक्षा की गई। स्वीकृत आवासों का शत-प्रतिशत जियो टेगिंग के गेप को पूर्ण करने एवं लगातार मॉनिटरिंग किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।एनआरएलएम योजनांतर्गत लगातार मॉनिटरिग करने, समूह गठन का लक्ष्य पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया । स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत सामुदायिक शौचालयों एवं सेग्रीगेशन शेड एक सप्ताह में पूर्ण करने निर्देशित कियाअप्रारंभ व्यक्तिगत शौचालय को एक सप्ताह के भीतर प्रारंभ कराते हुए प्रगति से अवगत कराने जिला समन्वयकों को निर्देश दिया गया बैठक में जिलास्तर पर योजना के शाखा प्रभारी, जनपद सीईओ सहित ब्लाक स्तर के योजनाओं में कार्य करने वाले अधिकारी उपस्थित रहे।

### 135 लीटर महुआ शराब एवं 760 किलोग्राम महुआ लाहन पकड़ाया



**रायगढ़, 9 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल द्वारा सहायक आयुक्त आबकारी श्री रामकृष्ण मिश्रा को अवैध शराब के भंडारण, परिवहन पर लगातार कार्यवाही हेतु निर्देश दिए गए है। उक्त निर्देश के परिपालन में आबकारी विभाग द्वारा कार्यवाही की गई है। अवैध शराब निर्माण की सूचना मिलने पर वृत्त-घरघोड़ा आबकारी उपनिरीक्षक श्री संतोष नारंग एवं उनकी टीम द्वारा ग्राम-बिलासखार थाना-पूँजीपथरा, जंगल में कुरकुट नदी किनारे पहुँचकर भारी मात्रा में महुआ शराब एवं महुआ लाहन पकड़ा। जिसमें चार प्लास्टिक डिब्बा में प्रत्येक में 15-15 लीटर कुल 60 लीटर महुआ शराब, एक जरिकेन में 5 लीटर महुआ शराब, एक प्लास्टिक डिब्बा में भरी 20 लीटर महुआ शराब, एक एल्युमीनियम बर्तन में 50 लीटर महुआ शराब इस तरह कुल 135 लीटर महुआ शराब जप्त किए। जिसका बाजार मूल्य-27000 है। इसी तरह 19 प्लास्टिक बोरियों जिसमें 40-40 किलो ग्राम कुल-760 किलोग्राम महुआ लाहन जिसका बाजार 38000 है। इस तरह कुल जप्त सामग्री का मूल्य 65000 एवं मदिरा बनाने के बर्तन बरामद किया जाकर परिवहन योग्य ना होने के कारण मौके पर नस्ट किया गया। मौके पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध आब.अधिनियम के तहत गैर जमानतीय धाराओं में प्रकरण कायम किया गया है। उक्त कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक जितेश नायक, आबकारी आरक्षक तुलेश्वर राठौर, लाकेश नेताम, राजेश्वर सिंह ठाकुर, कुलदीप ठाकुर, भेखराम पटेल और वाहन चालक वेदराम साहू का योगदान रहा।

### कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र में स्वच्छता एवं रक्तदान के प्रति लोगों को किया गया जागरूक

रायगढ़, 9 अक्टूबर। कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, रायगढ़ में स्वच्छता ही सेवा एवं रक्तदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक, महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.ए.के.सिंह सहित अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा महाविद्यालय एवं छात्रावास के आस-पास की साफ-सफाई की गई। इस दौरान महाविद्यालय में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें रंगोली, परिचर्चा, निबंध लेखन काव्यपाठ आदि शामिल था। इसी तारतम्य में राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रातः 9.00 बजे रक्तदान करने के लिए जागरूकता रैली निकाली गई और महाविद्यालय में जागरूकता से संबंधित रक्तदान जागरूकता के बारे में विभिन्न प्रतियोगिता एवं रंगोली कार्यक्रम छात्र-छात्राओं के बीज में रखी गई थी। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जी.आर.राठिया द्वारा रक्तदान के महत्व एवं भारत में रक्त की आवश्यकता के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई।

## प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा की गणना आवश्यक:संजय शर्मा

**फिंगेश्वर, 9 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन की प्रांतीय वर्चुअल बैठक का आयोजन किया गया, जिसमे सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शिक्षक मोर्चा द्वारा घोषित कार्यक्रम को सफल बनाना है।बैठक में शिक्षक मोर्चा के मांगो के सम्बंध में विस्तृत जानकारी देते हुए प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा की गणना आवश्यक है, इससे शिक्षकों के क्रमोन्नति, वेतन विसंगति, पदोन्नति, प्रथम नियुक्ति तिथि से पुरानी पेंशन, 20 वर्ष की सेवा में पूर्ण पेंशन की मांग पूरी होगी, लंबित मँहगाई भत्ता व देय तिथि से मंहगाई भत्ता की एरियर्स राशि की मांग पर चर्चा की गयी, तथा सभी एल बी संवर्ग के शिक्षकों तक इस बात की जानकारी देने का निर्णय हुआ कि शिक्षक मोर्चा का हड़ताल व ज्ञापन में केवल एल बी संवर्ग के शिक्षकों की मांगों को लेकर संघर्ष किया जा रहा है, साथ ही महंगाई भत्ता का विषय शिक्षकों के साथ साथ कर्मचारियों का भी है.टीचर्स एसोसिएशन के सभी इकाइयों के आंदोलन में सहभागिता की समीक्षा की गयी तथा सक्रिय साथियों को जिम्मेदारी देने का निर्णय लिया गया।माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर डबल बैंच द्वारा क्रमोन्नति देने सोना साहू के पक्ष में दिए गए फैसले के आधार पर शासन से सभी शिक्षकों के लिए आदेश जारी हो जाए, इस पर शासन स्तर पर पक्ष रखा जा रहा है, शासन द्वारा सुप्रीम कोर्ट में अपील किये जाने की स्थिति में उत्पन्न परिस्थितियों पर विचार विमर्श किया गया.क्रमोन्नति हेतु एल बी संवर्ग के शिक्षकों द्वारा दिए गए आवेदन से शासन स्तर पर अधिकारी चर्चा कर रहे है।एल बी संवर्ग के शिक्षकों के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें उनके स्वत्वों के भुगतान की समस्या व उन्हें मिलने वाले न्यूनतम पेंशन पर चिंता जाहिर किया गया, पुरानी पेंशन लागू होने के बाद भी 10 वर्ष के पूर्व रिटायर होने वाले शिक्षक खाली हाथ घर बैठ रहे है, इस पर चर्चा की गई, आने वाले दिनों में यूपीएस से भी सतर्क रहने कहा गया।प्रांतीय वर्चुअल बैठक में प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, सुधीर प्रधान, वाजिद खान, हरेन्द्र सिंह, देवनाथ साहू, बसंत चतुर्वेदी, प्रवीण श्रीवास्तव,मनोज सनाढ्य, शैलेंद्र पारीक, रंजय सिंह, गुरुदेव राठौर, हेमेन्द्र साहसी,एल डी बंजारा, ओम प्रकाश पांडेय, चन्द्रकांत सिंह ठाकुर, गंगेश्वर सिंह उइके, ऋषिकेश उपाध्याय,प्यारे लाल साहू,जयंत यादव,पूरन लाल साहू,उमेंद सिंह गोटी, केशव साहू, संतोष सिंह, भूपेश सिंह, उदयप्रताप सिंह, नारायण चौधरी, नेतराम साह, ओमप्रकाश सोनकला, परमेश्वर निर्मलकर, राजेश गुप्ता,रमेश चन्द्रवंशी, श्री हरि,स्वदेश शुक्ला, सत्येन्द्र सिंह, पवन सिंह, वीरेंद्र बहादुर तिवारी, भरत सिंह, मनोज चौबे, डोलामणि मालाकार, डॉ भूषण लाल चंद्राकर, आशीष राम, ऋषिदेव सिंह, गोपी राम वर्मा, आशीष राम, राजेश गुप्ता,उदय शुक्ला शामिल हुए।

## जगत जननी के विराजमान स्थल पर कौशल्या ने पहुंचकर लिया आशीर्वाद



**पत्थलगांव, 9 अक्टूबर।** नवरात्र के छठवें दिन प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय मां जगत जननी के दर्शन के लिए पहुंची। उन्होने लुडेग मे नवरात्र के छठवें मां कात्यानी की विशेष पूजा अर्चना करी एवं प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना करी थी। उन्होने पंडाल मे जलाये गये ज्योति कलश के दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली एवं समृद्धि मांगी। लुडेग दुर्गा उत्सव समिती ने कौशल्या साय का चुनरी ओढाकर सम्मान किया। कौशल्या साय लुडेग के दुर्गा पंडाल मे पूजा अर्चना करने के पश्चाते पत्थलगांव पहुंची,उन्होने सर्वप्रथम अंबिकापुर रोड मे विराजमान हिंगलाज मां का भी विशेष श्रृंगार के साथ विशेष पूजन किया। उसके पश्चात उन्होने जशपुर रोड स्थित मां जगत जननी का दर्शन किया।

## विधायक विक्रम मंडावी बथुकम्मा स्थलों में पहुँचकर बथुक्कम्मा का लिया आशीर्वाद



**बीजापुर,9 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी बीते दिनों बीजापुर जिले के भोपालपटनम और बीजापुर विकासखंड के दौरे रहे इस दौरान वे भोपालपटनम के विभिन्न गांव के 250 से अधिक बथुकम्मा स्थालों में पहुँचकर बथुक्कम्मा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त कर क्षेत्र की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना किया और क्षेत्र वासियों को बथुक्कम्मा त्यौहार की बधाई और शुभकामनाएँ दीं है। वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों ने विधायक विक्रम मंडावी का भव्य स्वागत और अभिनंदन किया। अपने प्रेस विज्ञप्ति में विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि बथुक्कम्मा त्यौहार बीजापुर जिले में पुराने समय से मनाते आ रहे हैं बथुक्कम्मा त्यौहार हमारे संस्कृति में रच बस गया है और यह त्यौहार हमारे संस्कृति का अभिन्न हिस्सा बन गया है, इस त्यौहार में विशेष रूप से महिलायें बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती हैं, विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि ग्रामीणों की मांग थी कि बथुकम्मा त्यौहार मनाए जाने वाले स्थलों पर बथुकम्मा शेडों का निर्माण हो जिसे देखते हुए जिले के प्रत्येक गांव में मनाए जाने वाले बथुक्कम्मा स्थलों में बथुक्कम्मा शेड का निर्माण किया गया है। विधायक विक्रम मंडावी के दौरे के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर, जिला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी, जिला पंचायत सदस्य सरिता चापा, जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्यगण, क्षेत्र के सरपंच, पंच सहित विभिन्न ग्राम के गणमान्य नागरिक उनके साथ थे।

## खाद्य विभाग ई-केवाईसी में लाए तेजी:कलेक्टर

**रायगढ़, 9 अक्टूबर।** जिले में ई-केवाईसी की प्रगति अपेक्षाकृत कम है। जिसमें खरसिया शहरी द्वारा ई-केवाईसी पर कार्य नहीं किया गया है, इसी प्रकार अन्य स्थानों की प्रगति भी संतोषजनक नहीं है। सभी एसडीएम ई-केवाईसी की नियमित समीक्षा करते हुए प्रगति लाए। साथ ही सीएमओ, जनपद सीईओ एवं एवं खाद्य विभाग लक्ष्य बनाकर कार्य करें। उक्त बातें आज कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने समय-सीमा की बैठक में खाद्य विभाग की समीक्षा करते हुए कहा। इस दौरान उन्होंने पीडीएस बारदानें जमा करने के स्थिति की भी जानकारी ली।

कलेक्टर श्री गोयल ने ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल में दर्ज प्रकरणों की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने नियमित रूप से प्राप्त आवेदनों का अवलोकन कर समय-सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने केसीसी निर्माण के संबंध में कहा कि लक्ष्य के विरुद्ध प्रगति धीमी है। उन्होंने कृषि विभाग, पशुपालन, उद्यानिकी एवं मत्स्य पालन विभाग को केसीसी बनाने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को इसका लाभ मिल सके। कलेक्टर श्री गोयल ने उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं के कार्यो की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी ग्राम पंचायतों को समितियों से जोड़ने का कार्य किया जाना है, ताकि लोगों को आर्थिक रूप से लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने इस कार्य को प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जिले में उपलब्ध गोदामों एवं उनकी क्षमता की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने जल जीवन मिशन के प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि बारिश समाप्त होने वाली है, सभी निर्माण कार्य तेजी से होने चाहिए। ओवरहेड टैंक और पाइप बिछाने के प्रगतिरत काम को तेजी से पूरा करें। उन्होंने खम्हारपाकुट के इंटकवेल प्रोजेक्ट के माध्यम से लैलूंगा नगरीय निकाय में पानी सप्लाई परियोजना के प्रगति की जानकारी ली। कलेक्टर श्री गोयल ने कार्य के प्रगति हेतु एसडीएम को नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जिले के सभी वाटर बॉडीज की ऑनलाइन पोर्टल में एंट्री की जानकारी लेते हुए एंट्री के कार्य को अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने पीएम आवास की समीक्षा करते हुए कहा कि पीएम आवास शहरी की प्रगति धीमी है। उन्होंने सभी सीएमओ को लक्ष्य निर्धारण कर कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि लक्ष्य पूर्ण किया जा सके। इसी तरह पीएम आवास ग्रामीण के लिए सीईओ जनपद को निर्देशित किया कि स्वीकृत पुराने एवं नए आवास की जानकारी उपलब्ध कराए। कलेक्टर श्री गोयल ने जिले में ब्लड उपलब्धता को लेकर स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि जिले के ब्लड बैंक में उपलब्ध ब्लड डैश बोर्ड के माध्यम से ऑनलाइन दिखे, इसके लिए उन्होंने आवश्यक कार्य करें। उन्होंने मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण अनुदान के संबंध में जानकारी लेते हुए जिला रोजगार अधिकारी को उच्च शिक्षा संस्थान से समन्वय कर संस्थावार स्वीकृत एवं रिजेक्ट आवेदन की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही अग्निवीर के रेसीडेंस ट्रेनिंग हेतु पुलिस विभाग से समन्वय कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जिला परिवहन एवं पर्यावरण अधिकारी को बिना तारपोलिन ढके वाहनों पर लगातार कार्यवाही जारी रखने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने श्रम विभाग को श्रमिकों एवं विद्यार्थियों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों के योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा भी की। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, वनमंडलाधिकारी रायगढ़ सुश्री स्टायलो मण्डावी, एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े, आयुक्त नगर निगम श्री सुनील कुमार चंद्रवंशी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### अधिकारियों को साइबर सुरक्षा की जानकारी देकर दिलाई शपथ

कलेक्टोरेट सभा कक्ष में आज जिला स्तरीय अधिकारियों को साइबर सेल डीएसपी श्री अभिनव उपाध्याय ने साईबर फ्रॉड के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला पुलिस समाज सेवी संस्थाओं के सहयोग से साईबर जनजागरूकता पखवाड़ा का आयोजन कर रही है। जिसका उद्देश्य साईबर फ्रॉड के प्रति लोगों को जागरुक करना है। उन्होंने कहा कि आप समाज में महत्वपूर्ण स्थान रखते है, ऐसे में आपका जागरुक होना अति आवश्यक है। इस दौरान उन्होंने कॉल फॉरवर्ड, पार्सल फ्रॉड, अनजान वीडियो कॉल, ट्रेडिंग स्कैमए ऑनलाइन लोन जैसे विभिन्न साईबर फ्रॉड के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने इससे बचने के उपाय के बारे में बताते हुए कहा कि सोशल मीडिया एकाउंट को लॉक रखने, एटीएम एवं व्यक्तिगत जानकारी देने से बचने जैसे विभिन्न सावधानियों के संबंध में जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि फ्रॉड से बचने के लिए आपको जागरुक होना जरूरी है। धोखाधड़ी होने पर डरे नहीं, आप अपराधी नहीं हो, ऐसी स्थिति में अपने नजदीकी थाना में तत्काल सूचित करें। या साईबर सेल अथवा राष्ट्रीय साईबर हेल्पलाईन नंबर 1930 या व्हाट्स-अप नंबर 94792-81934 पर सूचना दे सकते है। इस दौरान सभी अधिकारियों ने साईबर सुरक्षा की शपथ भी ली।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के लक्ष्य अनुरूप कार्य में तेजी लाएं :कलेक्टर

**बीजापुर,9 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में जिले में संचालित विकास कार्यो की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री जी के प्रवास के दौरान की गई घोषणा के संबंध में विभागीय अधिकारियों को अविलंब आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। वहीं मुख्यमंत्री जनदर्शन के लंबित प्रकरणों को गंभीरतापूर्वक समय-सीमा में निराकृत करने को कहा। विभागवार समीक्षा के दौरान पशुधन विभाग अर्न्तगत किसान क्रेडिट कार्ड की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। जिला विपणन अधिकारी को धान के शतप्रतिशत उठाव का निराकरण करने, समिति मिलान सहित जिले के मिलर्स को शतप्रतिशत चांवल जमा कराने हेतु निर्देश दिया गया।प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्राप्त लक्ष्यों के अनुरूप कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।जिले के 12वीं एवं स्नातक उत्तीर्ण युवाओं को जो प्रतियोगिता परीक्षा में बैठना चाहते है उन्हे लाईब्रेरी से जोड़ने उनकी निःशुल्क कोचिंग क्लास के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बस्तर ओलंपिक 2024 अंतर्गत निर्धारित तिथि 20 अक्टूबर 2024 तक अधिक से अधिक खिलाड़ियों का पंजीयन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए एवं ब्लॉक तथा जिला स्तर पर होने वाले बस्तर ओलंपिक आयोजन के सफल आयोजन के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी दिए। राजस्व विभाग अंर्तगत तहसीलवार आरबीसी 6-4 के लंबित प्रकरणों का निराकरण, अविवादित नामांतरण, बंटवारा, जाति प्रमाण पत्र एवं गिरदावरी की समीक्षा की गई। शैक्षणिक संस्थाओं में संचालित स्मार्ट क्लास के टीव्ही, प्रोजेक्टर के समुचित संचालन के निर्देश दिए गए। वहीं सभी शासकीय संस्थाओं में सौर ऊर्जा विभाग द्वारा लगाए सोलर लाईट का अवलोकन कर आवश्यकतानुसार मरम्मत कराने को कहा गया।भैरमगढ़ ब्लॉक के कुटरू में भारतीय स्टेट बैंक के शाखा खोलने एवं बैंक का संचालन करने के निर्देश दिए गए।आधार कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड बनाने में व्यापक प्रगति लाने अभियान के रूप में कार्ड बनाने के निर्देश दिए।



## बस संचालकों को नया बस स्टैण्ड से सवारी लेने के निर्देश

**बीजापुर, 9 अक्टूबर ।** बीजापुर ब्लॉक के नैमेड़ एवं भैरमगढ़ में नया बस स्टैण्ड बनकर पूरी तरह तैयार हो चुका है। प्रायः यह देखा जा रहा है कि बस ड्राइवर एवं कंडक्टर द्वारा उक्त दोनो नया बस स्टैण्ड से सवारी न लेकर रास्ते में कई जगहों पर रोककर सवारी लिया जाता हैं

नया बस स्टैण्ट को संचालित करने हेतु जिला परिवहन अधिकारी द्वारा समस्त बस संचालकों को निर्देशित किया गया है कि अपने बस ड्राइवर और कंडक्टर को समझाइस देकर यात्री बसों को नया बस स्टैण्ड में रोककर सवारी चढ़ाएं एवं उतारे बीच-बीच में सवारी चढ़ाने-उतारने से अनावश्यक सड़कों पर जाम एवं अवरोध की स्थिति उत्पन्न होती है। अन्यत्र जगहों पर बस खड़ी न करके निर्धारित स्थान पर ही रोके।

उक्त निर्देशों के पालन नहीं करने पर नियमानुसार दंडात्मक एवं चलानाी कार्यवाही भी की जाएगी। उक्त संदर्भ में संबंधित विभागीय अधिकारियों को भी सूचित किया गया ताकि यातायात को सुगम और यात्रियों के हित में निर्देशो का पालन कराना सुनिश्चित किया जा सके।

## जनदर्शन में हरिचंद के आवेदन पर त्वरित कार्रवाई, वाहन का स्थायी लाइसेंस हुआ जारी

**रायगढ़, 9 अक्टूबर।** जनदर्शन में तहसील लैलूंगा ग्राम-नारायणपुर के रहने वाले श्री हरिचंद छत्तर वाहन का स्थायी लाईसेंस जारी कराये जाने के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे थे। उन्होंने कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल को बताया कि टू व्हीलर एवं फोर व्हीलर वाहन के लाईसेंस हेतु आवेदन किया था। जिसमें निर्धारित प्रक्रिया अनुसार लर्निंग लाईसेंस तो प्राप्त हुआ, लेकिन बीते 7 माह के बावजूद भी स्थायी लाईसेंस अप्राप्त था। जबकि वे विभागीय अनुसार सारा दस्तावेज जमा कर चुके है। उन्होंने कलेक्टर को बताया कि वे वाहन परिचालन का कार्य करते है और स्थायी लाईसेंस न मिलने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री गोयल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारी को आवेदन पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। निर्देश के परिपालन में संबंधित अधिकारी द्वारा आवेदन पर कार्यवाही करते हुए आवेदक को मौके पर स्थायी लाईसेंस जारी कराया गया।



कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने आज जिला कार्यालय के सृजन सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में ग्रामीणों एवं जनसामान्य से मुलाकात कर उनकी शिकायतें एवं समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनी। जिले के ग्रामीणजन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर श्री गोयल ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को जनदर्शन में शासन की योजनाओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करते हुए हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े, आयुक्त नगर निगम श्री सुनील कुमार चंद्रवंशी सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।जनदर्शन में दिलकुंवर सिदार, रायगढ़ ने व्यवसाय हेतु विधिवत ऋण राशि स्वीकृत होने के बावजूद भी बैंक प्रबंधन द्वारा राशि प्रदाय न किए जाने के संबंध में आवेदन लेकर पहुंची थी। उन्होंने बताया कि व्यवसाय करने हेतु विधिवत आवेदन प्रस्तुत की थी। उक्त आवेदन पर राशि भी स्वीकृत हो गयी है। लेकिन बैंक प्रबंधन द्वारा आवेदिका को राशि देने में टाल-मटोल किया जा रहा है। जिससे उन्हें आर्थिक एवं मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर श्री गोयल ने संबंधित अधिकारी को आवेदन पर उचित कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी तरह वार्ड क्रमांक 28 चंद्रनगर के मोहल्लेवासी अवैध मकान निर्माण को रोक लगाए जाने के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि मोहल्ले में गली के मुख्य नाली को बंद कर लक्ष्मीनारायण द्वारा मकान का निर्माण कराया जा रहा है। जबकि उसी नाली में मोहल्ले के कई घरों का निस्तार पानी पाईप के माध्यम से जा रहा है। मोहल्लेवासी संबंधित व्यक्ति को ऐसा करने से मना करने पर उनके द्वारा धमकाया जा रहा है। कलेक्टर श्री गोयल ने आयुक्त नगर निगम को आवेदन पर जांच कार्यवाही के निर्देश दिए। प्राची विहार कालोनी के रहवासियों मोबाइल टॉवर हटाये जाने के संबंध में आवेदन लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि प्राची विहार कालोनी टीवी टावर अतरमुड़ा के पास स्थित है जो कि पूर्णतः आवासीय कालोनी है। यहां कालोनी के गली नंबर 2 में निवासरत एक व्यक्ति के मकान के ऊपर एयरटेल का मोबाइल टॉवर लगा हुआ है। जो कि पिछले चार महीनों से संचालित हो रहा है। संबंधित व्यक्ति द्वारा मोबाइल टॉवर स्थापित करने से पूर्व कालोनी समिति से अनुमति भी नहीं ली है, जो कि पूर्णतः अवैध है। उन्होंने बताया कि मोबाइल टावर से निकलने वाले रेडिएशन बहुत ही खतरनाक है और यह स्वास्थ्य के लिए बहुत ही हानिकारक है। ऐसी स्थिति को लेकर कालोनीवासी कलेक्टर को उक्त मकान से मोबाइल टावर हटाये जाने के संबंध में निवेदन किया।

## एक नजर

### अंडर-20 नेशनल चैंपियनशिप दौड़ में राहुल ने जीता कांस्य पदक



**भखारा 9 अक्टूबर।** 35 वीं वेस्ट जोन जूनियर एथलेटिक्स नेशनल चैंपियनशिप 2024 का आयोजन राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज यूनिवर्सिटी ग्राउंड नागपुर में 4 अक्टूबर से 6 अक्टूबर तक हुआ जिसमें धमतरी जिले के नगर पंचायत भखारा,वार्ड क्रमांक - 15 निवासी राहुल साहू पिता तुलाराम साहू ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अंडर - 20 बालक दौड़ में 400 मीटर की दौड़ 51.07 सेकंड में पूरा करते हुए कांस्य पदक अपने नाम कर लिया राहुल ने यह खिताब जीतते हुए अपने गुरुजनों सहित नगरवासियों का नाम रोशन किया है बता दें कि होनहार राहुल बीए फर्स्ट ईयर दावड़ा यूनिवर्सिटी अभनपुर का छात्र है उनके इस सफलता में ट्रेनर बिमल बेरा,कोच आर.के पिल्ले का विशेष योगदान रहा।

### विधायक के प्रयास से भाटापारा राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ा

**भाटापारा 9 अक्टूबर।** भाटापारा अब राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ जायेगा,इसके लिए केंद्रीय मंत्री



नितिन गडकरी ने अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है,विधायक इंद्र साव के द्वारा 2 माह पूर्व ही दिए गए प्रस्ताव पर स्वीकृति मिलने पर विधायक श्री साव ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के प्रति आभार व्यक्त किया है,वही अंचल वासियों ने जनहित के मामले को उठाने पर विधायक इंद्र साव का आभार जताते हुए केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया है। विदित हो कि लगभग 2 माह पूर्व 30 जुलाई को विधायक इन्द्र साव ने दिल्ली प्रवास के दौरान केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर बलोदा बाजार-- भाटापारा - लिमतरा 45किमी मार्ग को राष्ट्रीय राज मार्ग से जोड़ने बाबत एक मांग पत्र दिया था। केंद्रीय मंत्री ने विधायक की मांग पर सहानुभूति दिखाते हुए उनके मांग पत्र की जांच रिपोर्ट पर कार्यवाही करने संबंधित विभाग के अधिकारियों को 13 अगस्त को पत्र लिखा था और विधायक इंद्र साव के मांग पत्र की जांच रिपोर्ट आने के पश्चात केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने विधायक इंद्र साव से मिले प्रस्ताव पर अपनी मुहर लगाते हुए रतनपुर, लोरमी ,मुंगेली,नांदघाट भाटापारा होते बलोदाबाजार तक की लगभग 135 किमी सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने की सैद्धांतिक मंजूरी देते हुए इसके लिए करोड़ों रुपए की स्वीकृति भी प्रदान कर दी है। विधायक इंद्र साव ने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को बताया था की छत्तीसगढ़ के जिला-रायपुर से जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा तक फोर लेन सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने से क्षेत्र की जनता में काफी हर्ष व्याप्त है वही साव ने उक्त मार्ग की स्वीकृति का विस्तार जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा से लेकर रायपुर-बिलासपुर राष्ट्रीय राज मार्ग 45 किमी नांदघाट तक फोर लेन सड़क निर्माण कार्य को बढ़ाने से इस क्षेत्र के अधौगिक, व्यवसायिक क्षेत्र के साथ साथ आम नागरिकों को भी छत्तीसगढ़ के प्रमुख शहरों व प्रदेश के अन्य स्थानों तक सुगम सड़क आवागमन करने में सुविधा होगी। विधायक श्री साव ने केंद्रीय मंत्री को यह भी बताया था की बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में सीमेंट निर्माण एवं स्पंज आयरन सहित लगभग 511 विभिन्न प्रकार के छोटे बड़े उद्योग स्थापित है, जिनसे निर्मित एवं उत्पादित वस्तुएं प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों तक भारी वाहनों से सड़क मार्ग से भेजे जाते है और इस मार्ग पर रोजाना हजारों की संख्या में भारी वाहन (ट्रके) चलते है, जिसके फलस्वरूप भारी माल वाहनों के आवागमन से सड़को की हालत निरंतर जर्जर होते रहती है।

### चार आपदा पीड़ित परिवारों को 16 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**बलौदाबाजार,9 अक्टूबर।** प्राकृतिक आपदा से चार मृत व्यक्ति के निकट परिजन के लिए 16 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। चार व्यक्ति के लिए 16 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाभान्वित हितग्राही में राजकुमारी वर्मा पति स्व. रामकुमार वर्मा निवासी ग्राम जरहागांव तहसील भाटापारा, धनेन्द्र साहू पिता कमलनारायण निवासी ग्राम मुड़पार खेलावन धीवर पिता जनकराम धीवर ग्राम ससहा तहसील पलारी, संतोष कुमार खड़िया पिता स्व. जगतराम खड़िया निवासी वनग्राम दोंद तहसील सोनाखान शामिल हैं। हितग्राही के निकट परिजन के आग में जलने, तालाब के पानी में डूबने तथा सर्पदंश के कारण मौत हो गई थी।

# अंचल में शक्ति की भक्ति में डूबे श्रद्धालु

## जय मां महामाया सेवा समिति कर रही है माता की आराधना



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा 9 अक्टूबर।** शारदेय नवरात्रि के पावन पर्व पर देवी मंदिरों में आस्था के दीप प्रज्वलित किए गए हैं। माता के दर्शन पाने भक्तों का तांता लगा हुआ है। दूर-दराज से श्रद्धालू पान, फूल, नारियल, श्रृंगार सामग्री लेकर बाजा गाजा के साथ माता की आराधना में डूबे हुए हैं। जगह-जगह जगज्योति जवारा, माता की प्रतिमा स्थापित कर भजन कीर्तन रहे हैं। देवालयों में भक्तगण ढोल, मांदर, झांझ मजीरा के साथ माता के यश का बखान कर रहे हैं। जय मां महामाया सेवा मंडली छुरा भी शक्ति की भक्ति में तल्लीन है। मंडली के कोषाध्यक्ष राहुल नामदेव बताते हैं कि प्रतिवर्ष की भांति ही हम माता के दुआरी जा-जाकर पारंपरिक और आधुनिक तर्ज पर मांदर धुन के साथ सेवा करते हैं। अंचल के प्रसिद्ध लोकगीत गायक सेवानिवृत्त व्याख्याता के.आर. सिन्हा को अपना आदर्श एवं मार्गदर्शक मानते हैं। प्रमुख रूप से हिंगलाज भवानी, माता शक्ति अवतरण गीत, सती सुलोचना की कथा, महिषासुर मर्दिनी कथा, श्रृंगार, लड़ाई, श्री गणेश जन्म कथा, श्री कृष्ण बाल लीला, ब्रह्मानंद भजन, हिरण्यकश्यप प्रहलाद भक्ति कथा, शिव शक्ति विवाह प्रसंग, मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र-रावण युद्ध की गाथा, दानवीर हरिश्चंद्र, महादानी मोरजध्वज राजा, द्रोपदी चीरहरण, महाभारत की कथा के माध्यम से माता की स्तुति करते हैं। मंडली के मुख्य गायक अर्जुन धनंजय सिन्हा, नाल वादन लुकेश ध्रुव, मांदर वादन संतराम साहू, प्रवीण सिन्हा, मोहन, सागर, कोरस राहुल नामदेव, जितेन्द्र पाटकर, छन्नू, भेखराज, लूसेन, खुमेश, पार्थ, पुराण, देवेन्द्र ठाकुर, सौरभ, डिगेश्वरी गोस्वामी आदि माता सेवा में लगे हुए हैं। सनातन संस्कृति को सहेजने योगिता सिन्हा, उम्र 5 वर्ष और गुंजन सिन्हा उम्र 9 वर्ष के बाल्यकाल से ही प्रतिदिन देर रात्रि तक माता सेवा में लीन रहते हैं।

### भखारा में चैतन्य देवी झांकी का शुभारंभ

**भखारा 9 अक्टूबर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय भखारा में नवरात्रि के पावन पर्व पर चतुर्थ दिवस से चैतन्य देवियों का झांकी का शुभारंभ किया गया है। झांकी शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष कांति सोनवानी,जिला पंचायत सदस्य तारिणी चंद्राकर,नगर पंचायत भखारा अध्यक्ष पुष्पलता देवांगन,पूर्व जनपद सदस्य रामगोपाल देवांगन,पार्षद भारती साहू,ब्रम्हकुमारी प्रजापति ईश्वरीय मुख्य संचालिका बी.के. सरिता बहन उपस्थित रहे। इस अवसर पर कांति सोनवानी ने कहा कि राजयोग के निरंतर अभ्यास से काम क्रोध लोग मोह सभी प्रकार की बुराइयों से छुट सकते है,और एक अच्छा मानव बन सकते है इसी क्रम में तारिणी चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि ब्रह्माकुमारी के द्वारा लगातार इस प्रकार के जो देवियों की झांकी और अन्य कार्यक्रम कराए जाते हैं उनके द्वारा वास्तव में लोगों के विचारों में बहुत सुधार हो रहा है उन्होंने नशा मुक्ति के बारे में युवाओं का आह्वान किया की बदलती हुई परिस्थितियों में आप युवा इस नशा को छोड़कर समाज को आगे बढ़ाये इस संस्था से जुड़कर अपने जीवन को चरितार्थ करें और और बुराइयों से बचे। पूर्व जनपद सदस्य रामगोपाल देवांगन ने कहा कि परमात्मा से जो शक्ति लेकर साधारण मानव अपने विकारों को छोड़ते हैं,सही मायने में जो अपने अंदर जाकर उस अहंकार को छोड़ते है जिससे हम सही मानव बन सकते हैं। मुख्य संचालिका बी.के. सरिता दीदी जी ने अपने दिव्य उद्बोधन में कहा की इन बहनों के त्याग तपस्या से जो यह मूर्ति दिखाई दे रहा है इस शक्ति को आप भी पा सकते हैं परमात्मा की याद और अपने अंदर मनोविकारों को परमात्मा की शक्ति से नाशकर यह शक्तियां पाई जा सकती है चैतन्य झांकी को देखने नगर सहित अंचल के लोग बड़ी संख्या में उमड़ रहे है।





अंवरी बाजार चौक में विराजित माताजी की मूर्ति।

### अंगारमोती में जले 21 मनोकामना ज्योत



**भखारा।** ग्राम पूरेना में स्थित माँ अंगारमोती मंदिर में भक्तों द्वारा 21 मनोकामना ज्योति प्रज्वलित गया है माता अंगारमोती की सेवा में महेश पुजारी पूरेना,थानसिंग साहू जोरातराई,अशोक टंडन,हरीश, होरिलाल,हिमेश वेदप्रकाश, धर्मेंद्र साहू सहित भक्त लगे हुए है।

# आईएसबीएम विश्वविद्यालय में विश्व प्राणी दिवस मनाया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा 9 अक्टूबर।** आई एस बी एम विश्वविद्यालय, छुरा में विज्ञान संकाय, विज्ञान क्लब और माइक्रोबायोलॉजिस्ट्स सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में 8 अक्टूबर 2024 को विश्व प्राणी दिवस आयोजन किया गया।जो हर साल 4 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस कार्यक्रम में विधार्थियों द्वारा भिन्न -भिन्न विषय पर व्याख्यान प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया । कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई, जिसके बाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. आनंद महलवार ने बताया कि प्राणी संरक्षण केवल प्रजातियों को बचाने के बारे में नहीं है, बल्कि पूरे पारिस्थितिकी तंत्र और मानव जीवन को संतुलित और समृद्ध बनाए रखने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। हमें वन्य जीवों के संरक्षण के प्रति जागरूक और संवेदनशील होना चाहिए, ताकि हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक समृद्ध और स्थिर पर्यावरण छोड़ सकें। इसके बाद विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ. बी पी भोल ने बताया कि कोई भी जीव बेवजह किसी भी अन्य जीव को नुकसान नहीं पहुंचता है बल्कि वह अपनी सुरक्षा में कमी महसूस करने पर अपनी सुरक्षा के लिए दूसरे जीवो पर हमला करते हैं जैसे कि सांपों के द्वारा किया जाने वाला हमला हो या जंगली जीवों के द्वारा किया जाने वाला हमला सभी प्रकरणों में जीवन के आत्मरक्षा के लिए हमला किया जाता है। अकादमी अधिष्ठाता एवं आईक्यूएसी डायरेक्टर एन. कुमार स्वामी ने बताया की जंगली प्राणी और पालतू प्राणी के संरक्षण और सुरक्षा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जंतुओं के बगैर मनुष्य का जीवन खतरे में पड़ सकता है अतः हमें किस प्रकार से अपने आप को और जीवन को बचाना चाहिए । विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ. पी वी विश्वनाथन पारिस्थितिकी तंत्र में वन्य जीवों की भूमिका के बारे में बताये कि वन्य जीव पारिस्थितिकी तंत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। वे विभिन्न पारिस्थितिक प्रक्रियाओं में योगदान करते हैं और इस प्रणाली के संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विज्ञान संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ. पूनम वर्मा द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। अपने उद्बोधन में कहा कि विश्व प्राणी दिवस का प्रारंभ कब से और क्यों हुआ और आज की परिपेक्ष में इसकी क्या जरूरत है । उसके बाद इस कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा प्रतिभागियों को प्रशस्ती पत्र प्रदान किया गया जिसमें व्याख्यान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कामिनी साहू, द्वितीय स्थान ज़ाहिर मेमन एवं मोनिका तृतीय स्थान चन्द्रकिरण साहू ने प्राप्त किया ।


## कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सुकमा, जिला-सुकमा (छ.ग.)

// ई-प्रोक्योरमेंट तृतीय दौर निविदा सूचना क्रमांक 03 एवं 04 //

क्रमांक/ 584&586/व.ले.लि./ग्रा.यां. सेवा/2024-25, सुकमा दिनांक 04/10/2024

1. एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा दिनांक 14/10/2024 तक आमंत्रित की जाती है :-

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.लाख में) | कार्यालय में निविदा की मैनुअल दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| हाई स्कूल भवन निर्माण कार्य पोलमपल्ली, वि.ख. कोन्टा। | 95.68 लाख | 15/10/2024 शाम 5.30 बजे । |
| हाई स्कूल तोंगपाल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य (G+1 Block -1) & 4 Unit वि.ख.-छिन्दगढ़ | 61.52 लाख | |

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेब साईट http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 07/10/2024 से देखी / डाऊनलोड की जा सकती है ।

कार्यपालन अभियन्ता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सुकमा
जिला - सुकमा (छ.ग.)

जी- 242503010/4


# रामलीला में राजा हरिशचन्द्र की मार्मिक प्रस्तुति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा 9 अक्टूबर।** भाटापारा की 105 वें की रामलीला मंचन के पंचमी दिवस पर सतयुग की कथा पर आधारित सत्यवादी राजा हरिशचंद्र उर्फ गुलशन का नाग की मार्मिक कथा संगीतमयी नाटक की प्रस्तुति दी गई जिसे देखने दर्शकों की भीड़ उमड़ी। कथा की मार्मिकता और कलाकारो के करूणामयी कदाकारी ने दर्शको के आंखो से आँशु छलका दिये। राजा हरिशचंद्र का सत्य पालन के खातिर परिवार और राज्य का त्याग वही रानी-राजा का पुत्र वियोग की लीला ने दर्शको को भाव विभोर कर दिया। हरिशचंद्र राजा के रोल में कोमल शर्मा,रानी आयुष तिवारी,रोहित शुभ केशरवानी,पंडित काव्यांश,चांडाल लव शर्मा,इंद्र अभि,नारद शौर्य,वरिष्ठ मंगल,विष्वामित्र सागर एवँ कलाकार नजर आए । जोहरा बाई के रूप में धरमपाल सोनी ने जानदार कलाकारी की। पांचवें दिन के कार्यक्रम में भगवान श्रीराम जी की आरती शैक्षणिक संस्थाओं के प्रमुख एवं शहर के सम्मानित डॉक्टर मौजूद रहे जिनमें प्रमुख रूप से डॉ. पूजा समीर भृगु, डॉ. विकास आडील, डॉ. पूनम आडील, डॉ. श्रीकांत शुक्ला, नितेश मुंधड़ा, डॉ.सुप्रिया मुंधड़ा, तंजीव अरोरा, स्मृति अरोरा, श्रीमती प्रीति ताम्हणे, सदर बाजार व्यापारी संघ आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे । डॉ. पूजा भृगु ने कहा कि इस रामलीला का इंतजार हम हर साल 2 महीने पहले से ही किया करते हैं । डॉ. एस के पांडे अंबुजा विद्यापीठ ने कहा शिक्षा के साथ-साथ संस्कार बहुत जरूरी है संस्कार के बिना शिक्षा अधूरी होती है इस रामलीला ने बच्चों को न्यूज मेकर बना दिया । डॉ. विकास आडील ने प्रभु श्री राम के चरित्रों को आत्मसात करने का प्रयास करने का संदेश दिया।वरिष्ठ तंजीव अरोरा ने भी कलाकारों की लगन मेहनत की प्रशंसा की एवं रामलीला समिति संचालकों की बहुत प्रशंसा की ।

### मंत्री टंक राम वर्मा नवरात्रि पर आयोजित गरबा महोत्सव में हुए शामिल

**तिल्दा नेवरा 9 अक्टूबर।** गरबा महोत्सव में सम्मिलित होकर नवरात्रि के उल्लासमय आयोजन का आनंद लिया। इस दौरान राजस्व



मंत्री तिल्दा नेवरा में विभिन्न माता के कार्यक्रमों में समल्हित हुए माता के जगराता में माता के भजनों में भक्तों के साथ मंत्री जी भक्ति मय होकर भजनों का आनद लिया।नगर में इस बार हर वर्षो की तरह जगह जगह माता के पंडाल बनाए गए है पूरे नवरात्रि में माता के भजनों से तिल्दा नेवरा भक्ति में डूब गया है। दूर दराज ग्रामीण अंचलों से आने वाले भक्तो के लिए पेयजल ओर भंडारे की भी भक्त व्यस्था की है नेवरा नगर से लेकर स्टेशन चौक सिमगा मार्ग खरोरा मार्ग आदि क्षेत्रों में भंडारे माता के प्रसाद की भक्त अपने अपने स्तर पर कर रहे है मावली मंदिर तिल्दा और नेवरा के प्राचीन मंदिर में भक्तो की उमड़ी भीड़ दूर दूर से माता देवालयों में भक्त आ रहे है इस तरह नेवरा हाई स्कूल मैदान गांधी चौक सुभाष चौक सिंधी कैंप आदि सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति यो के पंडालों में भक्तो की भीड़ बढ़ रही है।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद् किरन्दुल, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

क्र./715 / रा.शा./नपापरि/2024 किरन्दुल दिनांक 07/10/2024

### ऑफर सूचना

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुख्यमंत्री स्वालंबन योजनान्तर्गत वार्ड क्र. 04 बंगाली कैंप में निर्मित व्यवसायिक दुकानों का आबंटन किया जाना है दुकान वर्तमान समय में जिस स्थिति में है उसी स्थिति में दिये जाने अष्टम ऑफर सूचना बंद लिफाफा में ऑफर 17/10/2024 को कार्यालय अवधि तक आमंत्रित किया जाता है जो दिनांक 18/10/2024 को कार्यालय अवधि में खोला जावेगा इच्छुक व्यक्ति अपना ऑफर निर्धारित तिथि एवं समय स्थान पर रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट के माध्यम से अमानत राशि 5000.00(पांच हजार रूपये मात्र) टी.डी.आर. मुख्य नगरपालिका अधिकारी के पक्ष में एवं अन्य अभिलेख के साथ ऑफर प्रस्तुत कर सकते हैं ऑफर की नियम शर्तें एवं जानकारी कार्यालयीन कार्य दिवस में राजस्व शाखा से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. | आरक्षण | दुकान क्र. | दुकानों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | अनुसूचित जाति | 02,05 एवं 14 | 03 |
| 2 | अनुसूचित जनजाति | 01,04,07 एवं 17 | 04 |
| 3 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 09,11 एवं 16 | 03 |
| 4 | विधवा एवं परित्याक्ता | 03 | 01 |
| 5 | शिक्षित बेरोजगार | 13 | 01 |
| 6 | महिला वर्ग | 06 एवं 12 | 02 |
| 7 | अनारक्षित | 08.10 एवं 15 | 03 |

निकाय क्षेत्रान्तर्गत निवासरत 18 वी 40 वर्ष तक की आयु के बेरोजगार युवक/युवतियां जिनके पालक का आय एक लाख रूपये प्रतिवर्ष से कम हो वे इसे योजना के पात्र होंगे युवक/युवतियां केवल एक ही दुकान के लिये आवेदन प्रस्तुत करें।

**टीपः**- ऑफर (आवेदन पत्र)ए - 4 साईज पेपर में हस्तलिखित अथवा अंकित होना चाहिये, जिसमें आवेदक का नाम, पिता/पति का नाम, वर्ग, स्थाई पता आवेदक का फोटो अभिप्रमाणित जानकारियां निर्धारित तिथि तक भेजे जा सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद किरन्दुल


## सोनाखान गिरौदपुरी से बसपा की निकाली गई

# आरक्षण बचाओ यात्रा का धमतरी के अंबेडकर चौक में शानदार स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भखारा 9 अक्टूबर।** बहुजन समाज पार्टी छःग प्रदेश ईकाई द्वारा आत्म सम्मान स्वाभिमान जगाओ यात्रा 24 सितम्बर सोनाखान गिरौदपुरी से निकाली गई यात्रा का धमतरी पहुंचने पर शहर के अंबेडकर चौक में भव्य आतिशबाजी कर कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। यात्रा का नेतृत्व छत्तीसगढ़ प्रदेश बहुजन समाज पार्टी के अध्यक्ष श्याम टंडन के नेतृत्व में निकाली गई जिसमें प्रमुख रूप से छः ग प्रदेश के प्रभारी दाऊराम रत्नाकर पूर्व विधायक पामगढ़,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ओपी वाजपेई, महासचिव लता गेडाम,इंजीनियर रामेश्वर खरे पूर्व विधायक सीपत, प्रदेश सचिव जयप्रकाश बंजारे,अनिल बक्शी,बिलासपुर जिला अध्यक्ष हेमचन्द मिरी, इन्सेट कुजूर,रायगढ़ जिला अध्यक्ष खान,अंजीर रत्नाकर की मौजूदगी रहा,इस अवसर पर

दाऊराम रत्नाकर ने कहा कि पूरे देश में एससी-एसटी ओबीसी समाज के साथ बड़े पैमाने पर अन्याय अत्याचार हो रहा है आरक्षण वर्गीकरण कीर्मीलेयर लेटर एन्टी,बलौदा बाजार मामले में सतनामी समाज के निर्दोष युवाओं की रिहाई,साहू समाज के व्यक्ति के साथ हुए कवर्धा के मामले पर अपनी आवाज बुलंद करते हुए शासन के खिलाफ जमकर प्रहार किया। प्रदेश अध्यक्ष श्याम टंडन ने कहा कि आज शांत प्रिय छत्तीसगढ़ अशांत हो गया है आये दिन अन्याय अत्याचार हो रहे हैं भाजपा की सरकार में न अनुसूचित जाति,जनजाति और न ही ओबीसी समाज की भलाई हो रही है ये सभी समाज परेशान हैं इसलिए सभी आपस में भाईचारा बनाकर बसपा की सरकार बनाना है तभी आप सभी समाज का भलाई हो सकता है। बसपा नेता आशीष रात्रे ने बताया कि पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी का यह आत्म सम्मान स्वाभिमान जगाओ यात्रा से पूरे कार्यकर्ताओं का जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है धमतरी में भी कार्यकताओं का उत्साह देखने को मिला। आशीष रात्रे ने बताया कि आज खासकर मुस्लिम समाज के भाइयों को विशेष टारगेट में लेकर माब लिचिंग के नाम पर अत्याचार हो रहा है हिन्दू खतरे में है कहकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं जबकि उपर से नीचे तक सभी हिन्दू बैठे हुए हैं खतरे में हिन्दू नहीं इनकी राजनीति खतरे में है जानबूझकर भाजपा के लोग हिन्दू मुस्लिम कर रहे हैं इस कार्यक्रम में आर.पी संभाकर,प्रेमलाल कुर्रे,दिलीप रात्रे,प्रकाश सिंह बादल,अशोक मेश्राम,हन्नु ताड़ी,रुपेश बघेल,कामदेव बघेल,विनोद बघेल,भूषण देशलहरे,प्रदीप बघेल,सगीर भाई,कल्याण सिंह निर्मलकर,किसन चंद सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे !


## कार्यालय अधीक्षण अभियंता
## लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर

Email - sepwdkanker.2010@rediffmail.com / se.kanker@nic.in, Fax No. 07868-224040

### //ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना//

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित भवन/सड़क कार्य हेतु दिनाँक 22.10.2024 समय 17:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. | एन.आई. टी. नंबर | टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | 80 | 159509 | उप-संभाग क्र.01 कोण्डागांव के अंतर्गत गैर आवासीय भवनों का विशेष मरम्मत कार्य। | 20.00 लाख |
| 02 | 81 | 159510 | उप-संभाग क्र.01 कोण्डागांव के अंतर्गत आवासीय भवनों का विशेष मरम्मत कार्य। | 20.00 लाख |
| 03 | 82 | 159511 | उप-संभाग क्र.01 कोण्डागांव के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में पुल-पुलियो का वार्षिक मरम्मत कार्य। | 20.00 लाख |
| 04 | 83 | 159512 | उप-संभाग क्र.01 कोण्डागांव के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में पुल-पुलियो का विशेष मरम्मत कार्य। | 20.00 लाख |
| 05 | 84 | 159513 | उप-संभाग क्र.02 कोण्डागांव के अंतर्गत आवासीय भवनों का वार्षिक मरम्मत कार्य। | 15.00 लाख |
| 06 | 85 | 159514 | उप-संभाग केशकाल के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में पुल-पुलियो का वार्षिक मरम्मत कार्य। | 20.00 लाख |
| 07 | 86 | 159515 | उप-संभाग केशकाल के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में पुल-पुलियो का विशेष मरम्मत कार्य। | 15.00 लाख |
| 08 | 87 | 159516 | उप-संभाग क्र.02 कोण्डागांव के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में पुल-पुलियो का विशेष मरम्मत कार्य। | 20.00 लाख |
| 09 | 88 | 159517 | उप-संभाग क्र.02 कोण्डागांव के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में पुल-पुलियो का वार्षिक मरम्मत कार्य। | 20.00 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल **https://eproc.cgstate.gov.in** अथवा विभागीय वेबसाईट **https://eproc.cgstate.gov.in** से डाऊनलोड की जा सकती है।

नोटः- द्वितीय आमंत्रण

**डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि 22.10.2024**

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, कांकेर
मण्डल कांकेर

जी- 242503023/4

## एक नजर

### मुख्यमंत्री साय 10 को लेंगे समीक्षा बैठक, नहीं होगा जनदर्शन

**रायपुर 9 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज मंत्रालय में विभिन्न विभागों की समीक्षा करेंगे. दोपहर 2.50 से शाम 5 बजे तक चलने वाली इस बैठक में योजनाओं की समीक्षा की जाएगी. इस दौरान सीएम साय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश भी देंगे. लोगों की समस्याओं जानने और उनका समाधान करने सीएम हाउस में हर गुरुवार को जनदर्शन का आयोजन किया जाता है. इस बार गुरुवार यानि 10 अक्टूबर को होने वाले जनदर्शन को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है.

### भारत माता स्कूल के छात्रों का सम्मान

**रायपुर 9 अक्टूबर।** आधुनिकता के साथ आगे बढ़ने से सबसे अधिक नुकसान यदि किसी को पहुँचा है, तो पर्यावरण को। यदि इसके समाधान पर विचार किया जाए, तो बच्चों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने से न सिर्फ नई पीढ़ी हरित भविष्य की संरक्षक बनकर खड़ी होगी, बल्कि पर्यावावैं भी तेज गति से बेहतर हो सकेगा। इसे समझते हुए ओटिस इंडिया ने मेड टू मूव कम्युनिटीज़ ग्लोबल चैलेंज में छत्तीसगढ़ के बिलासपुर स्थित भारत माता हायर सेकेंडरी स्कूल के आठ छात्रों को सम्मानित किया। इन छात्रों ने गो-ग्रीन नामक प्रोजेक्ट के तहत पर्यावरण के अनुकूल यातायात समाधान प्रस्तुत किया। ओटिस इंडिया के विशेषज्ञ मेंटर्स की मदद से, छात्रों ने हरे-भरे क्षेत्रों को बढ़ावा देने और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया।

### एजीसीओ का दावा खारिज

**रायपुर 9 अक्टूबर।** मद्रास उच्च न्यायालय में दायर एक मामले में टैफे ने मैसी फ़र्ग्यूसन ब्रांड के स्वामित्व पर अपना दावा पेश किया। चेन्नई की वाणिज्यिक न्यायालय ने मैसी फ़र्ग्यूसन ब्रांड के संबंध में अंतरिम यथास्थिति का आदेश पारित करते हुए टैफे के पक्ष में फैसला सुनाया है, अतैव किसी भी पक्ष के लिए 29 अप्रैल 2024 तक की स्थिति को बदलना अस्वीकार्य है, और ऐसा करने का कोई भी प्रयास न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन होगा। टैफेने एजीसीओ के खिलाफ न्यायालय के आदेशों की अवहेलना हेतु चेन्नई में एक अवमानना याचिका दायर की है।

### इलेक्ट्रॉनिक दुकान के गोदाम से लाखों रुपए का सामान पार

**रायपुर, 9 अक्टूबर ।** श्री इलेक्ट्रॉनिक दुकान के गोदाम का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने लाखों रुपए का सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सोमित ईसरानी 25 वर्ष आनंद विहार तेलीबांधा का रहने वाला है। प्रार्थी का अमलीडीह मेन रोड में श्री इलेक्ट्रॉनिक दुकान का गोदाम है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के गोदाम के शटर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और तांबा तार, पंखा, स्वीच, साकेट व अन्य सामान पार कर दिया। चोरी गए सामानों की कुल कीमत करीब 2 लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

**रायपुर, 9 अक्टूबर।** टिकरापारा और तेलीबांधा थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार श्रद्धाविहार कालोनी बोरियाखुर्द टिकरापारा निवासी लालाराम साहू 38 वर्ष ने टिकरापारा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 जे 3347 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। इसी तरह दूसरे मामले में भावना नगर खम्हारडीह निवासी प्रार्थी पारस बाग 38 वर्ष ने तेलीबांधा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एम 6881 को लाभांडी शराब दुकान के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### जुआरी और सटोरिए चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायपुर, 9 अक्टूबर।** राजधानी पुलिस ने अभियान चलाकर अलग-अलग थाना क्षेत्र में जुआरी व सटोरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास तासपत्ती, सट्टापट्टी सहित नकदी रकम जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती पुलिस ने तुलसी नगर कुशालपुर में जुआ खेलते आरोपी विवेक राजपूत 25 वर्ष सहित अन्य 4 लोगों को गिरफ्तार किया है।

### निधन

### सुरेश कुमार तिवारी



**रायपुर।** सुरेश कुमार तिवारी ( से.नि. जीएसटी आयुक्त ) सुपुत्र स्व. विष्णु प्रसाद तिवारी भैसमुंडी वाले, का निधन हो गया है। आपके अग्रज दिनेश कुमार तिवारी (से.नि. जिला न्यायाधीश) एवं अनुज राजेश कुमार तिवारी (अधिवक्ता, महासमुंद) हैं। वे सुयश तिवारी, सौम्या तिवारी, हर्षा तिवारी के पिता है, उनका अंतिम संस्कार आज महादेव घाट में किया गया।

# दिसंबर-जनवरी में निकाय चुनाव की तैयारियां



**रायपुर 9 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ में दिसंबर या अगले साल जनवरी में होने वाले निकाय चुनावों को लेकर निर्वाचन आयोग ने तैयारियां शुरू कर दी है। आने वाले कुछ दिनों में ही चुनाव के तारीखों की घोषणा हो सकती है और तारीख घोषित होते ही आचार संहित भी लग जाएगी। इसे देखते हुए छत्तीसगढ़ राज्य निवार्चन आयुक्त अजय सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने कहा कि परिसीमन और आरक्षण की कार्रवाई समय सीमा में पूरी की जाए। चुनाव के लिए ये दोनों ही प्रक्रियाएं महत्वपूर्ण होती है। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय से काम करें। सही मतदाता सूची सबसे ज्यादा आवश्यक है। आयुक्त सिंह ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया के प्रत्येक चरण की नियमित समीक्षा की जाएगी। बैठक में प्रमुख रूप से सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव अन्बलगन पी., नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव बसइस वराजू एस. आयोग के सचिव डा. सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे, उप सचिव डा. नेहा कपूर एवं आलोक श्रीवास्तव उपस्थित थे बैठक में नगरपालिकाओं में स्थानों के आरक्षण में वर्तमान स्थिति के साथ नगरीय निकायों (नपानि राजनांदगांव, नपापरि कवर्धा, कुम्हारी, बेमेतरा, तखतपुर) में न्यायालय के स्थगन के कारण परिसीमन की जानकारी अप्राप्त है। इसके संबंध में चर्चा की गई। नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2024-25 के साथ ही भविष्य में होने वाले उप निर्वाचन के लिए अधिग्रहित किए जाने वाले वाहनों के किराये की दर, निर्वाचन में नियुक्त प्रेक्षकों के मानदेय, आम एवं उप निर्वाचन 2024-25 के लिए निर्वाचन संचालन हेतु नियोजित शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिये जाने वाले मानदेय दरों पर चर्चा हुई। साथ ही वाहन किराये पर के लिए वित्त विभाग की पूर्वानुमति से संबंधित भेजे गये प्रस्तावों पर चर्चा की गई।



रायपुर 9 अक्टूबर। विजयादशमी समीप है दशानन के पुतलों का निर्माण चल रहा है।

### साइकिल सवार को अज्ञात वाहन ने कुचला

**रायपुर, 9 अक्टूबर।** कचना के पास कल शाम एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने सायकल सवार एक मजदूर को कुचल दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन काफी तेज रफ्तार में था, घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया जाता, इसके पूर्व ही उसकी मौत हो गई। मृतक के साथी गाड़ी का नंबर नोट नहीं कर पाए। पुलिस ने हिट एंड रन का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि तुलसी निवासी नेतराम धीवर मजदूरी करता है। वह अपने साथी के साथ शाम को ड्यूटी से घर लौट रहा था। कचना मोड़ के पास पीछे से आ रही अज्ञात गाड़ी ने जोरदार टक्कर मारी। नेतराम साइकिल से फेंका गया। उसे गंभीर चोट आई थी। वह तड़पता रहा और मौके पर दम तोड़ दिया। उसके साथियों ने परिजनों को सूचना दिए। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया है।

## महादेव सट्टा एप मामले में चालान पेश

**रायपुर,9 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित महादेव ऑनलाइन सट्टा एप मामले में गिरफ्तार चार आरोपियों के विरुद्ध ईओडब्ल्यू ने आज रायपुर के विशेष न्यायालय में चालान पेश किया. आरोपी सहदेव सिंह यादव, भारत ज्योति उर्फ भास्कर, विश्वजीत राय चौधरी और अतुल सिंह के विरुद्ध 4 हजार पन्नों का चालान पेश हुआ है. बताया जा रहा कि आरोपियों का दुबई कनेक्शन था, जहां पैनलों से कमाए पैसे ट्रांसफर कर हवाला के माध्यम से पहुंचाया जाता था। दरअसल, ईओडब्ल्यू ने महादेव बुक ऑनलाइन सट्टा प्रकरण अपराध कमांक-06/2024 में कुल 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. सहदेव सिंह यादव, भारतज्योति उर्फ गुरू उर्फ भास्कर, विश्वजीत राय चौधरी एवं अतुल सिंह के विरूद्ध धारा 120बी, 420, 467, 468 471 एवं 201, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (यथासंशोधित भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 2018) की धारा 7 एवं 7, छ.ग. जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम, 2022 की धारा 4, 7, 8 एवं 11 एवं सार्वजनिक द्युत अधिनियम, 1867 (यथासंशोधित सार्वजनिक द्यूत (म.प्र. संशोधन) अधिनियम, 1976) की धारा 4क दर्ज है. आज चारों के खिलाफ विशेष न्यायालय रायपुर में पूरक अभियोग पत्र पेश किया गया है। ब्यूरो की टीम ने बिहार, उत्तरप्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़ राज्यों में संचालित महोदव बुक के कॉल सेंटर्स (ओटीपी सेंटर्स) में रेड कार्रवाई की थी. साथ ही अभियुक्त भारतज्योति, अतुल सिंह एवं विश्वजीत राय चौधरी को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से हजारों फर्जी सीम कार्ड, सैंकड़ों मोबाइल, लैपटॉप जब्त किए थे. इन मोबाइल नंबरों के व्हाट्सएप हेड ऑफिस दुबई से संचालित होते थे. आरोपियों द्वारा महादेव बुक के एकाउंट ग्रुप के लिए फर्जी कार्पोरेट बैंक एकाउंट की व्यवस्था भी की जाती थी, जिनमें पैनलों से कमाए पैसे ट्रांसफर कर हवाला के माध्यम से दुबई तक पहुंचाया जाता था. विवेचना के बाद आरोपियों के विरूद्ध आज चालान पेश किया गया।

## मंदिर की जमीन को कूटरचना कर भू-माफिया को बेचने की जांच होगी

**रायपुर 9 अक्टूबर।** राजस्व मंत्री श्री टंक राम वर्मा ने राजधानी रायपुर की चंगोराभांठा स्थित मंदिर को दान में दी गई भूमि को कूटरचना कर भू-माफिया को बेचने के मामले में एक सप्ताह के भीतर जांच कर कलेक्टर रायपुर को प्रविवेदन प्रस्तुत करने तथा नियमानुसार दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। राजस्व मंत्री के समक्ष डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड क्र. 68 के चंगोराभांठा महादेव तालाब पर स्थित सीरवेश्वर नाथ महादेव मंदिर व उसकी 4.40 एकड़ जमीन भूमाफिया को नियम विरूद्ध बेचने और अवैध प्लाटिंग से संबंधित प्रकरण पर आवश्यक कार्रवाई के लिए क्षेत्र के निवासियों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है। यह भूमि पटवारी हल्का नं. 105 खसरा नं. 84 तहसील जिला-रायपुर में स्थित है। यह भूमि रिंगरोड पर श्याम पेट्रोल पंप के पीछे व अभिनंदन पैलेस के बाजू की है।

गौरतलब है कि महादेव तालाब के किनारे जमींदार गोविंदधर ने महादेव तालाब के किनारे 11 एकड़ जमीन (पांच एकड़ कृषि के लिए, साढे चार एकड़ तालाब के लिए तथा डेढ एकड़ तालाब के चारों ओर आने जाने का मार्ग) ग्राम समाज को मंदिर के लिए दान में दी गई थी। भू-स्वामी गोविंदधर की वर्ष 1976 में मौत के बाद मंदिर के सेवक जयलालपुरी वल्द नरोत्तम पुरी ने कूटरचना कर स्वयं को मंदिर तथा मंदिर से लगी जमीन का सर्वराकार बना लिया।

जयलाल पुरी ने यह जमीन अवैध रूप से 1989 में भूमाफिया संजय अग्रवाल को बेच दी जबकि ट्रस्ट के प्रबंधक तत्कालीन कलेक्टर थे। कूटरचना कर यह बताने का प्रयास किया गया कि, वास्तविक भूस्वामी गोविंदधर निहंग साधु था तथा उसके कोई संतान नहीं हैं। जबकि रायपुर ब्राह्मणपारा निवासी गोविंदधर के पुत्र बलरामधर तथा उनके पुत्र प्रणव कुमार दीवान उनके वारिस हैं। भूमि को भू-माफिया को बेचने की जानकारी होने पर ग्रामीणों ने न्यायालय में वाद दायर किया था। स्थानीय न्यायालय, सेशन न्यायालय तथा उच्च न्यायालय जबलपुर से केस जीतने के बाद भी मंदिर की भूमि भू-माफिया के कब्जे में है।

उक्त भूमि पर भू-माफिया अवैध रूप से प्लाटिंग कर बेचने की शिकायत 07 जून 2022 को कलेक्टर रायपुर व नगर निगम आयुक्त से की गई थी। क्षेत्र के निवासियों ने जनहित में उक्त भूमि की अवैध प्लाटिंग पर रोक, रजिस्ट्री पर रोक तथा कूटरचना कर नामांतरण करवाने वालों पर अपराध दर्ज करने एवं 4.40 एकड़ भूमि व तालाब पर आने-जाने के बंधक रास्ते को मुक्त करवाने के आवेदन पर नगर निगम ने उक्त अवैध प्लाटिंग पर 16 जून 2022 को बुलडोजर चलाया था।

### जनजातियों के गौरवशाली अतीत पर रविशंकर विश्वविद्यालय में हुई कार्यशाला

**रायपुर, 9 अक्टूबर।** जनजातियों के गौरवशाली इतिहास, सामाजिक और आध्यात्मिक योगदान को अधिक से अधिक लोगों तक पंहुचाने और जनजातीय महानायकों के बलिदान को आमजनों को बताने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के सभाग्रह में संपन्न हुई। इस कार्यशाला में पूर्व आईएएस अधिकारी और वर्तमान केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने जनजातियों के ज्ञान और परंपराओं को दूसरे समाजों के लिए भी अनुकरणीय बताया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि, जनतीय समाज में सहभागिता, प्रकृति प्रेम के साथ आत्म स्वाभिमान से जीने की कला को दूसरे समाज के लोंगो को भी सीखना चाहिए।

टेकाम ने इस दौरान जनजातीय समाज को भारत के संविधान को मिली सहूलियतों और संरक्षण के साथ विकास के लिए किए गए प्रावधानों को भी लोंगो को बताया। इस दौरान वीरांगना रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती भी मनाई गई और रानी दुर्गावती के अपने गोंडवाना प्रदेश की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए बलिदान हो जाने के वृत्तांत पर भी प्रकाश डाला गया है। कार्यशाला में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के दो सौ से अधिक छात्र-छात्राओं एवं नागरिक शामिल हुए। कार्यशाला में जनजातीय समाज के महानायकों के बलिदान को भी इंगित किया गया। वक्ता वैभव सुरंगे ने भारत में जनजातीय समाज और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर विस्तृत जानकारी दी। भारत के प्रथम शहीद तिलका मांझी, वीर नारायण सिंह,गेंदसिंह, गुण्डाधुर आदि से लेकर विभिन्न क्षेत्रों के जनजातीय समाजों द्वारा ब्रिटिश शासन के विरूद्ध हुए संघर्ष को विस्तार से बताया है। कार्यशाला में पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सच्चिदानंद शुक्ला ने जनजातीय समाज की परंपराओं, उनके रीतिरिवाजों और संस्कृति पर अपने नजरिए से रिसर्च किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने जनजातीय समाज पर होने वाले शोधों से आधुनिक विकास के क्रम का ज्ञान होने की भी बात कही। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जनजातीय अस्मिता और गौरवशाली अतीत को वैश्विक पहचान देने के लिए 15 नवंबर को भगवान बिरसामुंडा की 150वीं जयंती पर सभी जिलों में जनजातीय गौरव दिवस मनाने की घोषणा की है।

## डिग्री गर्ल्स में नारायणी नमोस्तुते कार्यक्रम आयोजित



**रायपुर 9 अक्टूबर।** दूधाधारी बजरंग स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय रायपुर में महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्राओं का संगठन एवं इतिहास विभाग द्वारानारायणी नमोस्तुते एकदिवसीय कार्यक्रम पर गुजरात की प्रतीक- गरबा का आयोजन विभिन्न छात्राओं के द्वारा हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया द्य कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां दुर्गा की विधिपूर्वक पूजन अर्चन सह दीप प्रज्वलन किया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य महोदय ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन के दौरान नव दुर्गा को शक्ति स्वरूपा संचार का माध्यम बताया ।कार्यक्रम को गति प्रदान करते हुए स्वागत भाषण के अंतर्गत कार्यक्रम की संयोजक डा. शम्पा चौबे ने दुर्गा पूजा का ऐतहासिक महत्व एवं कार्यक्रम के उद्देश्य को माता के नव दुर्गा रूप पर प्रकाश डाला। हिंदी- विभाग की विभागाध्यक्ष डा सविता मिश्रा ने नवरात्रि में रात्रि का विशेष महत्व होता है कहा । रात्रि में आध्यात्मिक शक्ति जागृत हो जाती है, मनुष्य के शरीर के नौ द्वार में आदिशक्ति संचारित होती है। डा. सत्येंदु शर्मा ने नवदुर्गा के अलग-अलग रूपों की चर्चा की । डा मधुलिका अग्रवाल ने नवरात्रि के आर्थिक पक्ष को प्रकाशित किया। डा सरिता दुबे ने छत्तीसगढ़ में नवरात्रि में महामाया के रूप के प्रभाव और दर्शन सिद्धि पर प्रकाश डाला। डा वासु वर्मा एवम अनुभा झा ने अल्पना, रंगोली सजावट और सौंदर्य का जीवन में महत्व पर सारगर्भित व्याख्यान दिया, कार्यक्रम का संचालन डा कल्पना मिश्रा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर डा प्रीति शर्मा, डा मनीषा महापात्र, डा रश्मि मिंज, डा नंदा गुरूवारा डॉ महेंद्र सार्वा श्री नितिन पांडे एवम समस्त प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, कर्मचारीगण तथा शोधार्थी एवम छात्राएं उपस्थित थीं।

### हिरोई चिट्टा के साथ दो युवक पकड़ाए


**रायपुर, 9 अक्टूबर ।** आमानाका पुलिस ने टाटीबंध स्थित छत्तीसगढ़ लॉज के कमरा नंबर 206 में दबिश देकर हेरोई चिट्टा के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर पुलिस के टीम ने टाटीबंध स्थित छत्तीसगढ़ लॉज के कमरा नंबर 206 में दबिश देकर आरोपीी हरप्रित सिंह 25 वर्ष और आकाश दीप सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से 3.85 ग्राम हेरोई चिट्टा व एक तोल मशीन जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 11500 रुपए के आसपास बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के पास से नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## विप्र ट्रॉफी इंटर कॉलेज बास्केटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में पैलोटी और दुर्गा कॉलेज



**रायपुर 9 अक्टूबर।** उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय द्वारा विप्र ट्रॉफी इंटर कॉलेज बास्केटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला सेंट विंसेंट पैलोटी कॉलेज और दुर्गा महाविद्यालय के बीच खेला जाएगा।प्रतियोगिता के उदघाटन मैच में विप्र कॉलेज ने महाराजा अग्रसेन कॉलेज को 18द्ध5 से पराजित किया। इसके बाद पहले क्वार्टर फाइनल में पैलोटी कॉलेज ने शासकीय महाविद्यालय कुरूद को एक तरफा मुकाबले में 41-2 से पराजित किया। दूसरे क्वार्टर फाइनल में यूटीडी ने मेजबान विप्र कॉलेज को 14-8 से पराजित कर एक बड़ा उलटफेर किया। 9 अक्टूबर को पैलोटी और दुर्गा महाविद्यालय के बीच फाइनल मुकाबले के बाद पुरस्कार वितरण समारोह वरिष्ठ एम आई सी सदस्य ज्ञानेश शर्मा के मुख्य आतिथ्य में विजेता टीम को विप्र ट्रॉफी प्रदान किया जाएगा।इस अवसर पर डॉ विपिनचन्द्र शर्मा विशिष्ट रूप से उपस्थित रहेंगे।यह जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने बताया कि इंटर कॉलेज बास्केटबॉल प्रतियोगिता के माध्यम से रायपुर सेक्टर टीम का गठन भी किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में 9 कॉलेज ने हिस्सा लिया हैं। इसके पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह विजय शर्मा ,प्यारेलाल साहू के गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता आयोजन सचिव राजेश तिवारी ,डॉ. कैलाश शर्मा एवं ज्ञानेंद्र भाई के मार्गदर्शन में किया जा रहा है ।इस अवसर पर समस्त प्राध्यापक सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## चंद्रहासिनी मन्दिर में पशुबलि पूर्णत: बंद हो: दिनेश मिश्र



**रायपुर 9 अक्टूबर।** अंध श्रद्धा निर्मुलन समिति के अध्यक्ष डॉ दिनेश मिश्र ने जांजगीर-चांपा के नजदीक चंद्रपुर स्थित चंद्रहासिनी मंदिर में पशुबलि को बंद करने की मांग की है था इस हेतु चंद्रहासिनी मन्दिर ट्रस्ट , प्रशासन को पत्र लिखा है .डॉ.दिनेश मिश ने बताया राज्य सरकार के धर्मस्व एवं न्यास विभाग के आदेश के बावजूद पशुओं की बलि चढ़ाये जाने की परंपरा कुछ स्थानों में .जारी है, जबकि राज्य में पशुबलि निषेध अधिनियम लागू है तथा राज्य शासन के धर्मस्व एवं न्यास विभाग द्वारा पशुबलि पर रोक के लिए लिखित में आदेश भी जारी किया जा चुका है इसके बाद भी उक्त स्थान पर पशुबलि की परंपरा का जारी रहना उचित नहीं है। देश के अनेक धार्मिक स्थलों में आज भी विभिन्न धार्मिक अवसरों पर पशुओं के बलि देने की परंपरा कायम है जबकि किसी भी धर्म ने हिंसा को मान्यता नहीं दी है। सभी धर्म प्रेम और अहिंसा पर चलने की ही सीख देते हैं फिर भी कुछ पुरातन मान्यताओं का सहारा लेकर पशुबलि की घटनाओं के समाचार मिलते हैं।

डॉ. दिनेश मिश्र ने बताया कि नगर पंचायत चंद्रपुर में स्थित मंदिर परिसर में दोनों पक्ष की नवरात्रि में बकरे, मुर्गी आदि पशुओं की बलि चढ़ती है। जिससे माहौल अशांत होता है। उक्त बलि प्रथा का विरोध गायत्री परिवार के सदस्यों के अलावा नगर पंचायत चंद्रपुर द्वारा भी पूर्व में किया जा चुका है। अंध श्रद्धा निर्मूलन समिति बलि प्रथा के खिलाफ अनेक वर्षो से कार्य कर रही है। वहीं राज्य सरकार के धर्मस्व एवं न्यास विभाग से पशुबलि रोकने कई बार आग्रह भी किया गया है. जिसे गंभीरता से लेते हुए राज्य सरकार के धर्मस्व विभाग द्वारा सितम्बर 2010 में प्रदेश के सभी देवी मंदिरों में बलि प्रथा पर रोक लगाने का आदेश जारी किया गया था तथा राज्य सरकार ने चंद्रहासिनी मंदिर चंद्रपुर में पशु बलि पर प्रतिबंध लगाया था, जो कि प्रभावी नहीं रहा है। बताया जाता है कि मंदिर प्रबंधन श्रद्धालुओं से बकरे की बलि चढ़ाने के एवज में सहयोग राशि लेकर रसीद भी देता है। जबकि मां चंद्रहासिनी मंदिर में बलि प्रथा पर रोक लगाने के लिए गायत्री परिवार पिछले एक दशक से विरोध कर रहा है। बलि प्रथा पर प्रतिबंध लगाने के लिए गायत्री परिवार ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में याचिका भी दायर की है।

डॉ. मिश्र ने बताया कि नगर पंचायत चंद्रपुर द्वारा भी सन् 2010 में मां चंद्रहासिनी मंदिर में बलि प्रथा बंद किए जाने को लेकर प्रस्ताव पारित किया गया था। जिस प्रस्ताव पर चंद्रहासिनी देवी ट्रस्ट के पदाधिकारियों के अलावा नगर पंचायत के सभी सदस्यों की सहमति थी। प्रस्ताव पारित होने के बाद उसकी प्रति प्रशासन को देकर बलि प्रथा पर रोक लगाने का आग्रह भी किया था। पर उस पर भी क्रियान्वयन नहीं हो पाया था। डॉ. मिश्र ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पशुबलि प्रतिषेध अधिनियम 1989 के तहत पशु बलि प्रतिबंधित है और इसके उल्लंघन पर तीन महीने की जेल या जुर्माने का प्रावधान है. राज्य के कई धार्मिक स्थलों पर भैंसा और बकरे की बलि देने की परंपरा रही है. समिति के प्रयासों से पिछले वर्षों में अनेक स्थानों पर पशुबलि की परंपरा बंद हो गई है। सभी धर्मों एवं धार्मिक स्थानों में ऐसे निर्णय लिए जाने चाहिए ताकि धर्म के नाम पर निरीह पशुओं को मारने पर अंकुश लग सके।



रायपुर 9 अक्टूबर। राजधानी से 15 किलोमीटर दूर ग्राम छपोरा (विधानसभा से मांढर रोड)में मां दुर्गा की नयनाभिराम प्रतिमा स्थापित की गई है। यह तस्वीर पं. मनीष दुबे ने भेजी है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र,